जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Mongoose Is Mangus In Marathi...

Since English speakers are accustomed to the plural of 'goose' being 'geese,' it might feel strange to say 'mongooses' when referring to more than one mongoose. 'Mongooses' is indeed the correct plural form, but some dictionaries also recognize 'mongeese' as an alternative

Why The Young Have Heart Attacks

# चीन, रुस नॉर्थ कोरिया व ईरान, एस.सी.ओ. के नये ''कोर ग्रुप'' के रुप में उभरा

## भारत, इस नई व्यवस्था का महत्वपूर्ण सदस्य तो है, पर ''कोर ग्रुप'' से अलग सा भी है

- साहौर्द्र व मैत्री के सार्वजनिक इज़हार के बावजूद चीन व भारत के बीच कई भारी मतभेद भी हैं, जिनकी अनदेखी सदा के लिये नहीं की जा सकती।
- अतः अमेरिका व पश्चिमी देशों के समूह व चीन के नेतृत्व वाले एस.सी.ओ. संगठन के बीच भारत अकेला सा खड़ा है।
- कुछ ऐसी ही स्थिति रुस की है। जो, शीत युद्ध के ज़माने के ''सुपर पावर'' के गरिमापूर्ण पद से अब केवल चीन की ओर देखने वाला राष्ट्र हो गया है। जो चीन की ओर, धन, हथियार व स्पेयर पार्ट्स के लिये देखता है। रुस, ईरान का भी आभारी है, क्योंकि ईरान द्वारा भेजे गए आधुनिक ''ड्रोन्स'' की उसे बहुत आवश्यकता है, यूक्रेन के ''फायर पावर'' का मुकाबला करने के लिये। नॉर्थ कोरिया भी ''कोर ग्रुप'' का महत्वपूर्ण सदस्य इसलिए है, क्योंकि, उसने रुस की तरफ से लड़ने के लिये कोरिया से अपने सैनिक भेजे हैं।
- एक अजीबोगरीब बात यह भी है कि अमेरिका का प्रयास था, कि वह रुस को अलग-थलग कर देगा देशों की अन्तर्राष्ट्रीय पंचायत से। पर, उल्टा हो गया। अमेरिका, अलग-थलग पड़ गया है, और यूरोप व पश्चिमी देशों के बाड़े में कैद हो गया है, तथा रुस, कमज़ोर ही सही ''अन्य देशों'' की मंडली में आराम से बैठा है।

**-अंजन रॉय-**
**-अमेरिका में राष्ट्रदूत के प्रतिनिधि-**

वॉशिंगटन, 2 सितम्बर। शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) कभी ऐसा संगठन माना जाता था, जिसकी सालाना बैठकें होती तो थीं, लेकिन उनका कोई खास महत्व नहीं होता था। तथापि, इस बार चीन के बंदरगाह शहर तियानजिन में हो रही बैठक पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है और यह ऐलान कर रही है कि एक नया वैश्विक ढांचा बन रहा है, और जो मिलकर एक ऐसी ताकत बनने जा रहा है जिसे नज़रअंदाज़ करना मुश्किल होगा। यह वैकल्पिक व्यवस्था, जो अब तक अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबदबे में थी, अब पूरी तरह चीन के इर्द-गिर्द घूम रही है। इससे साफ हो गया है कि चीन अब अमेरिका का असली मुकाबला करने वाली ताकत बन चुका है और यूरोप हाशिये पर चला गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, जो बीजिंग में एस.सी.ओ. बैठक में भाग ले रहे हैं, के लिए यह स्थिति बेहद दुखद है। वह एक तरह से चीन के अधीनस्थ दिखाई दे रहे हैं। रूस अब चीन पर निर्भर रहने वाला देश बनता जा रहा है।

राष्ट्रपति पुतिन ने जो सपना देखा था, रूस की ''शाही ताकत'' को फिर से पाने और अमेरिका को टक्कर देने वाली एकमात्र महाशक्ति बनने का, वह बिल्कुल उल्टा साबित हुआ है। अब रूस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अदालत के आदेश के बाद भी कर्मचारी के बकाया का भुगतान क्यों नहीं हुआ'

जयपुर, 2 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बकाया भुगतान नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि 11 सितंबर को याचिकाकर्ता को बकाया भुगतान करने का दस्तावेजी साक्ष्य अदालत में पेश किया जाए। ऐसा

- हाई कोर्ट ने कहा 11 सितम्बर तक भुगतान करें या अतिरिक्त मुख्य सचिव व्यक्तिगत रूप से हाजिर हों।

नहीं करने पर अदालत ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और निदेशक को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश गुलाब सिंह की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता कपिल प्रकाश माथुर ने अदालत ने को बताया कि अदालती आदेश की पालना में वित्त विभाग से स्वीकृति लेकर याचिकाकर्ता को 1 अप्रैल, 1997 से सेवा में नियमितिकरण का लाभ दिया गया है। वहीं याचिकाकर्ता ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियमित नियुक्ति ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चन्द्रबाबू नायडू के राजनीतिक जीवन के तीस साल पूरे होने पर जश्न का माहौल क्यों नहीं है एन.डी.ए. में?

## भाजपा चौकन्नी है, क्योंकि एक तरफ तो बिहार चुनाव का ''टैंशन'' है, दूसरी ओर उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के मौके पर दरारें उभर रही हैं, एन.डी.ए. में

- नायडू के करीबी सलाहकार सरकार द्वारा संसद में अपराधिक गतिविधियों में लिप्त सांसदों, मंत्रियों की सदस्यता खत्म करने के सम्बंध में पेश विधेयक को भी संशय कि दृष्टि से देख रहे हैं, और प्रचारित कर रहे हैं की इस विधेयक को लाने का मुख्य ध्येय, चन्द्रबाबू नायडू के पर कतरना है।
- सांसदों में इस विधेयक को लेकर फैली बेचैनी के दौरान नायडू की भूमिका काफी ''निर्णायक'' हो जाती है और नायडू की, राष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर उच्चतम पद की आशाएं जगाना कोई, असंभव बात नहीं है। अगर इस गफलत में नये राजनीतिक समीकरण बनते हैं तो चन्द्रबाबू नये ''कॉम्प्रोमाइज़'' उम्मीदवार बन सकते हैं, उच्चतम पद के लिये।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सत्ता में अपने 30 साल पूरे कर लिए हैं। यह एक ऐसा राजनीतिक मुकाम जिसने नई दिल्ली के सत्ता गलियारों में बेचैनी पैदा कर दी है। जहां टीडीपी इस अवसर पर जश्न मना रही है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी में इसे राजनीतिक संकेतों के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर ऐसे समय में, जब मोदी सरकार आंतरिक असहमति और बाहरी चुनौतियों से जूझ रही है।

टीडीपी के जश्न की राजनीतिक टाइमिंग बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। केन्द्र सरकार जहां एक ओर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की कठिन चुनौती का सामना कर रही है, वहीं दूसरी ओर, उपराष्ट्रपति चुनाव भी अप्रत्याशित रूप से पेचीदा हो गया है। ऐसे माहौल में, नायडू की आक्रामक राजनीतिक मुद्रा ने उनके अगले कदम को लेकर अटकलें तेज कर दी हैं।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि वर्तमान उथल-पुथल की जड़ 130वां संविधान संशोधन विधेयक है, जिसे लोकप्रिय रूप से ''क्रेडिबिलिटी बिल'' बताया जा रहा है। टीडीपी सूत्रों के अनुसार, नायडू इस विधेयक से खुश नहीं हैं, और यह असंतोष पार्टी के सांसदों तक भी पहुंच चुका है। आंध्र प्रदेश के बहुत से लोग इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नायडू पर दबाव बनाने का साधन मान रहे हैं, ताकि उनकी स्वतंत्र राजनीतिक सोच को नियंत्रित किया जा सके।

नायडू के करीबी रणनीतिकारों ने संकेत दिए हैं कि टीडीपी प्रमुख वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता को एक दुर्लभ अवसर के रूप में देख रहे हैं। भाजपा के भीतर असंतोष और एनडीए में उभरी दरारें उभरने के बीच, गठबंधन समीकरणों में फेरबदल की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

टीडीपी के एक नजदीकी सूत्र ने नायडू की लम्बे समय से पोषित राष्ट्रीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके से हमें हराने के लिए भाजपा की मदद की'

## आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने प्रैस कान्फ्रैंस में कांग्रेस पर खुला आरोप लगाया

- उन्होंन कहा कांग्रेस ने आप को हराने के लिए आप के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अपने दिग्गज नेता खड़े किए जैसे केजरीवाल के सामने संदीप दीक्षित, मनीष सिसोदिया के खिलाफ फरहाद सूरी, आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को मैदान में उतारा गया।
- आप ने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के इंटरव्यू के आधार पर यह सनसनीखेज आरोप लगाया और उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया।

**- जाल खंबाता -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। दिल्ली में भाजपा लम्बे समय से आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रतिद्वन्द्वी रही है। लेकिन आप ने राष्ट्रीय राजधानी में पिछले लगभग एक दशक से चुनावी रूप से हाशिये पर रही कांग्रेस को अपने निशाने पर ले लिया। इस राजनीतिक टकराव की जड़ दिल्ली नहीं, बल्कि पंजाब है, जो देश का ऐसा एकमात्र राज्य है, जहां फिलहाल आप की सरकार है।

आप ने कांग्रेस पर तीखा हमला दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के एक इंटरव्यू के बाद किया, जिसे आप के सोशल मीडिया हैंडल पर भी साझा किया गया। वीडियो में यादव यह कहते हुए सुने गए कि पार्टी ने आप को हराने के लिए दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से इसका फायदा भाजपा को हुआ। यादव ने पार्टी की रणनीति का खुलासा करते हुए कहा, ''अगर आप को हराना है, तो मनीष सिसोदिया, और अरविंद केजरीवाल को हराना जरूरी है। इसमें हम कुछ हद तक सफल रहे हैं।'' जब उनसे पूछा गया कि अगर इसके चलते भाजपा को फायदा हुआ तो क्या वह स्वीकार्य होगा तो यादव ने जवाब दिया, ''सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक में यह बात खड़गे जी और राहुल गांधी जी से हुई चर्चा में आई थी और हमने तय किया था कि हमें पूरी ताकत से लड़ना चाहिए।''

इन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए, आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इसे एक ''बड़ा रहस्योद्घाटन'' बताया तथा उन्होंने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आठ साल से भू-अभिलेख निरीक्षण पदोन्नति परीक्षा क्यों नहीं हुई?

जयपुर, 2 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के आठ साल बाद भी पटवारी के पद से भू-अभिलेख निरीक्षक पद पर प्रमोशन के लिए होने वाली विभागीय परीक्षा नहीं

- हाई कोर्ट ने रैवेन्यू बोर्ड के रजिस्ट्रार को 8 सितंबर को शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिये।

होने पर रैवेन्यु बोर्ड के रजिस्ट्रार से शपथ पत्र पेश करने को कहा है। अदालत ने 8 सितंबर तक को शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि बोर्ड ने साल 2017 के आदेश और 7 मार्च 2019 को विज्ञापन जारी होने पर भी विभागीय पदोन्नति के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित क्यों नहीं करवाई। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश विवेक शर्मा की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता विजय दत्त शर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट ने 26 जुलाई 2017 को सतीश सिंह बनाम ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली हाई कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील की जमानत याचिका खारिज की

## ये दोनों 2020 के दिल्ली दंगों की साज़िश रचने के मुख्य आरोपी हैं

- दिल्ली पुलिस के वकील तुषार मेहता ने इस मामले में कहा कि उन्होंने साज़िश रचकर दंगा भड़काया था, देश की छवि खराब करने के लिए। बेहतर होगा कि बरी होने तक वे जेल में ही रहें।
- जवाहर लाल नेहरू युनिवर्सिटी के छात्र नेता उमर खालिद का जमानत पाने का यह छठा असफल प्रयास था।

**- डॉ. सतीश मिश्रा -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को 2020 के दंगों की कथित साजिश से जुड़े मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की ज़मानत याचिकाएं एक बार फिर खारिज कर दीं।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने इस मामले से जुड़ी सभी अपीलों को खारिज करते हुए अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई पूरी कर ली थी।

जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद के लिए यह छठी बार था जब उन्हें जमानत नहीं मिल सकी। इससे पहले वे तीन बार सत्र न्यायालय, दो बार दिल्ली हाई कोर्ट से उनकी याचिका खारिज हो चुकी है, और एक बार सुप्रीम कोर्ट से उन्हें याचिका वापस लेनी पड़ी थी।

इस मामले में अन्य आरोपियों में अथर खान, खालिद सैफी, मोहम्मद सलीम खान, शिफा-उर-रहमान, मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा और शादाब अहमद शामिल हैं।।

उमर खालिद ने गत माह अपना 38वां जन्मदिन पिछले महीने तिहाड़ जेल में मनाया, जहां वे पिछले पांच वर्षों से बंद हैं।

जुलाई 2025 में हाई कोर्ट ने उमर और अन्य आरोपियों की वर्ष 2022, 2023 और 2024 में दायर ज़मानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जो अब खारिज कर दिया गया है।

दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में कहा था, अगर आप देश के खिलाफ कुछ कर रहे हैं, तो जब तक आप बरी नहीं होते या दोषी नहीं ठहराए जाते, तब तक आपको जेल में रहना चाहिए। राजधानी में दंगे हुए, जिनमें 100 पुलिसकर्मी और 41 अन्य घायल हुए और एक पुलिसकर्मी की जान गई।

अभियोजन पक्ष ने ज़मानत का विरोध करते हुए कहा कि यह दंगे स्वतःस्फूर्त नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित साजिश का नतीजा थे, जिनका उद्देश्य समाज में विघटन और अराजकता फैलाना था।

उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। उन पर फरवरी 2020 में हुए दिल्ली दंगों के मास्टरमाइंड होने का आरोप है। इन दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे।

# अफगानिस्तान में 24 घंटे में ही दूसरा भूकंप

काबुल, 02 सितंबर। अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था।

भूकंप से मरने वालों की संख्या

- भूकंप से अब तक 1411की मौत हो गई हैं और 3250 लोग घायल हो गए हैं। दूसरे भूकंप की तीव्रता 5.5 थी।

अब तक 1411 हो गई है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। रविवार को जिस वक्त भूकंप आया, तब ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी हैं। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही, 15 टन खाने का सामान, काबुल से कुनार भेजा।

भारत की ओर से अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावितों की सहायता के लिए भेजी गयी सहायता सामग्री मंगलवार को काबुल पहुंच गयी।

हवाई मार्ग से भेजी गयी सहायता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डॉ. दीपक मित्तल यूएई में भारत के राजदूत नियुक्त

नयी दिल्ली, 02 सितम्बर। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डा.मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही

- 1998 बैच के अफसर डॉ. मित्तल इससे पहले कतर में भारत के राजदूत थे।

कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद उन्होंने भारत और तालिबान शासन के बीच औपचारिक संपर्क शुरू कराने में अहम भूमिका निभायी थी।

भारत और संयुक्त अरब अमीरात

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मेरे पास तमिलनाडु व केरल का ''चार्ट'' है, जब राज्यपाल ने कब -कब कितना विलम्ब किया, विधेयक को स्वीकार करने में'

## अभिशेख मनु सिंघवी, के इन दावों के प्रत्युत्तर में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मेरे पास भी अन्य राज्यों का चार्ट है, जहां कब-कब राज्यपाल ने कितनी देरी लगाई अपने सहमति देने में

- मुख्य न्यायाधीश ने इस पर कहा, सुप्रीम कोर्ट राजनीतिक मंच न बनाये, अपने राजनीतिक सोच को प्रकट करने के लिये।
- सुप्रीम कोर्ट में, राज्यपाल व राष्ट्रपति द्वारा किसी विधेयक के बारे में अपना निर्णय देने के लिये समय निर्धारण का मामला था।
- सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि, किस राज्यपाल ने कितना विलम्ब किया, अपना निर्णय देने में, ऐसे चार्ट प्रस्तुत करना कोई सम्मानजनक बात नहीं है, यह मामला आखिरकार, राष्ट्रपति मुर्मू ने कानूनी स्थिति की व्याख्या करने के लिये सुप्रीम के सम्मुख भेजा है। पर अगर वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी इस रास्ते पर चलना चाहते हैं, तो भी तैयार हूँ।
- सिंघवी ने प्रत्युत्तर में कहा, ''मिस्टर मेहता धमकी नहीं चलेगी।''

**- जाल खंबाता -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 2 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि राज्यपाल की शक्तियों के मामले में उसका निर्णय इस पर निर्भर नहीं करेगा कि केंद्र या राज्य में कौन सी राजनीतिक पार्टी सत्ता में है।

अदालत राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए उस संदर्भ पर सुनवाई कर रही थी जिसमें अप्रैल के फैसले पर सवाल उठाया गया है। इस फैसले में राष्ट्रपति और राज्यपाल को विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समय-सीमा तय की गई थी।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और अतुल एस चंदुरकर शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत यह संदर्भ सुप्रीम कोर्ट को भेजा है।

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बी आर गवइ ने कहा, हम इस मुद्दे पर निर्णय राजनीतिक परिस्थितियों या सत्ता में कौन है, या कौन था इस आधार पर नहीं करेंगे।

यह टिप्पणी उस समय आई जब वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी (तमिलनाडु राज्य की ओर से) और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता (केंद्र सरकार की ओर से) राज्यपालों द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने में देरी के मामलों पर आंकड़ों को लेकर बहस कर रहे थे।

सिंघवी ने कहा, मेरे पास तमिलनाडु और केरल के आंकड़े हैं, इस पर मेहता ने विरोध किया और कहा कि उनके पास अन्य राज्यों के आंकड़े भी हैं। उन्होंने कहा, अगर वह गंदे रास्ते पर जाना चाहते हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं, मैं भी तैयार हूं, लेकिन यह आवश्यक नहीं है। यह एक राष्ट्रपतीय संदर्भ है।

जवाब में सिंघवी ने कहा, धमकियों से कुछ नहीं होगा। सिंघवी ने यह भी कहा कि हो सकता है कि मेहता के पास अन्य राज्यों के भी ऐसे ही मामलों की सूची हो, जहां राज्यपालों ने मंजूरी में देरी की हो। इस पर मेहता ने जवाब दिया कि उनके पास 1947 से लेकर विवरण है कि संविधान के साथ कैसे खिलवाड़ हुआ। इस पर गवई ने स्पष्ट किया,1947 में अनुच्छेद 200 और 201 अस्तित्व में नहीं थे। मेहता ने कहा कि उनका मतलब संविधान के अस्तित्व में आने के समय से था।

गवई ने यह भी कहा, हम नहीं चाहते कि यह मंच राजनीतिक बहस का अड्डा बने।

यह राष्ट्रपतीय संदर्भ सुप्रीम कोर्ट के 11 अप्रैल के फैसले के बाद आया है, जिसमें तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल केस में फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा था कि राज्यपालों को विधेयकों पर उचित समय के भीतर निर्णय लेना होगा और संवैधानिक मौन का उपयोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने के लिए नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा था कि यद्यिप अनुच्छेद 200 किसी समय-सीमा का उल्लेख नहीं करता, फिर भी इसका यह अर्थ नहीं निकाला जा सकता कि राज्यपाल अनिश्चित काल तक निर्णय लेने से बचते रहें।

## विचार बिन्दु

**आत्मा एक चेतन तत्त्व है, जो अपने रहने के लिए उपयुक्त शक्ति का आश्रय लेता है और एक शरीर से दूसरे शरीर में जाता है। भौतिक शरीर इस आत्मा को धारण करने के लिए विवश होता है। –गेटे**

# धर्मांतरण का आपराधिक कानून और व्यक्तिगत स्वतंत्रता

राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025 को 3 फरवरी, 2025 को राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पेश किया गया था। अब घोषणा की गई है कि उसे पारित करने से पहले राज्य मंत्रिमंडल ने उसे और अधिक कठोर बनाया है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में जबरन धर्म परिवर्तन को रोकना बताया गया है। विधेयक में अवैध धर्म परिवर्तन को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अपराधियों को इस जुर्म के लिए उम्र क़ैद और 50,000 रुपये का जुर्माने का प्रस्ताव किया गया है। विधेयक का परिचय जबरन धर्मांतरण के उन बढ़ते मामलों को रोकने की व्यवस्था के रूप में दिया गया है, जिसे इन दिनों 'लव जिहाद' कहा जाता है। इस शब्द का इस्तेमाल भाजपा और उसके सहयोगी उन मामलों का वर्णन करने के लिए करते हैं जहां मुस्लिम पुरुष कथित तौर पर हिंदू महिलाओं से विवाह उनका धर्म परिवर्तन करने के लिए करते हैं। सरकार का तर्क है कि यह विधेयक कमज़ोर व्यक्तियों को धर्मांतरण से बचाएगा। राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा नये कठोर विधेयक को मंज़ूरी देना शासनरूढ़ दल के अति उत्साह को दर्शाता है। हालांकि, ऐसे विधेयक का विरोध करने वालों का तर्क है कि यह सामाजिक विभाजन पैदा करने के व्यापक एजेंडे का हिस्सा है किन्तु सरकार का तर्क है कि यह कानून राज्य में सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने में मदद करेगा। इसका उद्देश्य धर्मांतरण से जुड़ी जटिलताओं से निबटना है।

राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून लाने का पहला प्रयास 2006 में किया था, जब भाजपा नेता वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार सत्ता में आई थीं। राजस्थान धर्म स्वतंत्रता विधेयक, 2006 का उद्देश्य बल, प्रलोभन या धोखाधड़ी के माध्यम से धर्मांतरण को रोकना था। कांग्रेस, मानवाधिकार संगठनों और अल्पसंख्यक समूहों ने यह कह कर उसका विरोध किया था कि यह कानून हिंदू समूहों को खुश करने के लिए धार्मिक अल्पसंख्यकों को परेशान करने के लिए लाया जा रहा है। तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने वह विधेयक वापस कर दिया था। फिर 2008 में, संबंधित जिला कलेक्टर की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य करने सहित नए प्रावधानों के साथ विधेयक का संशोधित संस्करण भी केंद्र के पास अटका रहा। राजे ने मुख्य मंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल (2013–2018) में 2008 के विधेयक को लागू करवाने की कोशिश की और उसे केंद्र के सामने रखा, जिसने नवंबर 2017 में यह कहते हुए वापस कर दिया कि यह राष्ट्रीय नीति से भटक गया है। कानून के अभाव में, राजस्थान उच्च न्यायालय ने 2017 में जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। वैसे धर्मांतरण विरोधी कानून, जिन्हें अक्सर "धर्म की स्वतंत्रता अधिनियम" के रूप में संदर्भित किया जाता है, का इतिहास बहुत पुराना है। भारत में पहली बार 1930 और 1940 के दशक में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान हिंदू रियासतों द्वारा ब्रिटिश मिशनरियों के सामने हिंदू धार्मिक पहचान को बचाने के प्रयास के रूप में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किये गये थे। स्वतंत्रता के बादभी केंद्र सरकार की तरफ से धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने के लिए कई प्रयास होते रहे हैं। पहला प्रयास 1954 में किया गया जब भारतीय धर्मांतरण (विनियमन और पंजीकरण) विधेयक लाया गया, जिसका उद्देश्य ईसाई मिशनरियों के लाइसेंस और धर्मांतरण के पंजीकरण को लागू करना था। इसके बाद, संसद में कुछ और निजी सदस्य विधेयक पेश किए गए, लेकिन कोई भी पारित नहीं हो सका क्योंकि उन्हें राजनीतिक समर्थन नहीं मिल सका। वर्ष 2015 में, विधि और न्याय मंत्रालय ने राष्ट्रीय कानून बनाने के खिलाफ सलाह दी। उसका कहना था कि केंद्र द्वारा कानून बनाना तर्कसंगत नहीं है क्योंकि भारतीय संविधान के तहत धर्म पूरी तरह से राज्य का विषय है। बाद में इसलिए, कई राज्य सरकारों ने बल, प्रलोभन या धोखाधड़ी से किए गए धार्मिक धर्मांतरण को प्रतिबंधित करने के लिए "धर्म की स्वतंत्रता" अधिनियम बनाए हैं। वर्तमान में 12 राज्यों में ऐसे अधिनियम लागू हैं, जिनमें मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ कुछ प्रदेश हैं। इन राज्य-स्तरीय कानूनों के सामान्य प्रावधानों में धर्मांतरण की अनिवार्य रूप से पूर्व सूचनादेना, 'प्रलोभन' के लिए दंड और आरोपी पर सबूत का भार स्थानांतरित करना शामिल है। इन कानूनों का घोषित उद्देश्य सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखना और कमज़ोर आबादी की रक्षा करना है, लेकिन इनकी अस्पष्ट परिभाषाओं, दुरुपयोग और धार्मिक अल्पसंख्यकों और अंतरधार्मिक जोड़ों को निशाना बनाने के लिए आलोचना होती रही है।

> **अदालत ने कहा कि राज्य का कर्तव्य है कि वह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करे, तब भी जब अंतरधार्मिक विवाह संबंधों के खिलाफ सामाजिक या पारिवारिक आपत्तियां उठती हों। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, उच्च न्यायालय ने धर्मांतरण विरोधी उन प्रावधानों के दुरुपयोग की आलोचना की, जो अंतरधार्मिक संबंधों की अनुचित जांच करते हैं। इसने यह भी स्पष्ट किया कि कैसे धर्मांतरण की पूर्व सूचना की आवश्यकता, जबरदस्ती और प्रलोभन की अस्पष्ट परिभाषाओं के कारण भय और दमन का माहौल बन रहा है, जिससे व्यक्ति अपनी धार्मिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रयोग करने से हतोत्साहित हो रहे हैं।**

उड़ीसा और मध्यप्रदेश धर्मांतरण विरोधी कानूनबनाने वाले देश के पहले दो प्रदेश रहे। उनके बनाए कानूनों – उड़ीसा धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 1967 और मध्यप्रदेश धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम, 1968-की न्यायिक समीक्षा भी हुई। न्यायपालिका ने रेव. स्टैनिस्लॉस बनाम मध्य प्रदेश राज्य (1977) में कानून की पुष्टि की थी। न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 25 के तहत संविधान में दूसरों को धर्मांतरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। इसने इस बात पर जोर दिया कि जबरदस्ती या प्रलोभन के माध्यम से धर्मांतरण करने के प्रयास सभी नागरिकों को समान रूप से गारंटीकृत "विवेक की स्वतंत्रता" का उल्लंघन करते हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि प्रचार केवल अनुनय या बिना किसी दबाव के व्याख्या करने को संदर्भित करता है। अदालती निर्णय ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों को सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने से भी जोड़ा, और कहा कि जबरन धर्मांतरण से अशांति हो सकती है, जो संविधान की सातवीं अनुसूची (प्रविष्टि I, सूची II) के अनुसार राज्यों की विधायी क्षमता के अंतर्गत आता है। इस प्रकार, न्यायालय ने प्रतिबंधों में व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताओं के साथ संतुलित करते हुए संवैधानिक पाया। हालांकि, आलोचकों का तर्क है कि यह निर्णय अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वायत्तता और गोपनीयता की आधुनिक व्याख्याओं से पहले का है, जैसा कि न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ (2017) जैसे मामलों में व्यक्त किया गया है। ऐसे कानून न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करते हैं, बल्कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद 21) और समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) सहित अन्य मौलिक अधिकारों का भी प्रतिकार करते हैं और इसलिए इन्हें अनुचित और असंवैधानिक कहा जाता है।

अब नई परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालयों के हालिया निर्णयों ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों के दुरुपयोग के बारे में महत्वपूर्ण मुद्दों को रेखांकित किया है, विशेष रूप से अंतरधार्मिक जोड़ों से जुड़े मामलों में। इन न्यायालयों ने पाया है कि ऐसे कानूनों के कार्यान्वयन से कई बार उन व्यक्तियों को परेशान किया गया है और निशाना बनाया गया है जिन्होंने स्वेच्छा से विवाह किया या अन्य व्यक्तिगत कारणों से धर्मांतरण करना चुना है। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कई मामलों में हस्तक्षेप किया है जहां अंतरधार्मिक विवाहों को रद्द करने या सहमति देने वाले वयस्कों को अपराधी बनाने के लिए धर्मांतरण विरोधी कानूनों का इस्तेमाल किया गया था। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे कानूनों का इस्तेमाल संविधान के अनुच्छेद 21 और 25 के तहत गारंटीकृत व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पसंद की स्वतंत्रता के किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के लिए एक उपकरण के रूप में नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि राज्य का कर्तव्य है कि वह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करे, तब भी जब अंतरधार्मिक विवाह संबंधों के खिलाफ सामाजिक या पारिवारिक आपत्तियां उठती हों। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, उच्च न्यायालय ने धर्मांतरण विरोधी उन प्रावधानों के दुरुपयोग की आलोचना की, जो अंतरधार्मिक संबंधों की अनुचित जांच करते हैं। इसने यह भी स्पष्ट किया कि कैसे धर्मांतरण की पूर्व सूचना की आवश्यकता, जबरदस्ती और प्रलोभन की अस्पष्ट परिभाषाओं के कारण भय और दमन का माहौल बन रहा है, जिससे व्यक्ति अपनी धार्मिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रयोग करने से हतोत्साहित हो रहे हैं।

अनुभव बताता है कि जबरन या धोखाधड़ी से धर्मांतरण के वास्तविक मामलों को संबोधित करने का जब राज्य प्रयास करता है तब अक्सर व्यक्तिगत अधिकारों का अतिक्रमण होता है, विशेष रूप से अंतरधार्मिक विवाहों के संदर्भ में। पहले ऐसे कानून के निशाने पर ईसाई होते थे अब मुसलमान हैं। भारतीय समाज को सामूहिक धर्म परिवर्तन की समस्या ईसाई मिशनरियों से रही। मुसलमानों के साथ हिंदुओं की समस्या सामूहिक धर्म परिवर्तन की न होकर अंतरधार्मिक विवाह की है जिसे लव जिहाद का नाम देकर ऐसी धारणा बनाने की कोशिश की गई है कि यह सामूहिक धर्म परिवर्तन का छद्म रूप है। हमारे यहां तो अपनी जाति से बाहर भी विवाह की इजाजत परंपरागत समाजों में नहीं है। ऐसे विवाहों पर जातियों की खापों के फैसले दिल दहला देने की हद वाले होते भी सबने देखे हैं। इसीलिए यह चिंता व्यक्त की जाती है कि इस प्रकार के कानून धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा दे सकते हैं और समाज में विभिन्न धर्मों के बीच भेदभाव को प्रोत्साहित कर सकते हैं। असल बात यह है कि हम कैसा समाज बनाना चाहते हैं? हमारे संविधान की उद्घोषणा है, हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के वास्ते विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और पूजा की स्वतंत्रता; हैसियत और अवसर की समानता, और उन सभी के बीच बढ़ावा देने, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता का आश्वासन देने वाली बंधुता की सुरक्षा प्रदान करने के लिए सत्यनिष्ठा से संकल्प लेते हैं। ऐसा संविधान सम्मत समाज बनाने की ही आज सबसे अधिक जरूरत है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# शिक्षा का भविष्य: चुनौतियाँ, विरोधाभास और समाधान



अशोक कुमार

शिक्षा की अवधारणा केवल तथ्यों और आँकडों के संचय तक सीमित नहीं है; यह एक उद्देश्यपूर्ण, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रक्रिया है जो समाज के लक्ष्यों को आकार देती है और उसे आगे बढ़ाती है। इसका वास्तविक अर्थ मनुष्य को मानव बनाना और उसके जीवन को प्रगतिशील, सांस्कृतिक और सभ्य बनाना है। यह व्यक्ति और समाज, दोनों के आंतरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा एक आजीवन चलने वाली त्रि-ध्रुवीय प्रक्रिया है, जिसमें अध्यापक, छात्र और सामाजिक वातावरण (पाठ्यक्रम सहित) तीन मुख्य स्तंभ हैं। अच्छी शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान की मात्रा बढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों को एक स्वस्थ और समृद्ध संसार के लिए तैयार करना, उनकी सोच को विकसित करना और दूसरों की बातों को गहराई से समझने में सक्षम बनाना है।

ऐतिहासिक रूप से, भारतीय शिक्षा का लक्ष्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जैसे जीवन के सर्वांगीण लक्ष्यों को प्राप्त करना रहा है। आधुनिक समय में भी, कोठारी आयोग जैसे विभिन्न आयोगों ने राष्ट्र के आर्थिक उत्पादन में वृद्धि, सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता, जनतंत्र को सुदृढ़ बनाने और नैतिक मूल्यों के विकास जैसे व्यापक लक्ष्यों को निर्धारित किया है। हालाँकि, एक गहरा विरोधाभास यह है कि जहाँ हम सैद्धांतिक रूप से सर्वांगीण विकास की बात करते हैं, वहीं व्यवहार में हमारी शिक्षा प्रणाली का मुख्य ध्यान केवल रोजगार-केंद्रित हो गया है। यह असंतुलन लक्ष्य-विहीन शिक्षा को जन्म देता है, जो अंततः शिक्षित बेरोजगारी की समस्या को और गहरा करता है।

**वर्तमान संरचना और नीतिगत ढाँचा**

स्वतंत्रता के बाद से, भारतीय शिक्षा प्रणाली 10+2+3 के पारंपरिक पैटर्न पर संरचित रही है। हाल ही में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 ने 5+3+3+4 की नई पाठ्यचर्या प्रणाली अपनाकर इस ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन का प्रस्ताव रखा है। इस नीति का उद्देश्य 2030 तक शिक्षा का सार्वभौमिकरण करना और कक्षा 5 तक मातृभाषा में अध्यापन पर विशेष जोर देना है। यह एक प्रगतिशील कदम है, लेकिन इसके कार्यान्वयन की चुनौतियाँ बनी हुई हैं। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) के आँकड़े लगातार छात्रों में बुनियादी पढ़ने और अंकगणितीय कौशल की कमी को दर्शाते हैं, जो नीतियों और उनके जमीनी क्रियान्वयन के बीच की खाई को उजागर करता है।

**सार्वजनिक शिक्षा: वित्तपोषण और संस्थागत बाधाएँ**

यह एक आम धारणा है कि सरकार सार्वजनिक शिक्षा पर पर्याप्त खर्च नहीं करती है, और आँकड़े इस धारणा को बल देते हैं। यद्यपि शिक्षा मंत्रालय के बजटीय आवंटन में निरपेक्ष रूप से वृद्धि हुई है (2025-26 के लिए अनुमानित 1,28,650 करोड़), लेकिन यह वृद्धि भ्रामक हो सकती है। पिछले चार वर्षों से, शिक्षा पर कुल सार्वजनिक व्यय (केंद्र + राज्य) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के लगभग 2.9% पर स्थिर बना हुआ है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा अनुशंसित 6% के लक्ष्य से बहुत कम है। यह दर्शाता है कि शिक्षा पर खर्च केवल समग्र आर्थिक विस्तार के साथ तालमेल बिठा रहा है, इसे राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में कोई विशेष बढ़ावा नहीं मिला है।

इस समस्या को राज्यों का खराब राजकोषीय स्वास्थ्य और गहरा करता है, क्योंकि शिक्षा पर कुल व्यय का लगभग 76% राज्यों द्वारा वहन किया जाता है। अपर्याप्त वित्तपोषण का सीधा प्रभाव संस्थागत गुणवत्ता पर पड़ता है:–

**शिक्षकों की कमी:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के अनुसार, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रोफेसरों के 35%, एसोसिएट प्रोफेसरों के 46% और सहायक प्रोफेसरों के 26% पद रिक्त हैं। अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा: UDISE (2019-20) के आँकड़ों के अनुसार, केवल 12% स्कूलों में इंटरनेट और 30% में कंप्यूटर उपलब्ध हैं। 23% स्कूलों में बिजली तक नहीं है। गुणवत्ता में गिरावट: अपर्याप्त संसाधन, शिक्षकों की कमी और पुरानी शिक्षण विधियों के कारण सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में गिरावट आई है, जिससे वे निजी संस्थानों के सामने अप्रतिस्पर्धी हो गए हैं।

**निजी क्षेत्र का उदय और संबंधित चिंताएँ**

सार्वजनिक शिक्षा की इन्हीं कमियों के कारण पिछले दो दशकों में निजी शिक्षा का तेजी से विकास हुआ है। 2021-22 में, कुल स्कूलों में से 32%से अधिक निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूल थे। सरकार ने भी सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) और शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 के माध्यम से निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया है, जिसके तहत निजी स्कूलों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के छात्रों के लिए 25% सीटें आरक्षित करनी होती हैं, जिसकी प्रतिपूर्ति सरकार करती है।

हालांकि निजीकरण ने विकल्प प्रदान किए हैं, लेकिन इसने गंभीर सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को भी जन्म दिया है। निजी स्कूलों की भारी फीस उन्हें अधिकांश आबादी की पहुँच से बाहर कर देती है, जिससे एक समानांतर शिक्षा प्रणाली का निर्माण होता है जहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल उन्हीं को मिलती है जो इसका खर्च उठा सकते हैं।

**गुणवत्ता सुधार के लिए रणनीतिक रोडमैप**

फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली, जिसे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है, एक शक्तिशाली सबक प्रदान करती है। वहाँ की सफलता का आधार निजीकरण नहीं, बल्कि एक मजबूत, समान और पूरी तरह से सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित प्रणाली है। फिनलैंड की सफलता के स्तंभ हैं: शिक्षक का सम्मान और स्वायत्तता: वहाँ शिक्षक बनना एक अत्यंत प्रतिष्ठित पेशा है और शिक्षकों को अपनी शिक्षण विधियों को चुनने की पूरी स्वतंत्रता होती है। समग्र मूल्यांकन: ग्रेडिंग और उच्च-दाँव वाली परीक्षाओं के बजाय सीखने की प्रक्रिया और मौखिक मूल्यांकन पर जोर दिया जाता है। समान अवसर: सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, समान गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलती है।

इसके विपरीत, भारत में यह धारणा है कि केवल निजीकरण ही गुणवत्ता ला सकता है। हालाँकि, राजस्थान की आदर्श योजना इस धारणा को चुनौती देती है। इस सरकारी पहल के माध्यम से, प्रणालीगत सुधारों, बुनियादी ढाँचे के उन्नयन और शिक्षक रिक्तियों को भरकर सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में इतना सुधार किया गया कि नामांकन में लगभग 700,000 छात्रों की वृद्धि हुई, जिनमें से कई छात्र निजी स्कूलों से वापस आए। यह साबित करता है कि रणनीतिक निवेश और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित किया जा सकता है।

**नीतिगत और संस्थागत सुधारों की आवश्यकता**

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर बढ़ने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति की आवश्यकता है: वित्तीय प्रतिबद्धता बढ़ाना: सरकार को शिक्षा पर अपना बजटीय व्यय GDP के अनुशंसित 6% तक बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए। यह केवल आवंटन बढ़ाने के बारे में नहीं है, बल्कि धन के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के बारे में भी है। शिक्षक सशक्तिकरण: शिक्षकों के रिक्त पदों को तत्काल भरना, उन्हें नियमित और आकर्षक वेतन देना, और उन्हें विश्व स्तरीय सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षकों को फिनलैंड की तरह अधिक स्वायत्तता और सम्मान देना होगा। NEP 2020 का प्रभावी कार्यान्वयन: रटने की संस्कृति को समाप्त करने और महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान जैसे 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। मूल्यांकन में सुधार: पारंपरिक परीक्षाओं से हटकर, मूल्यांकन को PARAKH (समग्र विकास के लिए प्रदर्शन का आकलन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण) जैसे राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र के माध्यम से नियमित, रचनात्मक और दक्षता-आधारित बनाया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र का सख्त विनियमन: निजी स्कूलों में वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत नियामक ढाँचा स्थापित करना आवश्यक है ताकि वे शिक्षा के मिशन से विचलित न हों।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति, कानपुर एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय; पूर्व विभागाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर**

# आजादी के बाद पहली बार रेल मार्ग से जुड़ने जा रहा है "आइजोल"

## राजस्थान के पत्रकारों के दल को आइजोल में इस रेल से यात्रा कराई



■ **इस रेल लाइन का उद्घाटन 13 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे**

आजादी के इतने वर्षों बाद मिजोरम के लोगों का बहुप्रतीक्षित सपना पूरा होने जा रहा है। आइजोल पहली रेल मार्ग से जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितंबर को इसका उद्घाटन करेंगे। एनएफ रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि मिज़ोरम की राजधानी आइज़ोल पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के लोगों को एक बड़ी सौगात देने वाले हैं। इस रेल लाइन का उद्घाटन 13 सितंबर को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। राजस्थान के पत्रकारों के दल को इस रेल से यात्रा कराई गई।

ये रेल लाइन आइजोल को पूरे देश से जोड़ेगी। पहले ये आइजोल को असम के सिलचर से जोड़ेगी। फिर वहां से पूरे देश के साथ कनेक्ट होगी। इस रेलवे रूट में 48 सुरंगें, जिनकी लंबाई 12.8 किमी और 55 बड़े पुल शामिल हैं। इसके साथ ही 87 छोटे पुल भी बने हैं। यह पुल एक पिल्लर पर पर भारत का सबसे ऊंचा पुल है। इसमे पुल की ऊंचाई 114 मीटर है। यह प्रोजेक्ट मिजोरम को देश के बाकी हिस्सों से बेहतर तरीके से जोड़ेगी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में व्यापार के साथ पर्यटन को एक नई दिशा देगा।

गौरतलब है कि सैरांग रेलवे स्टेशन को एक वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी सेंटर के तौर पर डेवलप किया गया है। इसके बाद इस रेलवे स्टेशन से राजधानी एक्सप्रेस सेवा भी शुरू की जाएगी। ये रेल प्रोजेक्ट केंद्र की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का पार्ट है, जो करीब 51.38 किलोमीटर लंबी रेल परियोजना है। इसका मकसद उत्तर-पूर्वी राज्यों में बेहतर कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। आइजोल मिज़ोरम की राजधानी है। अपनी ऊँची एवं हरी-भरी पहाड़ियों और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। विभिन्न सांस्कृतिक धरोहर को अपने आंचल में समेटे पहाड़ों की नगरी आइजोल भारत के अग्रणी पर्यटन स्थलों में से एक है।

अब तक रेल मार्ग से नहीं जुड़ा होने से विश्व पर्यटन क्षेत्र में आइजोल अपनी खूबसूरती का लाभ नहीं मिल पाया है। आइज़ोल भारत के मिज़ोरम राज्य का सबसे बड़ा शहर है। यह शहर मिज़ोरम के उत्तरी भाग में कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है और समुद्र तल से 1132 मीटर (3715 फीट) ऊँची एक पहाड़ी पर स्थित है, जिसके पश्चिम में त्लावंग नदी घाटी और पूर्व में तुइरियल नदी घाटी बहती है। अब आईजोल रेलमार्ग से जुड़ने जा रहा है। स्थानीय निवासियों में रेलमार्ग से जुड़ने की खुशी छाई हुई है। इनका उत्साह देखते बनता है। स्थानीय एक व्यक्ति ने कहा कि हम रेल से जुड़ने जा रहे हैं। इसकी खुशी किसी पर्व से कम नहीं है। पर्यटन में हम आसमान छूने वाले हैं।

गौरतलब है कि पूर्वोत्तर भारत में स्थित मिजोरम एक दर्शनीय और सांस्कृतिक रूप से जीवंत राज्य है। इसकी सीमायें म्यांमार, बांग्लादेश और भारतीय राज्यों त्रिपुरा, असम और मणिपुर से लगती हैं। "पहाड़ी लोगों की भूमि" के रूप में प्रसिद्ध मिज़ोरम की विशेषता इसकी घुमावदार पहाड़ियां, घने जंगल और उल्लेखनीय जैव विविधता है। मिज़ोरम कई जातीय समूहों को वात्सल्यभाव से अपने में समेटे हुए हैं। अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक समृद्धि और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के साथ, मिज़ोरम एक स्थायी और शांत पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है। अपार संभावनाएं हैं। अपने मनमोहक प्राकृतिक परिदृश्य, जीवंत संस्कृति और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के कारण मिज़ोरम के आने वाले समय में भारत का सिरमौर पर्यटन स्थल बनने की ओर अग्रसर है। मिज़ोरम बाँस और बेंत की कारीगरी में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। हस्तशिल्प के लिए भी यहां का अलग ही रुतबा है। वस्त्र, बाँस, बेंत की कारीगरी और टोकरी बनाना शिल्पकला यहां की सांस्कृतिक पहचान है। कई महिलाएं बुनाई और टोकरी बनाने का काम करती हैं, जबकि बाँस और बेंत का उद्योग फल-फूल रहा है। रेल मार्ग से जुड़ जाने के बाद यहां के अन्य उद्योगों को भी फलने फूलने का अवसर मिल जाएगा।

आइजोल के मुख्य पर्यटन स्थलों में आइजोल पीक, डर्टलैंग हिल्स, चनमारी, टामदिल, और हमुईफांग शामिल हैं। प्रकृति और संस्कृति का अद्भुत संगम पर्यटक को आनन्द प्रदान करता हैं।

**-मिश्रीलाल पंवार।**

## राशिफल बुधवार 3 सितम्बर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 11:44 तक, आयुष्मान योग सायं 4:17 तक, वणिज करण सायं 4:07 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-धनु, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मिथुन, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-सिंह, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग रात्रि 11:08 तक है। भद्रा सायं 4:07 से रात्रि 4:22 तक है। आज पदमा एकादशी व्रत, जल झूलनी और पतिवर्तनी एकादशी, डोल ग्यारस पर्व है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:18 तक, शुभ 10:52 से 12:26 तक, चर 3:34 से 5:08 तक, लाभ 5:08 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:42



**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।



**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है।



**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**सिंह**
व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कन्या**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**
व्यावसायिक प्रयासों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।



**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल में वृद्धि होगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**मकर**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली राजस्व और उपनिवेशन विभाग की बैठक

## बजट घोषणाओं के कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्व और उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन, डीपीआर और टैंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर विकास कार्यों का लाभ आमजन तक समय पर पहुंचाया जाए।

■ प्रदेश में 18 सितम्बर से शुरू होगा ''गांव चलो'' अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुड गवर्नेंस के मानकों पर खरा उतरते हुए जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग तकनीक और नवाचार के माध्यम से काश्तकारों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटा है। किसानों को स्वयं फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एग्रीस्टेक मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक किसानों को इस एप से जोड़ा जाए और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्व और उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि 18 सितम्बर से प्रदेशभर में सप्ताह में तीन दिन ''गांव चलो'' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सीमाज्ञान, सहमति विभाजन, नामांतरण सहित लंबित राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस अभियान के लाभ से वंचित न रहे।

बैठक में भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों के बजट में घोषित भवनों का निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरा किया जाए। उन्होंने पुराने भवनों की मरम्मत और पुनर्निर्माण पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि सरकारी संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके। जैसलमेर जिले में सामान्य आवंटन से जुड़े लंबित आवेदनों के निस्तारण के लिए 15 दिन का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमों के सरलीकरण की बात भी कही गई।

अधिकारियों ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना के तहत अब तक 87 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी जनरेट की जा चुकी है। किसानों के आधार नंबर को राजस्व रिकॉर्ड से जोड़ने का कार्य प्रदेश के सभी जिलों में प्रारंभ कर दिया गया है। भू-नक्शा पोर्टल पर अब तक राज्य के 48,463 गांवों की जिओ रेफरेंस शीट फाइल अपलोड कर 4.49 करोड़ यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर जारी किए जा चुके हैं।

बैठक में रेवेन्यू कोर्ट मॉडर्नाइजेशन सिस्टम, राजस्व इकाइयों का पुनर्गठन, सरकारी अधिवक्ताओं को रिटेनर शुल्क, उपनिवेशन क्षेत्र में भूमि आवंटन दर में संशोधन, ग्राम दान और भूदान अधिनियम सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# माँ के अपमान पर जयपुर भाजपा ने हुंकार भरी

## छोटी चौपड़ पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला जलाया



भाजपा जयपुर शहर की ओर से मंगलवार को छोटी चौपड़ पर धरना देकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी व तेजस्वी यादव पुतला दहन किया गया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर की ओर से मंगलवार को छोटी चौपड़ पर विशाल धरना तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी व तेजस्वी यादव पुतला दहन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूज्य माता के लिए इस्तेमाल किए गए अपशब्दों के खिलाफ 3 घंटे चले इस धरने में भाजपा के सभी कार्यकर्ता विधायक व अन्य नेताओं ने अपने भाषण में राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की तीखी आलोचना की। इस विरोध प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने भारत मां के जयकारे लगाए और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की।

जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा कहे गए अपशब्द केवल एक माता का नहीं, बल्कि समस्त मातृ शक्ति एवं भारतीय संस्कारों और संस्कृति का अपमान है। उन्होंने कहा कि माँ का अपमान कॉँग्रेस की पहचान है।

मां के अपमान पर जयपुर की नारी चुप नहीं रहेगी। मां सीता का अपमान होने पर सोने की लंका जला दी गई थी। मां को भरी सभा में घसीटा गया, तो महाभारत हुई। एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री की मां का अपमान हुआ है और यह प्रधानमंत्री की मां का नहीं, बल्कि हर भारतवासी की मां का अपमान है। सनातन को मानने वाला चुप नहीं रहेगा। पुतला दहन के माध्यम से हम सभी को अपने अंदर की बुराई को मारना है और 2047 तक भारत को विकसित बनाना है। उन्होंने अपने भाषण से प्रत्येक कार्यकर्ता में जोश भर दिया और सभी को भारत माता के नारे लगवाए। धरने में जयपुर के विभिन्न कोनों से आई सैकड़ों की संख्या में नारी शक्ति भी उपस्थित रही।

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय मां के खिलाफ इन दोनों नेताओं द्वारा की गई अभद्र टिप्पणियों की भाजपा कार्यकर्ताओं ने घोर निंदा की

■ ''मां का अपमान कांग्रेस की पहचान'' तथा ''मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान'' लिखित तख्तियों के साथ धरने में शामिल हुई मातृशक्ति

वे ''मां का अपमान कांग्रेस की पहचान, ''मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान'' लिखित तख्तियों के साथ धरने में शामिल हुई। इस अवसर पर अनेक विधायक और वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने भाषण में राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की घोर निंदा की।

इस अवसर पर सिविल लाइन से विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल से विधायक बालमुकुंदचार्य, किशनपोल प्रत्याशी चंद्रमोहन बँटवाडा, महापौर कुसुम यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, प्रदेश मंत्री अजीत माण्डन, प्रदेश कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री जयश्री गर्ग, प्रदेश मंत्री स्टेफी चौहान, अपूर्वा सिंह, राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, सहित अनेक पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष, सही समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अतिवृष्टि,फसल खराबे और लॉ एण्ड ऑर्डर पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

## जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और टोंक से विधायक सचिन पायलट भी शरीक हुए।

बैठक में रणनीति बनाई गई कि, राजस्थान में अतिवृष्टि से बिगड़े हालातों, फसल खराबे और प्रदेश में लॉ एण्ड ऑर्डर को लेकर सदन में भाजपा सरकार को घेरा जाये। बैठक में करीब-करीब सभी कांग्रेस विधायक पहुंचे, जिन्हें नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन की कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहने और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाने के निर्देश दिये।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए टीकाराम जूली ने कहा कि पूरा विपक्ष जनसमस्याओं को विधानसभा में उठाकर सरकार को कटघरे में खडा करेगा। जूली ने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने बैठक में बताया है कि अतिवृष्टि से पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। गरीबों के कच्चे मकान ढह गये है,खेतों में पानी भरने से किसान बर्बाद हो गये है। पूरे प्रदेश में सड़कों की हालत बदत्तर है। इसके बावजूद भी सरकार ने कोई राहत पहुंचाने का कार्य नहीं किया है।

शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम से छेड़छाड, अंग्रेजी स्कूलों को बंद करने तथा झालावाड़ की स्कूल में हुए हादसे को लेकर भी कांग्रेस गंभीर है। सरकार पंचायतीराज और निकाय चुनाव करवाने से बच रही है। परिसीमन के नाम पर लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।

महिला व बालिका अत्याचार के मामले दिनोदिन बढ़ते जा रहे है,प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। इन्ही तमाम मुद्दो को लेकर कांग्रेस, सदन में राज्य सरकार को घेरेगी।

ए.आई.सी.सी. महासचिव सचिन पायलट ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हो या राजस्थान की भजनलाल सरकार, इनका रवैया यही रहा है कि ये लोग मुद्दो पर बात ही नहीं करना चाहते। प्रदेश में बाढ़ के हालात है, जनजीवन अस्त-व्यस्त है, किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा और भी कई मुद्दे है जिन पर कांग्रेस सदन में सार्थक चर्चा चाहती है।

उन्होंने कहा कि हमें विधानसभा में चुनकर भेजा है तो जनता चाहती है कि हम उनकी समस्याओं पर सदन में चर्चा करे। भजनलाल सरकार ने दो साल के शासन में प्रदेश में कोई काम नहीं किया,इसलिए हम सदन में सरकार को कटघरे में खड़ा करेंगे।

## याचिका खारिज

**जयपुर ।** हाईकोर्ट ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और नियंत्रक पद पर डॉ. दीपक माहेश्वरी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. अवतार सिंह दुआ की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने दीपक माहेश्वरी की ओर से साल 2016 में दिए त्यागपत्र और उसे वापस लेने के आधार पर उनकी नियुक्ति को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने इस तथ्य की जानकारी होने के भी चयन प्रक्रिया में भाग लिया और असफल होने पर सात साल पहले दिए इस्तीफे और उसे वापस लेने की अनुमति देने पर आपत्ति उठा रहा है।

# एलआईसी की बीमा बाजार में 65.83 प्रतिशत हिस्सेदारी

**जयपुर।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) अपनी 69वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। एलआईसी ने 36 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हासिल करते हुए सबसे तेज़ी से बढ़ते भारतीय ब्रांड के रूप में भी उभरी है। गत 1 सितंबर 2025 को अपनी 69वीं वर्षगांठ का गौरवशाली क्षण मना रही एल.आई.सी. ने अपनी उपलब्धि का श्रेय टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत तथा ग्राहकों के विश्वास को दिया है।

एल.आई.सी. वित्तीय वर्ष 2024-25 में पॉलिसियों में 65.83 प्रतिशत बाज़ार हिस्सेदारी और प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय में 57.05 फीसदी बाज़ार हिस्सेदारी के साथ बाज़ार में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है। कुल एयूएम 6.45 प्रतिशत बढ़कर 54.52 लाख करोड़ रुपये हो गया है।वर्तमान में भारतीय जीवन बीमा निगम 35 व्यक्तिगत उत्पादों, 12 समूह उत्पादों, 7 व्यक्तिगत राइडर्स और 1 समूह राइडर का एक व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जो समाज के हर वर्ग की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जैसे एंडोमेंट इंश्योरेंस, टर्म इंश्योरेंस, चाइल्ड इंश्योरेंस, एन्युटी प्लान, ग्रुप इंश्योरेंस, माइक्रो इंश्योरेंस, हेल्थ और यूनिट लिंक्ड उत्पाद। ये योजनाएँ ऑफ़लाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं।

इसके अलावा एलआईसी का स्वर्ण जयंती फाउंडेशन (जीजेएफ), एलआईसी की सामुदायिक सेवा पहल के एक भाग के रूप में वर्ष 2006 में स्थापित किया गया था और अब तक 926 परियोजनाओं में 283 करोड़ रुपये और 80.62 करोड़ रुपये की 30835 छात्रवृत्तियाँ वितरित कर चुका है।

# सचिन पायलट ने जैसलमेर पहुंचकर कर्नल सोनाराम चौधरी को श्रद्धांजलि दी

## ए.आई.सी.सी. महासचिव पायलट ने, सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा रद्द करने के विवाद को लेकर राजस्थान सरकार पर भी निशाना साधा

**जयपुर/जैसलमेर (कासं)।** ए.आई.सी.सी. महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलवार को जैसलमेर के मोहनगढ़ पहुंचकर पूर्व सांसद स्व. कर्नल सोनाराम चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। पायलट के साथ मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी भी मौजूद थे। जब पायलट विशेष विमान से जैसलमेर के सिविल एयरपोर्ट पर पहुंचे तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। उनके स्वागत में पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद, पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर व अंजना मेघवाल और सैकड़ों कार्यकर्ता उमड़े।



ए.आई.सी.सी. महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलवार को जैसलमेर के मोहनगढ़ पहुंचकर पूर्व सांसद स्व. कर्नल सोनाराम चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

■ पायलट ने कहा कि ''एस.आई. भर्ती परीक्षा को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा था, परंतु राजस्थान सरकार कभी कहती रही कि है कमेटी बना दी... समिति बना दी। लेकिन हकीकत में सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।''

कर्नल सोनाराम चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सचिन पायलट पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव के जैसलमेर आवास पर पहुंचे। जहां मीडिया से मुख़ातिब होते हुए सचिन पायलट ने एस.आई. भर्ती परीक्षा रद्द करने के मामले पर राज्य सरकार पर जुबानी हमला बोला। पायलट ने कहा कि, प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार का रुख स्पष्ट नहीं है। एस.आई. भर्ती परीक्षा को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा था, परंतु सरकार कभी कहती रही कि है कमेटी बना दी... समिति बना दी। लेकिन सरकार ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सरकार को अब तक यह भी मालूम नहीं कि, करना क्या है। सरकार बोलती कुछ है और कोर्ट में हलफनामा कुछ और देती है। यह पूरा कन्फयूजन सरकार के द्वारा ही उत्पन्न किया गया है। जिसका खामियाजा उन लोगों को भुगतना पड़ रहा है, जो परीक्षा में सफल रहे, जिनकी नौकरी लगी। अब कोर्ट से आदेश आया है, उसमें भी कन्फ्यूजन है। सचिन पायलट ने कहा कि, राजस्थान सरकार को तुरंत प्रभाव से निर्णय लेकर सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के इस पूरे मामले को स्पष्ट करना चाहिए। मैंने पूर्व में भी बार-बार कहा है, आज भी दोहरा रहा हूं कि यह समस्या मात्र एक परीक्षा की नहीं है, अपितु इस पूरे सिस्टम की है। आर.पी.एस.सी. वो गंगोत्री है, जहां से परीक्षाएं व इंटरव्यूज़ होते हैं और नौकरी लगती है। जैसा कि कोर्ट ने कहा कि आर.पी.एस.सी. में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। ऐसे में उन सदस्यों की नियुक्ति और कार्यप्रणाली पर भी संदेह होता है।




# भारी बारिश से श्रीडूंगरगढ़ के सुरजनसर में दो दिन में ही एक दर्जन मकान गिरे

## बीकानेर शहर में नेशनल हाइवे एक बार फिर जाम हो गए, कच्ची बस्तियों में पानी एकत्र हुआ

**बीकानेर, (निसं)।** मानसून के अंतिम दिनों में बीकानेर में जमकर बारिश हो रही है। अब तक बरसात को तरस रहे बीकानेर में पिछले तीन दिन में ही भारी बारिश हुई है। श्रीडूंगरगढ़ के एक गांव में जहां करीब एक दर्जन मकान गिर गए, वहीं बीकानेर शहर में नेशनल हाइवे एक बार फिर जाम हो गए। वहीं कच्ची बस्तियों में पानी एकत्र हो गया है। पुरानी गिन्नाणी और सूरसागर के आसपास जमा पानी के कारण आना-जाना मुश्किल हो गया।

- **पुरानी गिन्नाणी और सूरसागर के आसपास जमा पानी के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया**

जानकारी के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ के सुरजनसर में दो दिन में ही करीब एक दर्जन मकान गिर चुके हैं, जिनमें कई परिवार तो बिल्कुल बेघर हो गए हैं। गांव में कोजूराम प्रजापत व बुधाराम नायक के मकान गिरने के बाद ये परिवार बे-छत हो गए हैं। जरूरतमंद परिवारों के पास रहने के लिए कोई स्थान ही नहीं बचा है। गांव में रेवंताराम मेघवाल का मकान धराशायी हो गया। घर वालों ने जान बचाई व मलबे के नीचे दबे सामान को निकालने की कोशिश हो रही है।

मुन्नीदेवी शर्मा का मकान मलबे में ही तब्दील हो गया है और परिवार बुरी तरह से परेशान हो रहा है। वहीं सुशील जाट, दीनदयाल जाट, मुन्नीराम शर्मा, ओमप्रकाश जाट, नंदलाल शर्मा, अंजू देवी शर्मा, गौरीशंकर जाट के मकान भी भराभरा कर गिर गए हैं। परिवारों ने अपने भाई के घर या बढ़ेर के घर में शरण ली है। वहीं कुछ तो बेघर ही हो गए हैं। ऐसे में सरपंच ओमप्रकाश शर्मा ने कोजुराम को एक झोंपड़ी बनवा कर दी है। शर्मा गांव के मौजिज लोगों के साथ मिलकर पीड़ितों की मदद के प्रयास कर रहें है। शर्मा ने पटवारी व प्रशासन को सूचना देकर जरूरतमंद परिवारों की मदद करने की गुहार लगाई है।

वहीं बीकानेर में दोपहर करीब एक घंटे तक बारिश हुई। कभी तेज और कभी धीमी बारिश के बाद नेशनल हाइवे पर पानी एकत्र हो गया। गजनेर रोड पर जहां पुलिस लाइन चौराहे के पास पानी एकत्र होने वाहन धीमी गति से चले। वहीं कोठारी अस्पताल से भुट्टा चौराहे तक भी वाहनों की गति धीमी ही रही। ऐसे में वाहनों की कतार लग गई। उधर, गंगाशहर क्षेत्र में भी बारिश के कारण यातायात बाधित रहा।

# कक्षा 9 से 12 के एडमिशन अब 16 सितम्बर तक होंगे

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेश के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में क्लास 9 से 12 तक में एडमिशन की लास्ट डेट्स में बार-बार बढ़ोतरी हो रही है। अब तीसरी बार लास्ट डेट में बदलाव करते हुए 16 सितम्बर तक एडमिशन लेने की छूट दी गई है। ऐसे में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर को भी 10वीं और 12वीं के एग्जाम फॉर्म के लिए लास्ट डेट बढ़ानी पड़ रही हैं।

- **प्रदेश के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में तीसरी बार लास्ट डेट में बदलाव करते हुए 16 सितम्बर तक एडमिशन लेने की छूट दी**

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने आदेश जारी करके एडमिशन की लास्ट डेट 16 सितम्बर कर दी। इससे पहले ये लास्ट डेट 30 अगस्त थी। ऐसे में 31 अगस्त को किसी भी स्कूल ने एडमिशन नहीं लिया। इस बीच एक बार फिर 16 सितम्बर लास्ट डेट कर दी गई। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने भी इसी कारण डेट्स में फेरबदल किया। जब स्कूल में एडमिशन हो रहे हैं, तो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के फॉर्म भरने की सुविधा भी जरूरी है।

जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में स्कूलों की मान्यता के प्रकरण अभी शेष है। इन स्कूलों में बच्चे हैं, जिन्होंने अब तक किसी अन्य स्कूल में एडमिशन नहीं लिया। लास्ट डेट समाप्त होने पर ये बच्चे न एडमिशन ले सकेंगे और न ही एग्जाम दे सकेंगे। ऐसे में शिक्षा विभाग बार बार डेट्स में फेरबदल कर रहा है। हर साल ही शिक्षा विभाग दो से तीन बार लास्ट डेट में फेरबदल करता है। इस बार भी ये तीन बार हो चुका है। ऐसे में अब 16 सितम्बर के बाद डेट्स में फेरबदल होना मुश्किल है। ऐसे में स्कूल संचालकों को भी अब सावधानी बरतनी होगी।

उधर, कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के एडमिशन पूरे साल होते हैं। इन स्कूलों के लिए लास्ट डेट का कोई महत्व नहीं है। जब भी बच्चा स्कूल जाने की उम्र में आता है, तब उसे एडमिशन दिया जा सकता है। आठवीं तक कोई भी स्कूल डेट्स के कारण स्कूल में एडमिशन नहीं रोक सकती।

# गंगापुर सिटी में मूसलाधार बरसात से मोरा सागर बांध पर चादर चली

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सिटी में मंगलवार सुबह नौ बजे के बाद तेज गर्जना के साथ डेढ़ घंटे तक मूसलधार बारिश हुई।

गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में मानसून सक्रिय है। सोमवार शाम से मंगलवार दोपहर तक लगातार बारिश हुई। बारिश के चलते मोरा सागर बांध पर तीन इंच से अधिक की चादर चल रही है। मंगलवार सुबह नौ बजे के बाद तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया। बारिश से शहर की सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया।

- **दो दिन से हो रही बरसात से जनजीवन प्रभावित हुआ, तापमान में गिरावट आई**



गंगापुर सिटी में बारिश से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन ड्राइवरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। तहसील कार्यालय के अनुसार सोमवार शाम चार बजे से मंगलवार सुबह आठ बजे तक 37 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक गंगापुर क्षेत्र में कुल 806 मिमी बारिश हो चुकी है। यह औसत 700 मिमी के आंकड़े से अधिक है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना जताई है।

लगातार हो रही अच्छी बारिश के चलते मोरा सागर बांध पर तीन इंच से अधिक की चादर चल रही है। यह बांध क्षेत्र का प्रमुख जलस्त्रोत है और इसमें पानी की आवक से स्थानीय लोगों को राहत मिली है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य छोटे-बडे बांधों और जलाशयों में भी पानी की अच्छी आवक दर्ज की गई है। हालांकि बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी है और मौसम सुहावना बना दिया है, लेकिन जलभराव और अव्यवस्थाओं ने परेशानियां भी बढा दी है। शहरवासी अब प्रशासन से स्थायी समाधान की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि हर बार बारिश में यही स्थिति न उत्पन्न हो।

## ढील डैम की चादर से गिरकर युवक लापता

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के प्रमुख ढील डैम पर अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने गए एक युवक पायलट गुर्जर निवासी गुडला की ढील डैम की चादर, वेस्ट वेयर पानी को पार करते समय तेज बहाव की चपेट में आने से पानी के साथ बह गया, जिसका देर शाम तक कोई पता नहीं चल पाया। सूचना पाकर चौथ का बरवाड़ा पुलिस, प्रशासन, सिविल डिफेंस की टीम के साथ मौके पर पहुंची। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुडला गांव से कुछ युवक ढील डैम पर घूमने एवं पिकनिक मनाने गए थे। इसी दौरान एक साथी बच्चा गुर्जर डैम की रेलिंग चादर को स्ट्रैंट करते हुए नशे की हालत में पार कर जाने लगा, इसी दौरान युवक का चादर से संतुलन बिगड़ गया और वह तेज बहाव के साथ बह गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

# आर्किटेक्ट आरके गुप्ता के घर पर आयकर विभाग का छापा

## जयपुर, उदयपुर और कोटा टीम के करीब 12 से ज्यादा अधिकारी कार्रवाई करने पहुंचे

**कोटा, (निसं)।** कोटा में आयकर विभाग ने आकाश मॉल स्थित प्राईम आर्ट आर्किटेक्ट प्राईवेट लिमिटेड नामक कंपनी के ऑफिस और आर्किटेक्ट आरके गुप्ता के घर पर टीम छापामारी की है।

- **आरके गुप्ता का राजधानी जयपुर में भी ऑफिस है, जहां वह कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों पर काम कर रहे हैं**
- **ये प्रोजेक्ट ज्यादातर पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यो से संबंधित हैं**

आर्किटेक्ट आरके गुप्ता का ऑफिस आकाश मॉल के छठे माले पर स्थित है। जयपुर, उदयपुर और कोटा टीम के करीब 12 से ज्यादा अधिकारी कार्रवाई करने पहुंचे हैं। टीम कंप्यूटर, लैपटॉप और अन्य कागजों की जांच कर रही है। उनके घर पर भी 5 से 6 अधिकारियों की टीम जांच कर रही है। आरके गुप्ता का राजधानी जयपुर में भी ऑफिस है, जहां वह कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों पर काम कर रहे हैं। ये प्रोजेक्ट ज्यादातर पिछले कांग्रेस सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यों से संबंधित हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में कई बड़ी योजनाएं तैयार की हैं, जिनमें निर्माण कार्य और अन्य विकास प्रोजेक्ट शामिल हैं। गुप्ता की ओर से मल्टीस्टोरी की डिजाईनिंग नक्शे बनाने का बड़े स्तर पर काम है। सरकारी विभागों में भी कई जगह काम लिए हुए है और प्राईवेट सेक्टर में भी प्रोजेक्ट लेते हैं।

## चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 240 ग्राम चरस सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि शहर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान नूरानी मस्जिद के समीप कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 240 ग्राम चरस सहित श्रीपुरा निवासी अययान अब्बासी (19) को पकड़ा है। पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ चरस बरामद होने पर मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## खेत में मवेशी चराने पर विवाद, बुजुर्ग को गोली मारी

**अलवर, (निसं)।** अलवर में खेत में भैंस चराने के विवाद में बुजुर्ग को गोली मार दी। गंभीर हालत में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। गोली बुजुर्ग के प्राइवेट पार्ट के पास लगी। मामला कठूमर के बुलाहेड़ी गांव में सोमवार को हुआ। घायल 61 साल के रामप्रसाद को रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थानाधिकारी महेश तिवारी ने बताया कि सोमवार को बुलाहेड़ी निवासी राधे गुर्जर अपनी भैंस जंगल में चराकर लौट रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष ने खेतों में भैंस चराने को लेकर विवाद किया। हालांकि, उस समय मामला शांत हो गया, लेकिन रात आठ बजे के बीच विवाद ने फिर तूल पकड़ लिया। आरोप है कि लक्खी गुर्जर की पत्नी धोली के साथ मारपीट की गई। जब लक्खी बीच-बचाव करने आया तो उस पर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया गया। देखते ही देखते दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे। इस बीच लक्खी पक्ष की ओर से किसी ने देसी कट्टे से फायरिंग कर दी, जिसमें रामप्रसाद घायल हो गया। इसके अलावा 16 वर्षीय कृष्ण कुमार को भी गंभीर हालत में अलवर रेफर किया गया है। वहीं, धोली, लक्खी समेत अन्य घायलों का उपचार कठूमर सीएचसी में चल रहा है।

- **बुजुर्ग की पत्नी के साथ मारपीट की**

# करौली में तेज बारिश, पांचना बांध के दो गेट खोले

**करौली, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर बीते तीन दिन से हो रही बरसात के चलते नदी, नाले उफान पर हैं तो वहीं पांचना बांध से दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

करौली जिला मुख्यालय पर गत रविवार से मौसम ने अचानक पलटा खाया। कभी मूसलाधार तो कभी रिमझिम बरसात से लोगों को पानी में भिगोए रखा। रविवार और सोमवार को जिला मुख्यालय पर मूसलाधार हुई बारिश से नदी और नाले उफान पर आ गए, जिसके चलते पांचना बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू की, लेकिन सोमवार की रात पानी की आवक बंद होने से निकासी कम की गई और मंगलवार को रिमझिम बारिश के चलते दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। जिले के करणपुर क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश से करणपुर कस्बे की घाटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जिसके चलते अब मोटरसाइकिल भी नहीं निकलने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गुमानो माता मंदिर पर दर्शन करने गए श्रद्धालु भी फंस गए हैं। करणपुर क्षेत्र के लोगों को अब रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल और खाद्य सामग्री जैसी आवश्यक वस्तुओं के लिए मोहताज होना पड़ रहा है और दर्जनों की संख्या में गांव के लोगों का सड़क मार्ग से संपर्क कट गया है। इसके अलावा जिला मुख्यालय की कई कॉलोनियां भी जलमग्न हो गई, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

- **करणपुर क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश से कस्बे की घाटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई**
- **गुमानो माता मंदिर पर दर्शन करने गए श्रद्धालु फंस गए**



करौली एसपी कार्यालय की सड़क पर भरे पानी से निकलते वाहन।

# बाइक सवार युवक से बदमाशों ने 15 लाख रुपये लूटे

**रामगढ़ शेखावाटी, (निसं)।** बाइक पर जा रहे एक युवक से 15 लाख रुपए की लूट का मामला दर्ज हुआ है। वारदात के लिए तीन बदमाश बाइक लेकर आए थे। पहले उन्होंने टक्कर मारकर युवक को नीचे गिरा दिया। इसके बाद पिस्टल दिखाकर युवक के पास रुपयों से भरा बैग छीन लिया। घटना के बाद पीड़ित ने रामगढ़ सेठान थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

- **पिस्टल दिखाकर रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हुये**

रामगढ़ शेखावाटी पुलिस के अनुसार झुंझुनूं जिले के मंडावा कस्बे के वार्ड 3 निवासी मनीष ने लूट का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि वह फतेहपुर से अपने परिचित प्रताप सिंह से 15 लाख रुपए लेकर बाइक पर निकला था। रुपयों से भरा बैग लेकर वह अपने घर मंडावा जा रहा था। 15 लाख रुपए उसके ताऊ के लड़के सुरेंद्र ने दिलवाए थे जो, उसके घर पर देने थे। 15 लाख रुपए लूटने के बाद मनीष ने अपने भाई सुरेंद्र को फोन कर घटना की जानकारी दी। सुरेंद्र ने मनीष को घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही। इस पर मंडावा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन वारदात स्थल रामगढ़ सेठान थाने के अधीन आने पर इसके बाद रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर आकर पीड़ित से पूछताछ की। बाइक से गिरने पर मनीष घायल हो गया तो उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाना पड़ा। एक बाइक वाले ने उसकी बाइक को टक्कर मारी। इससे मनीष नीचे गिर गया। गिरते ही तीनों बदमाशों ने मनीष के पास मौजूद बैग छीनने लगे। विरोध करने पर इनमें से एक ने मनीष को पिस्टल दिखाई। इस पर मनीष डर गया और इसके बाद तीनों बदमाश रुपयों से भरा बैग लूट कर मंडावा की तरफ बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़ित मनीष के अनुसार तीनों आरोपी सफेद रंग की बाइक लेकर आए थे। इनमें एक ने हेलमेट लगा रखा था और दो ने अपने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे।

रामगढ़ सेठान के थानाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि लूट के बाद बदमाश नवलगढ़ की तरफ भाग छूटे, एक जगह उनकी संदिग्ध बाइक नजर आई है। इसके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा इस रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# नकली घी बनाने की आशंका में घर सीज़

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के लूणकरणसर में केमिकल के माध्यम से नकली घी बनाने की आशंका में एक घर को सीज़ किया गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इस घर में चल रही गतिविधियों को संदिग्ध बताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने इसे सीज़ कर दिया। घर में कई तरह के ड्रम और केमिकल के साथ मशीनें बरामद हुई है।

स्थानीय टाइगर्स फोर्स के सदस्यों ने इस घर पर पहुंचकर वहां की गतिविधियां देखी। इसके बाद पुलिस को फोन किया। पुलिस ने मौके पर आकर देखा कि वहां बहुत सारे ड्रम पड़े हैं। घर के कुछ कमरों में घी है और कुछ केमिकल भी है। इस पर पुलिस को फोन किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का निरीक्षण किया। बाद में घर पर ताला लगा दिया। अब रसद विभाग को इसकी रिपोर्ट दी गई है। गांव रामबाग निवासी रणजीत का ये मकान है। बताया जा रहा है कि हरियाणा के कुछ लोगों को ये मकान किराए पर दिया गया था। करीब चार महीने से यहां पर काम चल रहा था। ये घटिया और मिलावटी घी बन रहा था या नहीं इस बारे में स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। रसद विभाग की टीम यहां से सेंपल लेने के बाद जांच करेगी। इसके बाद ही ये स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस ने मौके से तीन युवकों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। इसी घर से एक कार व एक पिकअप को भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। पुलिस ने इस बारे में अब तक कुछ भी अधिकृत तौर पर नहीं कहा है।

# पार्किंग विवाद से परेशान विधवा ने आत्मदाह का प्रयास किया

## महिला की दुकान के सामने एक दुकानदार ने अपने परिवार की गाड़ी खड़ी कर दी थी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले के झाड़ोल में सोमवार शाम एक विधवा महिला ने पार्किंग विवाद से परेशान होकर आत्मदाह की कोशिश की। महिला ने गुस्से में अपने शरीर पर केरोसिन डाल लिया और हाथ में माचिस लेकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद एक पड़ोसी महिला ने माचिस छीनकर उसकी जान बचाई। घटना का वीडियो सामने आया है।

जानकारी के अनुसार झाड़ोल सीएचसी परिसर में महिला गंगा देवी की दुकान के सामने सोमवार शाम करीब पांच बजे एक दुकानदार ने अपने परिवार की गाड़ी खड़ी कर दी। इससे नाराज गंगा देवी ने विरोध जताया। विवाद बढ़ने पर उसने केरोसिन की बोतल उठाई और खुद को आग लगाने की धमकी दे दी। जानकारी के अनुसार झाड़ोल सीएचसी परिसर में महिला गंगा देवी की दुकान के सामने सोमवार शाम करीब पांच बजे एक दुकानदार ने अपने परिवार की गाड़ी खड़ी कर दी। इससे नाराज गंगा देवी ने विरोध जताया। विवाद बढ़ने पर उसने केरोसिन की बोतल उठाई और खुद को आग लगाने की धमकी दे दी। हंगामा होने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गंगा देवी ने बताया कि वह विधवा है और उसकी छोटी सी दुकान है। उसके सामने आए दिन गाड़ियां खड़ी कर दी जाती हैं जिससे वह परेशान हो गई थी। इस बीच एक अन्य महिला ने मौके पर पहुंचकर माचिस छीन ली और उसे समझाने का प्रयास किया। सूचना पर झाड़ोल पुलिस थाने की टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया।

- **महिला ने गुस्से में अपने शरीर पर केरोसिन डाल लिया और हाथ में माचिस लेकर आत्मदाह का प्रयास किया**
- **मौके पर मौजूद एक पड़ोसी महिला ने माचिस छीनकर महिला की जान बचाई, घटना का वीडियो सामने आया**

**मंदिर में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार :** कोटा के दीगोद पुलिस टीम ने मंदिर में चोरी के दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 30 अगस्त को फरियादी रामावतार ने दीगोद थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने कहा कि देर रात्रि को बगीची के बालाजी के मंदिर परिसर में रखी दानपेटी तोड़कर कोई अज्ञात चोर उसमें रखी धनराशि को चोरी करके ले गये। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज किया, मामले में चोरी के आरोपियों की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक राजेश ढाका के सुपरविजन में दीगोद थानाधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनिकी संसाधन व मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मंदिर परिसर से दानपेटी में चोरी के मामले में दो आरोपी निमोदा रोड़ दीगोद निवासी अर्जुन एवं दीगोद निवासी विशाल को गिरफ्तार किया।

## हादसे में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**कोटा, (निसं)।** मंडाना थाना इलाके में नेशनल हाइवे-52 पर हुए सड़क हादसे मे बाक सवार दो युवको में से एक युवक की मौत हो गई एवं एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हादसा बाइक के आगे चल रहे पिकअप चालक द्वारा अचानक से वाहन के ब्रेक लगाने से हुआ, वाहन के अचानक ब्रेक लगने से पीछे चल रहे बाइक सवार की बाइक पिकअप में टकरा गई। मंडाना थानाधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि मंगलवार रात्रि को दो युवक सुनील व मनोज दोनों मोटरसाइकिल से कोटा की तरफ आते समय नेश्नल हाईवे पर एक ढाबे के समीप मोटरसाइकिल से आगे चल रहे पिकअप वाहन के चालक ने अचानक से ब्रेक लगा दिये, जिससे पिकअप के पीछे चल रही बाइक पिकअप से टकरा गई। दोनों युवकों को घायलावस्था में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। थानाधिकारी ने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान सुनील ने दम तोड़ दिया, वहीं हादसे में घायल मनोज का उपचार जारी है।

- **वाहन के अचानक ब्रेक लगने से पीछे चल रहे बाइक सवार की बाइक पिकअप में टकराई**

# शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी, दुल्हन व दो एजेंट भरतपुर व दिल्ली से गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** लोहारिया थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाली दुल्हन व दो एजेंटों को भरतपुर व दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि गत 20 अगस्त को प्रार्थी सहर्श पुत्री रविन्द जैन निवासी सुंदनी ने रिपोर्ट दी कि उसने शादी करने के लिये अपने मिलने वाले राजकुमार सोनी के मार्फत भरतपुर के नदबई निवासी जयपाल से संपर्क किया, जिसने दिल्ली में उसके मिलने वाले बबलु नाम के व्यक्ति के संपर्क में लड़की का होना बताया, जिस पर प्रार्थी एजेंट के माध्यम से दिल्ली पहुंचा जहां एक लड़की दिखाई गयी जिसका नाम खुशबू होना बताया। प्रार्थी उस लड़की से शादी करने के लिये तैयार हुआ और 1 लाख 80 हजार रूपये देने की बात तय हुई। 14 अगस्त को प्रार्थी ने खुशबू से आर्य समाज मंडल दिल्ली में शादी की एवं वहां से 80 हजार रूपये ऑनलाइन एजेंट को देना बताया एवं एक लाख रूपये लड़की के प्रार्थी के गांव सुंदनी पहुंचने पर एजेंट को देना तय हुआ। 15 अगस्त को प्रार्थी उसकी पत्नी खुशबु, एजेन्ट जयपाल सिंह व बबलु के साथ गांव सुंदनी आये और एजेंट को एक लाख रूपये नगद दिये जो लेकर दोनों एजेंट वापस चले गये और उसी रात्रि को प्रार्थी की पत्नी खुशबु झांसा देकर फरार हो गयी।

- **पुलिस टीम ने आरोपियों के मोबाइल नंबरों की डिटेल व लोकेशन प्राप्त कर कार्रवाई की और सभी को गिरफ्तार किया**



लोहारिया पुलिस ने शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाली दुल्हन व दो एजेंटों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया और गवाह के बयान एवं लेन-देन संबंधी दस्तावेज प्राप्त किये। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज, वृताधिकारी गढ़ी सुदर्शन पालीवाल के निर्देश पर थानाधिकारी शिशुपाल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की।

मामला धोखाधड़ी का होकर आरोपियों के भरतपुर व दिल्ली के निवासी होने से टीम गठित की गयी। इस टीम ने आरोपियों के मोबाइल नंबरों की डिटेल व लोकेशन प्राप्त की एवं इसी आधार पर भरतपुर से आरोपी जयपाल सिंह को एवं दिल्ली से रामअचल उर्फ बबलु एवं कृष्णा उर्फ खुशबु उर्फ बिना चौधरी को डिटेन कर थाने पर लाये एवं उन्होंने पूछताछ के बाद षड्यंत्रपूर्वक शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया।

# रामदेव जयंती और तेजा दशमी पर मंदिरों में उमड़े हजारों श्रद्धालु

**जयपुर** (कासं)। भाद्रपद शुक्ल दशमी मंगलवार को लोक देवता बाबा रामदेव और तेजाजी का छोटीकाशी के हर कोने में भक्तिभाव से पूजन किया गया।

सर्व समाज के लोगों ने दोनों लोक देवता के थान (थान) में पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। श्रद्धालु

> ■ **सर्व समाज के लोगों ने दोनों लोक देवताओं के स्थान में पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया**




**भाद्रपद शुक्ल दशमी पर लोक देवता बाबा रामदेवजी और तेजाजी के मंदिरों में श्रद्धालु उमड़े।**

बाबा की समाधि और चरणों के दर्शन कर म्हारो हेलो सुनो जी रामा पीर..., खम्मा-खम्मा हो म्हारा रूणिचै रा धनियां.. जैसे भजनों पर झूमते नजर आएं। शाम को रामदेव मंदिर-तेजाजी मंदिरों में मेले का सा माहौल रहा।

देर रात तक भजन संध्या और जागरण में स्थानीय कलाकारों और रामदेव जी के भोपा भक्तों ने थांवला और फड़ सुनाए। लोक देवता वीर शिरोमणि तेजाजी महाराज का बलिदान दिवस भाद्रपद शुक्ल दशमी मंगलवार को तेजा दशमी के रूप में भक्तिभाव से मनाया गया। तेजा दशमी पर सोडाला के रामनगर विस्तर स्थित गुरुदास रोड से गाजेबाजे और जयकारों के साथ मुख्य सोडाला स्थित श्री तेजाजी मंदिर तक चतुर्थ ध्वज यात्रा निकाली गई। संतों-महंतों के सान्निध्य में निकली ध्वज यात्रा में सर्व समाज के लोगों ने भागीदारी कर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया।

ध्वज यात्रा के संयोजक गौरव गुर्जर ने बताया कि मुख्य अतिथि वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कालू लाल गुर्जर, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, रामनगर, सोडाला के महंत अवधेशदास महाराज, भाजपा जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल,भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने ध्वज पूजन कर यात्रा को रवाना किया।

ध्वज यात्रा के संयोजक गौरव गुर्जर ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। वीर तेजाजी के जयकारों के साथ निकली ध्वज यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विभिन्न मार्गों से होते हुए ध्वज यात्रा मुख्य सोडाला स्थित श्री तेजाजी मंदिर पहुंची। यहां महाआरती का आयोजन किया गया।

छोटीकाशी में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर मेलों का आयोजन हुआ। जहां हजारों की संख्या में जातरु ढोक लगाने पहुंचे। पुआ-पकौड़ी, कच्चे नारियल, अनाज, खीर-बताशे का भोग लगाया गया। सुबह से देर रात तक तेजाजी और रामदेवजी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।

श्रद्धालुओं ने तेजाजी और बाबा रामदेव के दर्शन कर ज्योत ली। जहरीले जीव जंतुओं से रक्षा करने की प्रार्थना की। घरों में भी ज्योत लेकर खीर, पुए-पुड़ी का भोग लगाया गया। नाहरी का नाका स्थित बाबा रामदेव मंदिर में अभिषेक कर मनोहरी शृंगार किया जाएगा। बाबा को दाल, बाटी, चूरमा का भोग लगाया गया।

वीटी रोड मानसरोवर के वीर तेजाजी मंदिर में मेले में हजारों की संख्या में भक्त हाजिरी देने पहुंचे। मुख्य सडक़ तक भक्तों की कतार लग गई। सोडाला स्थित पुराने तेजाजी मंदिर में तेजाजी का मेला भरा। लूनियावास स्थित वीर तेजाजी धाम में तेजा बाबा की ज्योत प्रज्जवलित कर भजनों से बाबा को रिझाया ।

खीर, पुए, पुड़ी, कच्चा नारियल का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने अनाज और नारियल भेंट कर मनौति मांगी। टोंक रोड के प्रहलादपुरा स्थित वीर तेजाजी मंदिर में श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की।

## दो आई.पी.एस. का तबादला, तीन आर.ए.एस. एपीओ

**जयपुर** । राज्य सरकार ने मंगलवार को आदेश जारी कर भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी.एस.) के दो अधिकारियों का तबादला किया। इसके अलावा अन्य आदेश जारी कर तीन आर.ए.एस. अधिकारियों को भी आदेशों की प्रतीक्षा में (एपीओ) किया गया। कार्मिक विभाग के आदेश के मुताबिक आई.पी.एस. आदर्श सिधू को पाली पुलिस अधीक्षक के पद पर लगाया गया है। जबकि पुलिस अधीक्षक मानवाधिकार के पद पर तैनात आई.पी.एस. अधिकारी केवलराम राव को 12वीं बटालियन आरएसी नई दिल्ली में कमाण्डेंट के पद पर लगाया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने तीन आरएएस अधिकारियों को प्रशासनिक कारणों से एपीओ किया है। एपीओ होने वाले अधिकारियों में अतिरिक्त जिला कलेक्टर बालोतरा गुंजन सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, झुंझुनूं रणजीत सिंह और उपखंड अधिकारी, परबतसर रामकुमार टाडा शामिल हैं।

# बारिश में बस्ती उजाड़ने जे.डी.ए. का दस्ता पहुंचा तो उपमुख्यमंत्री ने फटकार लगाई

**जयपुर** (कासं)। राजधानी में बारिश थमने का नाम नहीं ले रही। अतिवृष्टि से पक्के मकानों से भी पानी टपक रहा। सड़क किनारे झोपड़-पट्टी लगाकर रहने वालों की जान सांसत में है। इसी बीच जेडीए का दस्ता जब विद्याधर नगर क्षेत्र में बसी बस्तियों को उजाड़ने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंच गया तो लोगों ने बारिश का हवाला देकर मोहलत मांगी। परंतु जेडीए अधिकारी-कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं हुए। ऐसे में जन अधिकार समिति जयपुर प्रांत एवं घुमंतु उत्थान न्यास के प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात कर विद्याधर नगर क्षेत्र की घुमंतु बस्तियों को प्रशासन द्वारा हटाए जाने के मामले में ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि बारिश के मौसम में ये लोग बेघर हो गए तो सिर छिपाने की भी जगह नहीं मिलेगी। ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ने तुरंत ही प्रशासन को फटकार लगाई और निर्देश दिए कि बस्तियों को हटाया न जाए तथा शीघ्र समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि बजट सत्र में दिया कुमारी द्वारा घुमंतु समाज के लिए 25 हजार पट्टों की घोषणा की गई थी। उसी के तहत इन बस्तियों का पुनर्वास कर पट्टे वितरित किए जाएं। प्रतिनिधि मंडल में जन अधिकार समिति जयपुर प्रान्त के सह संयोजक राकेश बिड़ावत, हीरा लाल गाडियां लोहार, सुन्दर लौहार सहित अन्य लोग शामिल रहे।



**जन अधिकार समिति जयपुर प्रांत एवं घुमंतु उत्थान न्यास के प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात कर घुमंतु बस्तियों को प्रशासन द्वारा हटाए जाने के मामले में ज्ञापन सौंपा।**

## श्राद्ध पक्ष में होंगे पितृ तृप्ति महायज्ञ

**जयपुर** । श्राद्ध पक्ष के तीनों रविवारों को गोविंद देवजी मंदिर में पितृ तृप्ति महायज्ञ होगा। श्रद्धालु अपने दिवंगत पितृगणों की स्मृति में यहां हवन में आहुतियां प्रदान कर सकेंगे। सभी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं को निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू हो रहे श्राद्ध पक्ष और चन्द्रग्रहण के उपलक्ष्य में गोविन्द देवजी मंदिर में सात सितंबर को सुबह आठ से दस बजे तक श्री मन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में नि:शुल्क पितृ तृप्ति गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिन श्रद्धालुओं का श्राद्ध पूर्णिमा को है उनके पितृगणों के लिए विशेष आहुतियां दिलवाई जाएंगी। सभी सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि जिनका जन्मदिन या विवाह दिवस 7 सितम्बर को है, उनके लिए विशेष संस्कार हवन के साथ संपन्न कराया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को युग निर्माण सत्संकल्प पत्रक एवं गायत्री चालीसा भेंट की जाएगी। श्राद्ध पक्ष में 14 व्र 21 सितंबर को भी गोविंद देवजी मंदिर में निशुल्क हवन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### राजेन्द्र स्वर्णकार को साहित्य सम्मान



**जयपुर** । हिंदी साहित्य संसद, चूरू द्वारा साहित्य सृजन एवं अन्य ललित कलाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु वर्ष 2025 का जनकवि प्रदीप शर्मा साहित्य सम्मान एवं पुरस्कार बीकानेर के लोकप्रिय कवि, गीतकार, ग़ज़लकार, गायक, कम्पोजर राजेन्द्र स्वर्णकार को प्रदान किया जायेगा। यह सम्मान संस्था द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर 2025 को चूरू में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में प्रदान किया जायेगा। हिंदी साहित्य संसद के अध्यक्ष और जाने माने साहित्यकार बनवारी लाल खामोश ने राजेंद्र स्वर्णकार को बधाई देते हुए ढंढ परिवार का भी आभार व्यक्त किया। खामोश ने बताया की पुरस्कार स्वरूप 11000/- नकद राशि, श्री फल, स्वर्ण पदक, सम्मान-पत्र, स्मृति-चिन्ह आदि अर्पित किये जायेंगे। राजेंद्र स्वर्णकार काव्य की विभिन्न विधाओं,रंग-रसों में राजस्थानी, हिंदी में छंदबद्ध काव्य सृजन के साथ लगभग तीन हज़ार गीत,ग़ज़ल, नवगीत,कवित्त, कुंडलियां,हरिगीतिकाएं,सवैये, दोहे,सोरठे सहित विविध मात्रिक/ वर्णिक छंद, मुक्तक एवं कविताओं का सृजन तथा लगभग दो सौ से अधिक स्वयं की मौलिक धु नों का निर्माण किया है।

### जयकुमार को मरदा स्मृति कोश सम्मान



**जयपुर** । हिंदी साहित्य संसद चूरू द्वारा साहित्य सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु वर्ष 2025 का रामादेवी भागीरथ प्रसाद मरदा स्मृति कोश सम्मान एवं पुरस्कार रतनगढ़ के मूल निवासी और कोलकाता प्रवासी श्री जयकुमार रुसवा को प्रदान किया जायेगा। हिंदी साहित्य संसद के अध्यक्ष बनवारी लाल खामोश ने बताया यह सम्मान संस्था द्वारा इस वर्ष हिंदी दिवस 14 सितंबर 2025 को चूरू में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में प्रदान किया जायेगा। संस्था के प्रवक्ता चंद्र प्रकाश ढंढ ने बताया पुरस्कार स्वरूप संस्था द्वारा 11000/- नकद राशि, श्री फल, स्वर्ण पदक,सम्मान-पत्र,स्मृति चिन्ह, शाल आदि अर्पित किये जायेंगे। जयकुमार रुसवा कविता, छंद, मुक्तक, दोहे, गीत, ग़ज़ल, हाईकू,क्षिणकाएं, लघुकथा, कहानी आदि विधाओं में लेखन करते है परन्तु पहचान हास्य-व्यंग्य कवि के रूप में में भी है।

### देवदर्शन यात्रा कर मनाया जन्मदिन



**जयपुर** । विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित पंचदिवसीय देवदर्शन यात्रा के दौरान विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पवित्र धामों-मेहंदीपुर बालाजी, गोवर्धन, अयोध्या, काशी विश्वनाथ, प्रयागराज एवं चित्रकूट-की यात्रा कर आध्यात्मिक वातावरण में जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रतिनिधि समूह ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ जन्मदिवस उत्सव मनाया। फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने बताया कि मंजू शर्मा ने अपने जन्मदिन को आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान करते हुए सनातन संस्कृति के उत्थान और समाज में धार्मिक चेतना जागृत करने के लिए यह देवदर्शन यात्रा की। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नारायण लाल शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री रामलाल शेरावत, प्रशासनिक अधिकारी रमाशंकर शर्मा, महेंद्र मठाला, भगवान सहाय जाखड़, हरि शंकर सैनी आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कुशवाहा समाज की वार्षिक गोठ

**जयपुर** । कुशवाहा समाज समिति जयपुर का वार्षिक गोठ और समारोह रविवार को श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर, आर टीओ ऑफिस के पीछे, विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित की गई। दाल बाटी चूरमा खाने वाले सुरमा के नाम से समिति के महासचिव पी सी मौर्य ने संबोधित करते हुए समाज के इस तरह के आयोजन समाज को संगठित शिक्षित करने का माध्यम बताया। इस दौरान विस्तारित कार्यकारिणी के लगभग 100 लोगों का माल्याअर्पण करके स्वागत किया गया। विषय विशेषज्ञों ने स्वच्छता, मौसमी बीमारियों के बारे में समाज के सभी लोगों को जागरूक किया और समाज के बच्चों, छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। समिति के अध्यक्ष दीनानाथ सिंह, महासचिव पीसी मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, सचिव रमेश सिंह, सदस्य राम सुहासित अनिल सिंह , प्रमोद कुमार रामनिवास, मानसिंह, अनिल कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह ने लोगों का आव्हान किया कि देश की प्रगति के लिए पूर्ण समर्पित रहना चाहिए ,व्यवस्था प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं का सभी ने दिल से भरी-भरी प्रशंसा की।

### ड्रोन शो के साथ इवेंटस्थान का आगाज़

**जयपुर** । फैडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) द्वारा और ब्लैक रॉक के सहयोग से आयोजित 12वें वार्षिक संस्करण इवेंटस्थान 2025 के पहले दिन फेयरमोंट जयपुर में तकनीक, संगीत और परंपरा का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत ओपन नेटवर्किंग सत्र से हुई, जिसमें देशभर से आए 250 से अधिक इवेंट मैनेजर्स, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स ने संवाद और विचार-विमर्श किया। इसके बाद शाम का सबसे आकर्षक पल रहा बॉटलैब का ड्रोन शो जिसमे आसमान पर भारत का नक्शा, फोरम का लोगो, इंवेटस्थान के 12वें संस्करण की आकृति बनाकर सभी को रोमांचित कर दिया। फोरम अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने कहा कि आईफा की ओर से सब्बास जोज़फ भी इवेंटस्थान 2025 में शामिल हो रहे है और 3 सितम्बर को कार्यक्रम में कीनोट अड्रेस देंगे। फोरम सेक्रेट्री अजय चौहान में कहा कि शाम की रौनक को और बढ़ाया जयपुर के लोकप्रिय गायक नावज्योत ने जिन्होंने अपनी मधुर आवाज़ और ऊर्जावान परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया।

# ऑल इंडिया बार एग्जाम पास करने के बाद भी वकील को क्यों दिखाया असफल?

## राजस्थान हाईकोर्ट ने इस प्रकरण में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सचिव को 9 सितंबर को तलब किया है

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने साल 2012 में ऑल इंडिया बार एग्जाम पास करने के बाद वकालत कर रहे वकील को अब इस परीक्षा को पास नहीं करने वालों की सूची में शामिल करने पर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सचिव को 9 सितंबर को तलब किया है। अदालत ने कहा है कि सचिव व्यक्तिगत या वीसी के जरिए पेश होकर प्रकरण से अदालत को अवगत कराए। अदालत ने इस दौरान संबंधित रिकॉर्ड भी पेश करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने बार कौंसिल ऑफ इंडिया से भी जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश भागीरथ की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा और अधिवक्ता अक्षय शर्मा ने अदालत को बताया कि बीसीआर ने साल 2012 में याचिकाकर्ता का नामांकन पर स्थाई वकालत के लिए उसे प्रमाण पत्र जारी किया गया। वहीं बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने 2010 के नियमों को लागू करते हुए साल 2012 में ऑल इंडिया बार एग्जाम आयोजित किया। जिसमें याचिकाकर्ता शामिल होकर परीक्षा में पास हुआ। इस पर याचिकाकर्ता ने बीसीआई से प्रैक्टिस प्रमाण पत्र मांगा। जिस पर कौंसिल ने उससे ढाई हजार रुपए का शुल्क जमा करवाया। याचिका में कहा गया कि बार कौंसिल ऑफ राजस्थान ने एक सूची जारी कर ऑल इंडिया बार एग्जाम पास नहीं करने वाले वकीलों को प्रैक्टिस प्रमाण पत्र जारी करने से इनकार कर दिया। इस सूची में याचिकाकर्ता का नाम भी शामिल किया गया, जबकि वह पूर्व में ही यह परीक्षा पास कर चुका है। याचिका में कहा गया कि इसकी शिकायत बार कौंसिल ऑफ इंडिया में करने पर उसे सूचित किया गया कि ऑल इंडिया बार एग्जाम में फेल हुआ था। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि उसे पहले पास बताया गया और प्रमाण पत्र जारी करने के बदले फीस भी ली गई। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बीसीआर के सचिव को पेश होने के आदेश दिए हैं।

## पर्यावरणीय प्रदूषण पर सम्मेलन आज से

**जयपुर** । "पर्यावरणीय प्रदूषण : चुनौतियां और समाधान" राष्ट्रीय सम्मेलन 3 व 4 सितंबर को जयपुर स्थित मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग (एकेडमिक स्टाफ) सभागार में एपीजे अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापोल की ओर से आयोजित किया जायेगा।

इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रात: 11 बजे होगा जिसकी अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रोफेसर अल्पना कटेजा करेंगी तथा मुख्य अतिथि विश्वविख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित केदार लाल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में मुकेश गुप्ता (फाउंडर एवं एडिटर, हेलो किसान) और प्रो. अशोक कुमार (पूर्व कुलपति, डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं अध्यक्ष, ) शामिल होंगे। देशभर से लगभग 430 प्रतिभागियों की सहभागिता वाले इस सम्मेलन में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों मोड पर 6 शैक्षिणक सत्र आयोजित होंगे।

# आपके घर हूपर नहीं आ रहा तो क्यूआर कोड स्कैन करे

**जयपुर** । नगर निगम जयपुर हैरिटेज ने शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं पारदर्शी बनाने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। इस पहल को ज़मीनी स्तर सफल बनाने के लिए निगम प्रशासन अपनी आईईसी एक्टीविटी के जरिए कच्ची बस्तियों में नागरिकों को जागरूक करने और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी देने का कार्य कर रही है।




निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल के निर्देश पर इस पहल के तहत वार्ड संख्या 54, सिविल लाइंस ज़ोन सहित कच्ची बस्तियों, स्लम क्षेत्रों और बाज़ारों में क्यूआर कोड लगाए गए। इन क्यूआर कोड्स के माध्यम से नागरिक सीधे अपनी शिकायत, प्रश्न और फीडबैक दर्ज करा सकेंगे। यदि किसी मोहल्ले में सफाई नहीं हो रही है या सफाई वाहन समय पर नहीं पहुँच रहा है, तो लोग अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करके तुरंत शिकायत कर पाएंगे। आयुक्त नगर निगम हेरिटेज, डॉ. निधि पटेल ने बताया कि यह पहल नागरिकों को जागरूक करने और सफाई व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शुरू की है। शिकायत दर्ज करने की सुविधा अब क्यूआर कोड से और भी आसान हो गई है, जिससे समस्या का समाधान अधिकतम 24 घंटे के भीतर किया जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने किया विमोचन

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने मंगलवार को जयपुर में "वॉयसेज़ ऑफ भारत: युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी" अभियान के तीसरे न्यूज़लेटर का विमोचन किया। उन्होंने सितंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में जयपुर में प्रस्तावित दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में भी आमंत्रण स्वीकार किया।




इस एक वर्षीय अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून 2025 को की थी। "वॉयसेज़ ऑफ भारत: युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी" का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए कहानी कहने, पॉडकास्ट, वीडियो और डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रेरित और प्रशिक्षित करना है। अभियान के तहत अब तक कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें वेबिनार श्रृंखला और 21 जुलाई 2025 को कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में आयोजित पहला राष्ट्रीय युवा स्थिरता सम्मेलन शामिल है। डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा, "सतत विकास समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारे युवा इसके सशक्त वाहक बन सकते हैं। 'वॉयसेज़ ऑफ़ भारत : युवा फ़ॉर सस्टेनेबिलिटी' राजस्थान से शुरू होकर अब राष्ट्रीय आंदोलन बन रहा है।"

# सड़क निर्माण के 2.65 करोड के टैंडर में सिंगल फर्म आई, वर्क ऑर्डर की तैयारी!

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-7 में सड़क निर्माण के टैंडर में अजब-गजब मामला सामने आ रहा है। झोटवाडा विधानसभा क्षेत्र की कॉलोनियों मूर्ति नगर, ढाका नगर, लक्ष्मी नगर-डी और शेखावत कॉलोनी की सड़क बनाने के लिए जेडीए के जोन-7 प्रशासन ने पिछले दिनों 2.65 करोड की निविदा लगाई थी, इस टैंडर में सिर्फ अकेली फर्म मैसर्स सरस्वती कंस्ट्रक्शन कंपनी ने भाग लिया। इस फर्म ने करीब 17.89 प्रतिशत कम दर पर यह कार्य करने की सहमति दी है।

परंतु हैरानी की बात यह है कि टैंडर में सिर्फ एक फर्म के शामिल होने के कारण फेयर कम्पीटिशन नहीं हुआ, इसके बावजूद भी अधिकारी इस फर्म को ठेका देने की तैयारी में जुटे हुए है। सूत्रों ने बताया कि जेडीए जोन-7 ने झोटवाडा विधानसभा क्षेत्र की कई कॉलोनियों में सड़कें बनवाने के लिए के 2.65 करोड रु. का टैंडर जारी किया था। परंतु इस निविदा में एकमात्र फर्म मैसर्स सरस्वती कंस्ट्रक्शन कंपनी शामिल हुई। चूंकि आर.टी.पी.पी. एक्ट के मुताबिक निविदाओं में सिंगल फर्म को कार्यादेश नहीं दिया जा सकता।

चूंकि तकनीकी बिड खोलते समय ही अधिकारियों को यह मालूम पड़ जाता है कि कितनी फर्मों ने इस टैंडर में भाग लिया है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जेडीए प्रशासन भी सिंगल फर्म वाली निविदाओं को रद्द करते हुए पुन: टैंडर करता आया है।

जिसका ताजा उदाहरण पिछले दिनों जोन 14 में भी देखने को मिला था, यहां पर नाले के बॉक्स डालने के टैंडर में जब सिंगल फर्म ने भाग लिया था तो जेडीए प्रशासन ने निविदा रद्द कर दी थी।

# विदेशी पर्यटकों के लिए जी.एस.टी. हटाने की मांग

**जयपुर** (कासं)। इंडियन हैरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) ने भारत सरकार के पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को एक ज्ञापन सौंपकर विदेशी पर्यटकों के लिए जीएसटी हटाने की मांग की है। इस कदम से इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारत को दक्षिण-पूर्व एशिया और इजराइल जैसे गंतव्यों के साथ अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी। इससे अमेरिकी टैरिफ के मौजूदा मुद्दों से उत्पन्न विदेशी मुद्रा घाटे की भरपाई में भी मदद मिलेगी। यह बात आईएचएचए के सेक्रेटरी जनरल, कैप्टन गज सिंह अलसीसर ने मंगलवार को अलसीसर हवेली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

उन्होंने बताया कि इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन की 24वीं एनुअल जनरल मीटिंग और 12वां एनुअल कन्वेंशन इस वर्ष जयपुर स्थित कासल कानोता में 6 से 7 सितंबर को आयोजित होगा। कार्यक्रम में पूरे भारत से लगभग 150 हेरिटेज होटेलियर्स के शामिल होने की उम्मीद है। कैप्टन अलीसार ने बताया कि पिछले वर्ष हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा देने के लिए की गई आईएचएचए की मांग को केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है और इसे अपने बजट में घोषित भी कर दिया गया है। साथ ही, इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।




> ■ **इंडियन हैरिटेज होटल्स एसो. का 12वां एनुअल कन्वेंशन और 24वीं जनरल मीटिंग 6-7 सितंबर को होगी**

आईएचएचए कमेटी सदस्य, शत्रुंजय सिंह ने कहा कि इस वर्ष के आईएचएचए कन्वेंशन की थीम रोमांटिक हैरिटेज है। हेरिटेज प्रॉपर्टीज में स्वाभाविक रूप से रोमांस की भावना समाहित होती है, जो उनकी कलिनरी परम्पराओं, म्यूजिक, आर्किटेक्चर और इक्वेस्ट्रियन संस्कृति में प्रतिबिम्बित होती है।

कासल कानोता के संरक्षक पृथ्वी सिंह कानोता और प्रताप कानोता ने बताया कि एनुअल कन्वेंशन के पहले दिन 6 सितंबर (शनिवार) को राजस्थान की उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी दीप प्रज्वलित कर एग्जीबिशन का उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर आईएचएचए के प्रेसिडेंट एमिरेट्स, एचएच महाराजा गज सिंह; आईएचएचए के महासचिव, कैप्टन गज सिंह अलसीसर; आईएचएचए के उपाध्यक्ष, स्टीव बोर्जिया सहित राजस्थान सरकार के पर्यटन अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र के दौरान संजीव विद्यार्थी द्वारा रिवाइवल ऑफ हेरिटेज आर्किटेक्चर विषय पर चर्चा आयोजित होगी। इसके पश्चात, अभिमन्यु सिंह अलसीसर द्वारा राजस्थान के लोक संगीत पर एक डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त, वीर विजय सिंह डुंडलोद द्वारा होटल ऑपरेशंस पर एक संवाद और सोलर एज टेक्नोलॉजीस द्वारा एक प्रजेंटेशन प्रस्तुत की जाएगी। दिन के दौरान एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक होगी, जिसमें भारत सरकार के पर्यटन मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत शिरकत करेंगे और सदस्यों को संबोधित करेंगे। इस बैठक में केवल एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य हिस्सा लेंगे।

# सरकारी-गैरसरकारी स्कूलों में लगेगी पुस्तक प्रदर्शनी

**जयपुर** (कासं)। शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार ने आदेश जारी करते हुए प्रदेश के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेरणादायी साहित्य से जोड़ना तथा उनमें शिक्षा, संस्कार और चरित्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना है।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर सीताराम जाट (आईएएस) द्वारा जारी आदेशानुसार विद्यालयों में लगने वाली इस प्रदर्शनी में युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित विभिन्न विषयों की पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी। इन पुस्तकों में महापुरुषों की जीवनियां, योग-प्राणायाम, स्वास्थ्य संवर्धन, कुरीति उन्मूलन, नैतिक मूल्यों का विकास तथा चारित्रिक निर्माण जैसे विषय शामिल हैं। शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को पुस्तकों को पढ़ने और खरीदने दोनों की सुविधा मिलेगी। विशेष छूट के साथ उपलब्ध कराई जाने वाली ये पुस्तकें विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होंगी। गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी राज्य के सभी जिलों के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग ने सभी सम्भागीय संयुक्त निदेशकों एवं संस्था प्रधानों को इस प्रदर्शनी के आयोजन में सहयोग प्रदान करने और विद्यालय स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार वर्षों से सामाजिक जागरण, शिक्षा-संस्कार प्रसार और कुरीति उन्मूलन जैसे अभियानों में सक्रिय है। विद्यालयों में यह पहल विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी शिक्षा देने के साथ उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगी।



## Reaching New Heights: National Skyscraper Day

Celebrated on September 3, National Skyscraper Day pays tribute to the towering marvels of modern architecture that define city skylines across the world. These vertical giants are not just feats of engineering but symbols of human ambition, innovation, and progress. From the Empire State Building in New York to the Burj Khalifa in Dubai, skyscrapers reflect a blend of design brilliance and urban functionality. In India, cities like Mumbai, Gurugram, and Bengaluru are embracing high-rises as solutions to urban space constraints. The day honours the visionaries, architects, and engineers who dare to build upward, transforming skylines and inspiring future possibilities.



#FOOD FOR THOUGHT

# Timeless Truths

"If loyalty were real, water would never cook the fish."



In a world overflowing with noise and distraction, certain truths cut through with undeniable clarity. Whether whispered in wisdom or learned through life's harsh realities, these reflections offer a sobering look at the human condition. From family dynamics to the silence of grief, these insights remind us of life's beauty, betrayal, and brevity, all in a few sharp lines. Here are 15 such truths that resonate more deeply the older we get.

### 1. The Enemy Within

*"When the axe came to the forest, the trees said, 'The handle is one of us.' Until they felt its cuts."*

Trust is often betrayed not by strangers, but from within our own circle.

### 2. Mistakes and Maturity

*"A pencil becomes a pen as a child grows, so they learn that not all mistakes can be erased."*

A powerful metaphor for growing up, and being held accountable.

### 3. Mortality's Quiet Reminder

*"One day, the ground we walk on will become our roof."*

A poetic way to confront the inevitable end we all share.

### 4. When Loyalty Is a Lie

*"If loyalty were real, water would never cook the fish."*

Even what sustains you can destroy you, if loyalty is missing.

### 5. If Only...

*"How I wish RIP meant 'Return If Possible.'"*

A mournful wish that captures the weight of irreversible loss.

### 6. A Father's Silent Dream

*"The day you lose your father is the day you realize he was the only man who wanted to see you better than himself."*

Often unspoken, a father's love runs deep, and endures through loss.

### 7. Future Fears, Present Loss

*"You may not even be part of the future you're stressed about today."*

A striking reminder to live in the now.

### 8. Misplaced Fear

*"The sheep feared the wolf all her life, but it was the shepherd who ate her."*

Sometimes, danger comes from those who appear to protect.

### 9. Family Isn't Always Fair

*"Just because you have a good mother doesn't mean your father has a good wife."*

A blunt, unsettling truth about the imbalance of love within homes.

### 10. The Evolution of Pain

*"As children, we cried loudly to be noticed. As adults, we cry silently so no one notices."*

Emotional expression changes with age, but the pain remains.

### 11. Wisdom on a Plate

*"My mother always said, 'Don't talk while eating.' I didn't know she meant in life too."*

Sometimes, the smallest sayings carry the biggest lessons.

### 12. Kindness Has No Guarantee

*"Being a good person doesn't mean the world owes you kindness."*

Goodness is its own reward, but not always returned.

### 13. Disposable Help

*"When the blind man gained sight, he threw away the stick that guided him."*

Gratitude often fades once people no longer need you.

### 14. The Price of Belonging

*"Nowadays, you may need money to be accepted by your own family."*

When wealth determines worth, even at home.

### 15. The Illusion of Togetherness

*"Family is like a forest: united from a distance, but divided up close."*

Appearances often mask emotional separation.

### Final Reflection

Each of these truths may strike a different chord depending on who reads them, but collectively, they offer a striking narrative on betrayal, love, mortality, and identity. In a time when headlines change by the hour, sometimes, it's these quieter observations that stay with us the longest.





# Mongoose Is

## Mangus In Marathi and Tamil Mangisu in Telugu, Mungisi in Kanarese

Humans have long admired mongooses for the animals' ability to kill venomous snakes, including cobras and adders. Mongooses are formidable opponents for snakes largely because of speed and agility, which helps the mongoose avoid the reptiles' fangs and launch quick attacks when sensing an opening. But some mongoose species also have an extra advantage: They've evolved resistance to neurotoxic snake venom and keep fighting even after receiving a bite that would kill most animals their size. They're not immune to the venom, but thanks to special mutations in their nervous system, the neurotoxin has difficulty binding to their nicotinic acetylcholine receptors, rendering it less effective.



The woman and the mongoose. Panchtantra fable engraved in many temples such as Virupaksha temple at Pattadakal.

● Kshema Jatuhkarna



In a story by Rudyard Kipling, the mongoose is made a hero, the story goes thus.

Nearly drowned from an intense seasonal thunderstorm, a curious and adventurous mongoose, later named Rikki-Tikki-Tavi for his chattering vocalizations, is rescued by a small British family, a man and wife and their son Teddy, residing in a large home and garden in India. After Rikki revives, he explores the house and quickly endears himself to the family. He spends his first night there cuddling with Teddy as he sleeps; the wife fears that Rikki will bite Teddy, but the man assures her that Teddy is safer with Rikki than if he had a bloodhound to watch him.

The next morning, Rikki explores the house and garden where he befriends other creatures including Darzee, a carefree tailor bird and his sensible wife, and Chuchundra, a timid muskrat. But he soon encounters two cobras, named Nag and his mate Nagaina, who are highly protective of what they deem to be their territory, and now fear Rikki as a threat to their unborn children. Scared at first, Rikki soon remembers that a mongoose's purpose is to fight and kill snakes, and fends them both off after a brief skirmish; after they slip away, Rikki realizes he now has his work cut out for him, not only with the fact that he cannot take on two cobras at once, but also that there's no herbal antidote for a cobra's bite.

Later that day, a dust-brown snakeling, named Karait, threatens Teddy. Unaware that the smaller snake is even more dangerous than a cobra, Rikki fights and kills Karait, and then presents its body to the man as proof of the mongoose's victory. That night, Rikki goes for his nightly walk and overhears Nag and Nagaina scheming to kill the family to take over the house for their hatchlings and drive Rikki away. Nag enters the house's bathroom before dawn waiting for the kill. But Rikki is able to sneak up on Nag and makes the first move ambushing him from above in the darkness, tightly biting down on his hood. The ensuing struggle awakens the man, who shoots and apparently kills Nag with a shotgun.

The next day, a mourning Nagaina swears vengeance, and on Rikki's direction, Darzee's wife diverts Nagaina as Rikki goes and destroys all but one of the cobra eggs. But the subterfuge is temporary as Nagaina goes to the house veranda and threatens to strike Teddy while his parents helplessly watch. Holding the last cobra egg, Rikki taunts and distracts Nagaina as Teddy is pulled to safety, and tells her that Nag was already dead when the man shot him. As they fight, Nagaina grabs her egg and quickly retreats, but Rikki chases her down a cobra hole. Fearing the worst, Darzee mourns Rikki's death via song, but moments later when Rikki emerges and declares Nagaina dead, Darzee changes his tune from sadness to elation. With the immediate danger neutralized, Rikki dedicates himself to protecting his new home, ensuring that no snake would dare show its head within its walls.

A lovely tale, probably inspired by the already well-known Indian tale about a faithful mongoose, the Indian children have been hearing from grandmoms for years, but let us know the animal. A mongoose is a small, dynamic mammal with a long body and short legs. Mongooses are famous for standing their ground against venomous snakes, both in literature and in real life, but they're also complex creatures with many other interesting quirks. So, know them! Here are a few things you may not know about mongooses.



## #GENIALLY WILD



### The Plural Is 'Mongooses,' But It's OK to Say 'Mongeese'

Since English speakers are accustomed to the plural of 'goose' being 'geese,' it might feel strange to say 'mongooses' when referring to more than one mongoose. 'Mongooses' is indeed the correct plural form, but some dictionaries also recognize 'mongeese' as an alternative. So why is 'goose' in the word 'mongoose' in the first place? The animal's name may have come from *mangus* in Marathi and Tamil, *mangisu* in Telugu, or *mungisi* in Kanarese. The current English spelling is believed to have arisen from folk etymology, according to Etymology Online.

### There Are About 30 Mongoose Species Around the World

Mongooses belong to the taxonomic family Herpestidae, which includes some 30 species across 20 genera. They're native to Africa, Asia, and southern Europe, but some species have also spread beyond their native range. Mongooses vary in size from the dwarf mongoose, which measures about eight inches long and weighs less than a pound, to the white-tailed mongoose, which can grow to a little more than two feet in length and weigh 9 pounds.

Mongooses are closely related to civets, genets, and euplerids. The latter is a group of carnivores from Madagascar that includes the cougar-like fossa.

### They Have a Few Tricks for Defeating Venomous Snakes

Humans have long admired mongooses for the animals' ability to kill venomous snakes, including cobras and adders. Mongooses are formidable opponents for snakes largely because of speed and agility, which helps the mongoose avoid the reptiles' fangs and launch quick attacks when sensing an opening. But some mongoose species also have an extra advantage: They've evolved resistance to neurotoxic snake venom and keep fighting even after receiving a bite that would kill most animals their size. They're not immune to the venom, but thanks to special mutations in their nervous system, the neurotoxin has difficulty binding to their nicotinic acetylcholine receptors, rendering it less effective.

### They Have Diverse Diets

Mongooses are mainly carnivorous, but they're known to supplement their diets with plant matter. Despite their defenses against venomous snakes like cobras, mongooses often target smaller, simpler animals as prey. A mongoose diet may include insects, earthworms, crabs, rodents, birds, lizards, and snakes, as well as both bird and reptile eggs.

### Some Species Are Semiaquatic

Mongooses have adapted to a wide array of habitats around the world, from deserts to tropical forests. They can even be semiaquatic, proving adept in the water as they hunt fish, crabs, and other aquatic prey. The marsh mongoose, for one, is reportedly an excellent swimmer that can dive for 15 seconds at a time while hunting.

### Some Are Loners, Some Live in Mobs

Many mongooses live solitary lives, while others form sophisticated communities. Meerkats, one of the most famous mongoose species, are well known for their social groups of up to 50 members, known as 'mobs.' A meerkat mob consists of several family groups, typically centered around one dominant pair. Members of the mob perform various jobs, such as foraging for food, taking care of babies, or watching out for predators (the lookout mongooses will sound an alarm if trouble is approaching so that all animals in the mob can flee or confront the threat as a group).



### Mongooses' Communication Can Be Surprisingly Complex

Some mongoose species have relatively advanced communication skills. Meerkats make at least 10 calls with various meanings, from murmurs and growls to clucks, spits, and barks. The banded mongoose, whose calls may sound like simple grunts, can combine discrete units of sound similar to the way humans use a consonant and a vowel to form a syllable.

"The first portion of the call provides cues to the identity of the caller, and the second part encodes its current activity," researchers reported in the journal *BMC Biology*. "This provides the first example, known in animals of something akin to the consonants and vowels of human speech."

### They Can Wreak Havoc Outside Their Native Habitats

Humans have sometimes introduced mongooses to new habitats in hopes of controlling snakes and pests like rats. These types of plans have usually backfired. Often, the mongooses not only fail to stop the pests but also become an invasive species, causing more trouble than the snakes or rats ever did.

The Javan mongoose, for example, was introduced to many tropical islands around the world in the 19th century, often to control rats at sugarcane plantations. The animal went on to decimate native birds in Hawaii, and it remains a problem on every Hawaiian island but Lanai and Kauai. Similar results played out around the world, from Fiji to the Caribbean. In 1910, the Javan mongoose was brought to Okinawa to help control the venomous habu, a native pit viper. But the snakes are nocturnal while the mongooses are active during the day, so the two species didn't cross paths often enough. Instead, the mongooses began to prey on other native wildlife, including endangered species like the Okinawa rail. Given the threat of invasion, mongooses are banned in many places outside their native range, including the United States and New Zealand.

### Showstopper- The Story Of The Loyal Mongoose

There was once a Brahman named Godly (orig. Devasharma) in a certain town. His wife mothered a single son and had a pet mongoose. And as she loved little ones, she cared for the mongoose also like a son, giving him milk from her breast, and salves, and baths, and so on. But she did not trust him, for she thought: "A mongoose is a nasty kind of creature. He might hurt my boy."

One day, she tucked her son in bed, took a waterjar, and said to her husband: "Now, Professor, I am going for water. You must protect the boy from the mongoose." But when she was gone, the Brahman went off somewhere himself to beg food, leaving the house empty.

While he was gone, a black snake issued from his hole and, as fate would have it, crawled towards the baby's cradle. But the mongoose, feeling him to be a natural enemy, and fearing for the life of his baby brother, fell upon the vicious serpent halfway, joined battle with him, tore him to bits, and tossed the pieces far and wide. Then, delighted with his own heroism, he ran, blood trickling from his mouth, to meet the mother; for he wished to show what he had done.

But when the mother saw him coming, saw his bloody mouth and his excitement, she feared that the villain must have eaten her baby boy, and without thinking twice, she angrily dropped the water-jar upon him, which killed him the moment that it struck. There she left him without a second thought, and hurried home, where she found the baby safe and sound, and near the cradle a great black snake, torn to bits. Then, overwhelmed with sorrow because she had thoughtlessly killed her benefactor, her son, she beat her head and breast.

At this moment, the Brahman came home with a dish of rice gruel which he had got from someone in his begging tour, and saw his wife bitterly lamenting her son, the mongoose. "Greedy! Greedy!" she cried. "Because you did not do as I told you, you must now taste the bitterness of a son's death, the fruit of the tree of your own wickedness. Yes, this is what happens to those blinded by greed...."

In Western variants of the story, other animals take the place of the mongoose, most often a dog. It is also found in other versions that a weasel, cat (in Persia), bear, or lion, and the snake is sometimes replaced with a wolf (in Wales). The essence of the story, however, remains the same. Similarly, variants of the story sometimes have the man, instead of his wife, killing the loyal animal.

rajeshsharma1049@gmail.com



#HEALTH

# Why The Young Have Heart Attacks

The key finding is that young men and women often have different risk factors

A new study is the first to identify which risk factors are more likely to trigger a heart attack or acute myocardial infarction for men and women 55 years and younger.

The researchers discovered significant sex differences in risk factors associated with acute myocardial infarction (AMI) and in the strength of associations among young adults, suggesting the need for a sex-specific preventive strategy. For example, hypertension, diabetes, depression, and poverty had stronger associations with AMI in women compared with men. While heart attacks are often associated with older adults, this population-based case-control study examined the relationship between a wide range of AMI-related risk factors among younger adults. The key finding is that young men and women often have different risk factors. Seven risk factors, including diabetes, depression, hypertension or high blood pressure, current smoking, family history of AMI, low household income, and high cholesterol, were associated with a greater risk of AMI in women. Among men, current smoking and family history of AMI were the leading risk factors.



Rates of AMI in younger women have increased in recent years, says Yuan Lu, an assistant professor at Yale School of Medicine and the study's lead author. "Young women with AMI are an unusual or extreme phenotype on account of their age," she says. "In the past, we found that young women, but not older women, have a twice higher risk of dying after an AMI than similarly aged men. In this new study, we now identified significant differences in risk factor profiles and risk factor associations with AMI by sex."

### RAISE AWARENESS

Raising awareness among physicians and young patients is the first step, researchers say. National initiatives, such as the American Heart Association's 'Go Red for Women' campaign, should expand to increase awareness about cardiovascular disease risk in young women, they say.

"We are moving more towards a precision medicine approach, where we are not treating each patient the same, but recognizing that there are many different subtypes of AMI," Lu says. "Individual-level interventions are needed to maximize health benefits and prevent AMI."

The study is among the first and the largest in the United States to comprehensively evaluate the associations between a wide range of predisposing risk factors and incident AMI in young women and a comparable sample of young men. The study design also included a comparable population-based control group from the National Health and Nutrition Examination Survey, a program to assess demographic, socioeconomic, dietary, and health-related information.





### HEART ATTACKS IN YOUNGER PEOPLE

In the United States, hospitalization rates for heart attacks have been decreasing with time, according to research in the journal *JAMA Cardiology*.

"However, if you analyze the proportion of these patients by age, you will find that the proportion of younger people who are hospitalized for heart attack is increasing," says Lu. "So, it seems there's a general trend for AMI to happen earlier in life, so that makes prevention of heart attack in younger people, especially, important."

Lu emphasizes the importance of education. "When we talk about heart attack in young women, people are often not aware of it," she says. "If we can prevent women from having heart attacks, that will improve outcomes." Raising awareness about the incidence of heart attacks in younger women is a key part of the strategy, she says. The next frontier of cardiovascular disease prevention in young women could be better understanding the role of women-related factors.

Previous studies have shown that women-related factors may be associated with risk of heart attack, but there are limited data on women under the age of 55. "We hope to explore women-related factors including menopausal history, pregnancy, menstrual cycle, and other factors and analyze whether that's contributing to the risk of heart attack," she says.

### THE WALL




### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# स्वच्छता अभियान को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : के.के. गुप्ता

## न्याय मित्र के.के. गुप्ता मंडावा दौरे पर रहे, सीवरेज कंपनी व पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक ली

**मंडावा,** (निसं)। जिला लोक अदालत द्वारा नियुक्त न्याय मित्र के के गुप्ता मंगलवार को मंडावा दौरे पर रहे। नगर पालिका में गुप्ता ने सीवरेज कंपनी व नगर पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक कर जन समस्याओं के समाधान को लेकर दिशा निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



न्याय मित्र के. के. गुप्ता ने मंडावा में सीवरेज कंपनी व पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक ली।

गुप्ता ने कहा कि सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर यहां की जनता और सैलानियों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो उसको लेकर सीवरेज का काम करवाया, लेकिन जनता त्रस्त अधिकारी मस्त यह कहावत यहां पर सटीक बैठ रही है। इस समय सीवरेज कार्यों में लापरवाही सामने आ रही है। जो गंभीर मुद्दा है जगह-जगह सीवरेज चैंबर ओवरफ्लो हो रहे हैं, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण आम जनता परेशानी झेल रही है। इसके लिए नगर पालिका व संबंधित कंपनी जिम्मेदार है। गुप्ता ने कहा कि सीवरेज कार्यों की जांच को लेकर सरकार व न्यायालय को अवगत करवाया जाएगा तथा अब तक हुए कार्यों की जांच करवाई जाएगी तथा मेंटेनेंस भुगतान रोकने को लेकर कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी तैयार रहें। सात दिन में समाधान नहीं करने पर सीवरेज कार्य करने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट जैसी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर न्याय मित्र ने जहां पर सीवरेज का कार्य पूर्ण हो गया है, वहां पर नालियों को बंद करने के निर्देश नगर पालिका को दिए तथा नगर पालिका से सर्वे रजिस्टर गायब मामले को लेकर थाने में एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश भी दिए। गुप्ता ने कहा कि सर्वे रजिस्टर गायब होना, इसका मतलब यह बड़ा घोटाला हो रहा है। कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना रजिस्टर गायब नहीं हो सकता तथा एक धर्मशाला का पट्टा नगर पालिका द्वारा जारी करने मामले को लेकर पूरी रिपोर्ट मांगी एवं घर-घर कचरा संग्रहण मामले में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश भी ठेकेदार शुभम शर्मा को दिए।

गुप्ता ने कहा कि हेरिटेज हवेलियों को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यह पर्यटक का मुख्य दर्शनीय स्थल है एवं इसे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ एवं इन्हें रात के अंधेरे में गिराने की साजिश से की जा रही है। उनको बेनकाब किया जाएगा। विदेशी टूरिस्ट के नाम पर मंडावा 30वें स्थान पर है। जो अपने आप में एक राजस्थान के पर्यटक स्थलों में विशेष महत्व रखता है। आज हमारे राजस्थान के पर्यटक स्थलों की चर्चा विदेश में गूंज रही है। उसमें मंडावा का सर्वश्रेष्ठ स्थान है। हवेलिया गिरने को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। केके गुप्ता ने स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, सड़कों के अतिक्रमण हटाने, जानवरों को गौशाला में छुड़वाने, स्ट्रीट लाइट, सड़कों पर पानी भराव, प्लास्टिक पर प्रतिबंध, हवेलियों का जीर्णोद्धार व तोड़फोड़ ना हो, सार्वजनिक टॉयलेटों की सफाई दिन में, आमजन की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय रहते हो, सड़क किनारे लगने वाले ठेलों के लिए स्थान निर्धारित करने आदि के दिशा निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, इस दौरान सीवरेज कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर भुजंग राव, विनय रेड्डी, वरिष्ठ प्रारूपकार आनंद बिहारी सोलंकी, सफाई निरीक्षक सत्यनारायण बावलिया, ठेकेदार शुभम शर्मा, पार्षद राजकुमार सैनी, इब्राहिम रंगरेज, नंदकिशोर यादव, पालिका उपाध्यक्ष नवाब खत्री भी मौजूद थे।

# शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा

## लुटेरी दुल्हन सहित दलाल व दो अन्य साथी गिरफ्तार, साढ़े चार लाख रुपए बरामद

**अजमेर,** (कासं)। शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा मंगलवार को राजकीय रेलवे पुलिस ने किया। पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए भी बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

- **पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया, पूछताछ जारी**

जीआरपी थाना प्रभारी फूलचंद बालोटिया ने मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि उदयपुर निवासी रिटायर्ड गार्ड 60 वर्षीय शोभालाल माली ने 30 अगस्त को मामला दर्ज करवाया था। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसके दोस्त छगनलाल माली ने उसे अनिल जैन से मिलवाया था। अनिल ने झारखंड की गरीब परिवार की लड़की से बेटे की शादी करवाने का प्रस्ताव रखा। इसके लिए पहले 2 लाख रुपए विवाह स्थल और खर्च के नाम पर ले लिए गए। पीड़ित को 30 अगस्त को लड़की से मिलाने के बहाने अजमेर रेलवे स्टेशन बुलाया गया। वहां अनिल ने रिसेप्शन और गहनों के बहाने साढ़े चार लाख रुपए नगद ले लिए। थोड़ी देर बाद उसने फोन कर बताया कि लड़की पैसे लेकर भाग गई। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य दलाल उदयपुर निवासी अनिल जैन है, जबकि अन्य दो आरोपी धनबाद (झारखंड) की महिला और उसका साथी बताए जा रहे हैं।

मुख्य आरोपी अनिल जैन को जयपुर से गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 1.30 लाख रुपए बरामद किए। उसकी सूचना पर धनबाद निवासी प्रियंका मेरी अलायंस और मेघनाथ को अजमेर दरगाह क्षेत्र से दबोचा गया। इनके कब्जे से 2.70 लाख रुपए मिले। जांच में सामने आया कि अनिल की शादी भी चार साल पहले धनबाद की एक महिला से हुई थी। वहीं से उसकी मुलाकात प्रियंका और मेघनाथ से हुई और तीनों ने शादी के नाम पर लोगों को ठगने का सिलसिला शुरू किया। कई मामलों में ये दुल्हन बनकर शादी करवाते और फिर गहनों व पैसों के साथ फरार हो जाते। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरोह के अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है और आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड मंगवाया गया है। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय है और कई लोगों को इसी तरह ठग चुका है।

# ऑपरेशन थिएटर में बुजुर्ग महिला की कथित मौत का आरोप



हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश की।

**झुंझुनूं,** (निसं)। एक बार फिर शहर के रोड नंबर तीन पर स्थित एक निजी अस्पताल में हंगामा हुआ है। इलाज के दौरान आपरेशन थिएटर में हुई बुजुर्ग महिला की कथित मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया है। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। समझाइश की कोशिश की जा रही है।

- **बुजुर्ग महिला की कथित मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया, पुलिस पहुंची**

जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर एक सैनिक नगर निवासी 70 वर्षीय बुजूर्ग महिला पतासी देवी को उनके परिजनों ने अस्पताल में पथरी के आपरेशन के लिए 30 अगस्त को भर्ती करवाया था। जिसका आपरेशन एक सितंबर, यानि कि सोमवार को होना था। परिजनों का कहना है कि निर्धारित समय पर सोमवार को डॉक्टर पतासी देवी को आपरेशन थिएटर में ले गए, लेकिन करीब एक घंटे बाद पतासी देवी के बेटे सीताराम को डॉक्टरों ने बताया कि पतासी देवी के हार्ट ने काम करना बंद कर दिया है। जिस पर सीताराम ने पुलिस को बुलाने की धमकी दी। सीताराम का दावा है कि उसके द्वारा दी गई धमकी से डरकर डॉक्टरों ने उससे झूठ बोला और कहा कि वे सीपीआर के जरिए पतासी देवी की जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद उसकी मां को वेंटिलेटर पर ले लिया गया, लेकिन मिलने नहीं दिया। मंगलवार सुबह डॉक्टरों ने उसकी मां की मौत की जानकारी दी। जिसके बाद सीताराम और उसके परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और आरोप लगाया कि इलाज में बरती गई लापरवाही से उसकी मां की जान चली गई। हंगामे की सूचना पर शहर कोतवाल हरजिंदर सिंह भी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन कार्रवाई ना होने तक परिजन महिला का शव ना लेने पर अड़े रहे। देर शाम को परिजन समझाइश पर शांत हुए और शव को लिया। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कोई अधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई।

# मंदिर में हुई चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। चारभुजानाथ मंदिर से चोरी हुए चांदी के छत्र का खुलासा आसींद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं नगरवासियों के सहयोग से 12 घंटे में करते हुए एक जने को पकड़ लिया है।





आसींद पुलिस ने चोरी के आरोप में एक जने को पकड़ा।

आसींद थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने बताया कि आसींद में श्री चारभुजानाथ मंदिर से चोरी हुए चांदी के छत्र को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रहलाद

- **तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से चोरी हुआ चांदी का छत्र बरामद हुआ**

नाथ योगी के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोशन पटेल व पुलिस उप अधीक्षक ओमप्रकाश सोलंकी के सुपरविजन में आसींद थानाधिकारी हंसपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम में थानाधिकारी हंसपाल सिंह के नेतृत्व में इस टीम में हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार और कांस्टेबल कालूराम, महादेव सिंह, मूल सिंह, महेंद्र सिंह और गणपत शामिल थे। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में करीब 25 साल का एक युवक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल मिला। पुलिस ने फुटेज को सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसके बाद जनता और पुलिस के सहयोग से आरोपी की पहचान हुई। आरोपी प्रहलाद नाथ को पीडब्ल्यूडी चौराहे के पास एक होटल के सामने से हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके बैग से चोरी हुआ चांदी का छत्र बरामद हुआ। मंदिर के पुजारी राजाराम वैष्णव ने मौके पर ही छत्र की पहचान की, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब है कि पुजारी राजाराम वैष्णव ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब सवा ग्यारह बजे एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर में आया और मूर्ति पर लगा चांदी का करीब एक किलो वजनी छत्र चुराकर ले गया है।

# अजीतगढ़ तालाब की पाल पर चादर चली

**भीम,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के अजीतगढ़ ग्राम पंचायत क्षेत्र के अजीतगढ़ तालाब की पाल पर स्थित पुल ओवरफ्लो होने से ग्रामीणों एवं स्कूली विद्यार्थियों के लिए खतरा बन गया गया है। पिछले दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण अब हालात ऐसे हैं कि विद्यार्थी जान जोखिम डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं।

- **सरेली घाटी, मियालाखेत के विद्यार्थी इस पुल का उपयोग स्कूल जाने के लिए करते हैं**
- **गत दिनों हुई बारिश के कारण अजीतगढ़ तालाब की पाल पर ओवरफ्लो पानी चल रहा है**

सरेली घाटी, मियालाखेत के विद्यार्थी इस पुल का उपयोग स्कूल जाने के लिए करते हैं, लेकिन गत दिनों हुई लगातार बारिश के कारण अजीतगढ़ तालाब की पाल पर ओवरफ्लो पानी चल रहा है। विद्यार्थी हर दिन इस मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हेमेंद्रसिंह ईश्वरसिंह, धारा सिंह, रमेश कुमार भाट, किशन सिंह, धर्मेंद्र कुमार भाट नारायणसिंह गिरधारीसिंह हेमसिंह आदि ग्रामीण ने प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने साथ ही सुरक्षित और स्थायी पुल बनाने की मांग की है। वर्तमान में क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने से आस-पास के तालाब नदी नाले एवं अन्य जलाशय अपनी भराव क्षमता पूर्ण कर ओवरफ्लो चलने पर जल संसाधन विभाग ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी कर जागरूक किया है।

जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता हिमांशु व्यास ने आमजन को सूचित करने के लिए प्रेस नोट जारी कर बताया कि कुंडेली बांध,कालाभाटा बांध, नीमारबांध, भीम तालाब, भीम रपट, भोपालसागर तालाब, तालाब के नीचे डाउनस्ट्रीम में खारी नदी, नेखाड़ी नदी के बहाव क्षेत्र के आसपास किसी प्रकार की गतिविधि नहीं करें, ताकि किसी प्रकार की जनहानि एवं असुविधा नहीं हो।

# ग्राम भाबरू में भारी बारिश से मकान ढहा, परिवार बेघर हुआ

**पावटा,** (निसं)। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में प्रतिदिन हो रही झमाझम बारिश के कारण जर्जर एवं मिट्टी के घरों में रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई

- **प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की लगाई गुहार**



ग्राम पंचायत भाबरू में एक मकान भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त हो गया।

है। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई क्षेत्रों में मकान ढहने, खेतों को नुकसान की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में विराटनगर उपखंड की ग्राम पंचायत भाबरू, योगी मोहल्ला निवासी गोवर्धन योगी का मकान भारी वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त हो गया। इस प्राकृतिक आपदा के कारण उनका परिवार बेघर हो गया है। गनीमत यह रही कि इसमें किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

गोवर्धन योगी ने बताया कि उनका मकान बारिश से धराशाही हो गया, जिसमें घरेलू सामान समेत आशियाना बर्बाद हो गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास इस मकान के अलावा और कोई आसरा नहीं है। परिवार बेहद गरीब है और अब उनके पास सिर छुपाने के लिए कोई जगह नहीं बची है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को इस परिवार की मदद के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। बारिश का कहर अभी थमा नहीं है और ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है।

# प्रोसेस हाउस पर काला पानी छोड़ने का आरोप

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में प्रोसेस हाउस ग्रामीणों को काले पानी की सजा देने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला सोना प्रोसेस हाउस का है, जहां काला पानी छोड़ने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रोसेस हाउस बंद करने की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया।

- **ग्रामीणों ने प्रोसेस हाउस बंद करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया**

सोना प्रोसेस हाउस पर काला पानी छोड़ने का ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए सोना सिलेक्शन फैक्ट्री के बाहर हाथों में काला पानी लेकर प्रदर्शन किया और फैक्ट्री बंद करने की चेतावनी के साथ प्रदर्शन फिलहाल जारी है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रोसेस हाउसों द्वारा छोड़े जा रहे काला पानी से गांव के आसपास पशुओं की मौत हो रही है, कुओं का पानी तक कला हो गया है। कीरों की झोपड़िया के ग्रामीण प्रोसेस हाउसों की तानाशाही के चलते काले पानी की सजा पाने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग पुख्ता कार्यवाही नहीं कर रहा है।

# दो गाइड सम्मानित

**राजसमंद,** (निसं)। भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रपति अवार्ड स्काउट-गाइड रोवर-रेंजर रैली में जिले से दो गाइड को राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस वर्ष जिले से लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल की दो गाइड्स मेघना हींगड पुत्री अशोक हींगड और कृत्वी कावडिया पुत्री हेमंत कावडिया को यह सम्मान मिला। 31 अगस्त को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित समापन समारोह में केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रपति अवार्ड से अलंकृत किया।

# चाकूबाजी की घटना में दो नाबालिग घायल

**टोंक,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर सोमवार देर रात पुरानी टोंक क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना में दो नाबालिग लड़के गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हे को जयपुर रेफर कर दिया गया। घटना दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर हुई है।

पुरानी टोंक थाना प्रभारी नेमीचंद गोयल ने बताया थाना क्षेत्र के बाबरों का चौक में सोमवार देर रात को पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के तीन-चार लड़कों ने दूसरे पक्ष के दो नाबालिग लड़कों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। घायल हुए अली (16) और फैजान (17) बताये जा रहे हैं। हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

# पार्षदों ने पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पिछले दो दिन से जारी बरसात के दौर ने एक ओर जहां प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी है तो वहीं दूसरी ओर खुद जनप्रतिनिधियों को ही अधिकारियों के लापरवाही के खिलाफ आंदोलन की राह पर उतरना पड़ रहा है। मामला बायोस्कोप के सामने अंडरब्रिज में भरे पानी का है, जहां से तीन वार्डों के निवासी पुराने शहर से पटरी पार के शहर के जाने के लिए इसी अंडरब्रिज से होकर गुजरते हैं। इन तीन वार्डों के ही पार्षदों ने निगम और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ बरसात के समय पानी की प्रॉपर निकासी नहीं होने का आरोप लगाते हुए पानी में ही खड़े होकर प्रदर्शन किया।

वार्ड पार्षद राधेश्याम भड़ाना, पार्षद प्रकाश भील और पार्षद प्रतिनिधि विकास ने वार्ड 67, 68 और 69 के वाशिंदों के साथ पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया और कहा कि नगर निगम के महापौर राकेश पाठक शहर की व्यवस्थाओं में सुधार लाना चाहते हैं, लेकिन लापरवाह अधिकारियों के कारण शहर में बरसात के चलते बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। बरसात से पूर्व ही समय-समय पर पार्षदों ने सड़क निर्माण, नाली नालों की सफाई और अंडरब्रिजों से पानी निकालने के स्थाई समाधान को लेकर अपनी मांग मौखिक और लिखित रूप से जिम्मेदार अधिकारियों के सामने रखी थी, लेकिन प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण बरसात में शहर जलमग्न हो गया और आम जनता को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

# मारपीट मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बहन के साथ छेड़छाड़ करने पर टोका तो आरोपियों ने भाइयों की जमकर मारपीट कर दी। मामला बागौर थाना क्षेत्र में दो भाइयों के साथ बेरहमी से मारपीट का है।

- **बहन के साथ छेड़छाड़ करने पर टोका तो आरोपियों ने भाइयों से मारपीट की थी, वारदात को एक सप्ताह से ज्यादा बीत चुका है**

पीड़ित कैलाश कीर ने बागौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 27 अगस्त रात को उसे और उसके भाई उदयलाल कीर को उनके ही खेत पर बुलाया गया। आरोपियों ने खेत में मवेशी घुसने का बहाना बनाकर दोनों भाइयों को मौके पर बुलाया और वहां करीब एक दर्जन लोगों ने उन पर हमला कर दिया। मारपीट में उदयलाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले भीलवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया और हालत गंभीर होने पर उदयपुर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

पीड़ित उदयलाल ने बताया कि आरोपी उसकी बहन को सोशल मीडिया पर फोन करके और अभद्र फोटो-वीडियो भेजकर छेड़छाड़ करते थे। जब उसकी बहन ने यह बात बताई तो उसने आरोपियों को उलाहना दिया। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उन्हें धोखे से बुलाकर मारपीट की। वारदात को एक सप्ताह से ज्यादा बीत चुका है, लेकिन अब तक पुलिस ने किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई सुस्त है इस कारण उनके हौसले बुलंद हो गए हैं।

# करंट से बालिका की मौत

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत लाखनपुर के ग्राम गोठड़ा में मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे एक 12 वर्षीय बालिका चेतन वर्मा की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। लाखनपुर ग्राम पंचायत के सरपंच सियाराम मीणा ने बताया कि मंगलवार को करीब तीन बजे श्यामलाल वर्मा निवासी गोठड़ा की 12 वर्षीय बालिका चेतन वर्मा अपने घर के बाहर कुएं पर पानी भरने गई थी। इसी दौरान बालिका द्वारा मोटर चालू करते समय स्टार्टर में करंट आ गया, इससे बालिका बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा बालिका को बौंली चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बांसड़वाड़ा की पहाड़ियों पर लैपर्ड का मूवमेंट, लोगों में दहशत

## स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाया, वन विभाग से रेस्क्यू की मांग

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर के बांसड़वाड़ा मोहल्ले के पीछे पहाड़ियों पर एक बार फिर से लैपर्ड का मूवमेंट नजर आया है। लोगों ने लैपर्ड का वीडियो भी बना लिया। लोगों का कहना है पहाड़ियों पर एक नहीं 3 लैपर्ड हैं, जो कई बार नजर आते हैं। इससे हमेशा की कॉलोनी में लोगों में डर बना रहता है। लोगों ने वन विभाग से तीनों लैपर्ड का रेस्क्यू करने की मांग की है।

- **लोगों का कहना है पहाड़ियों पर एक नहीं 3 लैपर्ड हैं, जो कई बार नजर आते हैं**

बांसड़वाड़ा डूंगरपुर नगर परिषद के पीछे एक पहाड़ी पर बसा है। इसके पीछे की तरफ उदयविलास की पहाड़ियां है। इन पहाड़ियों पर आए दिन लैपर्ड और उसका कुनबा दिखाई दिया है। गत देर शाम के समय पहाड़ी पर एक लैपर्ड पहाड़ी से थोड़ा नीचे की तरफ दिखा। जिस पर लोग डर गए। लैपर्ड पहाड़ी से नीचे की ओर से ऊपर की ओर जाते दिख रहा है और फिर एक पेड़ की पीछे झाड़ियों में छुप गया। मौजूद लोगों ने उसका वीडियो भी बना लिया। लोगों ने कहा कि पिछले दिन एक साथ 3 लैपर्ड दिखाई दिए थे। आए दिन इस पहाड़ी के ऊपर की तरफ लैपर्ड दिखता है। उनके नीचे कॉलोनी ने आने पर कोई भी हादसा हो सकता है। इसलिए हमेशा डर रहता है। बांसड़वाड़ा के लोगों ने वन विभाग से लैपर्ड का रेस्क्यू करने की मांग की है।

# राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता शुरु

**राजसमंद,** (निसं)। जवाहर नवोदय विद्यालय राजसमंद के सभागार में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस उत्सव में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कुल 228 युवा कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने किया। कला उत्सव में छात्र-छात्राएं गायन, वादन, नृत्य, नाटक, कहानी वाचन और दृश्य कला जैसी विविध श्रेणियों में अपनी कला का जौहर दिखा रहे हैं।

## संक्षिप्त

### नंदोत्सव मनाया

**निवाई।** मां गौतमी महिला मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को श्री महर्षि गौतम आश्रम में धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया। नन्दोत्सव का शुभारंभ भगवान लड्डू गोपाल व महर्षि गौतमजी के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर भगवान का फूलों से मन मोहक श्रृंगार किया गया। समाज की महिलाओं ने दोपहर 12 से 3 बजे तक भजन कीर्तन किया और बधाइयां गाई। सत्संग के दौरान आश्रम परिसर में नाग नागिन ने एक साथ दर्शन दिए। सभी ने दोनों को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भगवान लड्डू गोपाल व महर्षि गौतमजी की झांकी सजाई गए एवं थाली भरकर ल्याई र खीचडो, उपर घी की बाटकी, जीमो म्हारा श्याम धणी जिमाव बेटी जाट की, नन्द के घर आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की, हाथी, घोडा पालकी जय कन्हैयालाल की, मीठे मीठे सांवरे की मुरली बाजे राधा रानी नाचे, दरबार तेरा सांवरिया किसने सजाया है, थारी चाकरी में चूक कोनी राखो म्हारा बालाजी, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, दुनिया में देव हजारों है मेरे बालाजी का क्या कहना, घोटो जोर सु घुमायो र सालासर वाले हनुमाना, रात श्याम सपने में आए, श्यामा आन बसो वृंदावन में व नैणा नीचा कर ल श्याम न रिझावली कांई सहित कई भजनों पर महिलाओं ने सामूहिक भक्ति नृत्य किया।

### बालिका के अपहरण का प्रयास

**मनोहरपुर ।** मनोहरपुर थाना इलाके के बावन मोहल्ला में मंगलवार शाम को सनसनीखेज वारदात सामने आई। बाइक सवार दो युवकों ने सब्जी लेने आई 10 वर्षीय बालिका का अपहरण करने का प्रयास किया, बालिका के विरोध और चीखने-चिल्लाने पर आरोपियों ने उसके हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, जब वह सब्जी लेने बाजार आई थी। जब वह बामन देव मंदिर के पास पहुंची तो बाइक सवार दो युवक उसके पास आए और जबरदस्ती पकड़कर साथ ले जाने की कोशिश करने लगे। बालिका ने हिम्मत दिखाई और विरोध करते हुए जोर से चिल्लाने लगी। इस पर आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला किया और फरार हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### रजवास में तेजाजी मेले में उमडा सैलाब

**निवाई।** उपखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में लोक देवता वीर तेजाजी की जयन्ती तेजा दशमी धूमधाम से मनाई गई। गांव रजवास में तेजाजी महाराज के मेले का आयोजन किया गया। श्रद्धालु किशन चौधरी ने बताया कि मेले में तेजाजी के मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने तेजाजी के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि एवं देश की खुशहाली की कामना की। मेले में लगी हुई दुकानों पर महिलाएं खिलौने व सौंदर्य प्रशाधन का सामान खरीदती हुई नजर आई। तेजा दशमी की पूर्व संध्या पर सोमवार को कलश यात्रा व बिंदोरी निकाली गई। रात्रि में लोक कलाकारों द्वारा तेजा गायन का जागीरण किया। इस अवसर पर सूरज लावडा, रामसहाय भेड़वाल, विनोद जाट, भंवर होलीवाले, रामदयाल भेड़वाल, मायाराम जाट, रामचंद्र जाट, राजाराम जाट व रामजस जाट सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### अरबन को-आपरेटिव बैंक को मिला उत्कृष्टता पुरस्कार

**दौसा।** राजस्थान अर्बन बैंक फेडरेशन की वार्षिक आमसभा जयपुर में आयोजित हुई। जिसमे दौसा अरबन को-आपरेटिव बैंक को उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा दौसा अरबन को-आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा को ट्राफी प्रदान की गई।आमसभा मे सभी जिलो से अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भाग लिया। इस अवसर पर दौसा अरबन बैंक की उपलब्धियो की सराहना करते हुए कहा गया कि दौसा अरबन बैंक राजस्थान में एक मात्र बैंक है जिसका सकल एन.पी.ए. शुन्य है।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# केन्द्रीय वन मंत्री ने औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की

**कोटपूतली।** राजस्थान के सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक एवं आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक प्रदूषण से संबंधित समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक विशेष समीक्षा बैठक बुलाई। इस बैठक में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, जिला प्रशासन और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

■ अपशिष्ट एवं जल प्रदूषण से संबंधित स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अधिकारियों को एक विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए



केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बैठक ली।

सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं निकटवर्ती गाँवों के प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित रहे। अपशिष्ट एवं जल प्रदूषण से संबंधित स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अधिकारियों को एक विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। यह भी उल्लेख किया कि विस्तृत योजना भविष्य में होने वाले औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाए, जिसमें उन्नत तकनीकों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट एवं उद्योगों के प्रदूषित जल को 'कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट' आदि के माध्यम से उपचारित कर अधिकतम पुन: उपयोग में लाया जाए।

औद्योगिक इकाइयों को नियमों और प्रावधानों के सख्ती से अनुपालन पर जोर देते हुए, मंत्री ने नियामक एजेंसियों को निर्देश दिया कि उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

## 'हाईवे पर लेन सिस्टम से दुर्घटनाओं में आएगी कमी'

**कोटपूतली।** शहर के आकाशवाणी स्टूडियो में हाईवे पर लेन मैनेजमेंट व यातायात सुधार विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में आमंत्रित अतिथि आईपीएस देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि प्रदेश में कोटपूतली बहरोड जिले में प्रथम चरण में हाईवे पर लेन सिस्टम लागू किया जा रहा है। इसके लिए जिला कोटपूतली बहरोड पुलिस प्रशासन के द्वारा न केवल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है बल्कि जिले के ट्रांसपोर्टर्स, स्कूल, परिवहन विभाग सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ बैठकें कर हाईवे पर सुरक्षित यात्रा व लेन सिस्टम के बारे में समझाया जा रहा है। जिला कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) देवेंद्र कुमार विश्नोई से आकाशवाणी स्टूडियो में उद्घोषक विकास वर्मा व कार्यक्रम अधिकारी दिनेश पटवा ने लेन मैनेजमेंट पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही, हाल ही में लागू किए जा रहे लेन सिस्टम के तहत किए जा रहे कार्यो के बारे में बताया। इसे आकाशवाणी के एफएम बैंड 101.9 मेगाहर्ट्ज पर सुना जा सकेगा।

## सार-समाचार

### विशाल मेला कल

**मनोहरपुर ( शाहपुरा )।** धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में रंगा खोरालाडखानी का कदम डूंगरी स्थित श्री लावाराम जी महाराज धाम इस बार एक भव्य आयोजन का साक्षी बनेगा। गुरुवार, 4 सितम्बर 2025 को यहां भव्य सत्संग, विशाल मेला और महाप्रसादी भण्डारे का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाएगा। इस वर्ष का यह आयोजन विशेष रूप से गौ माता को समर्पित होगा। आयोजक समिति के अनुसार, कार्यक्रम में दूर-दराज़ से हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे और आध्यात्मिक वातावरण में भक्ति रस का आनंद उठाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री प्रकाश दास जी महाराज की भव्य भजन संध्या रहेगी। सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस भजन कार्यक्रम में भक्ति के रंग में डूबे भक्तजन झूम उठेंगे। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। मेले में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों की धूम रहेगी, वहीं महाप्रसादी में भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ उठाएंगे। ग्रामवासियों ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाने और धार्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है। इस दौरान समस्त ग्रामजनता, खोरालाडखानी ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे का निवेदन किया है।

### पेड़ों की कटाई को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**पावटा।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा स्थित इंडोर स्टेडियम में अज्ञात लोगों द्वारा हरे पेड़ों को काटने को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने इसकी शिकायत विद्यालय प्रशासन से की है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए इन अज्ञात लोगों का पता लगा कर कार्यवाही करना अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस कमेटी ब्लॉक संगठन महामंत्री अजय सैनी ने कहा कि पेड़ों की कटाई से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी चिंता का विषय है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित बंसल ने कहा कि पेड़ों की कटाई की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### 23 वीं पदयात्रा निकाली

**दौसा।** जिले में संत परंपरा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला, जब भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ दादूजी महाराज की 23वीं पदयात्रा का शुभारंभ किया।

## महर्षि दधीचि की जयंती मनाई

**फुलेरा।** कस्बे के जोबनेर रोड स्थित परशुराम भवन विप्र वाटिका परिसर में दाधीच समाज के तत्वावधान में त्यागमूर्ति महर्षि दधीचि की जयंती हर्षोल्लास के साथ दाधीच समाज के अध्यक्ष डॉ. गणेशचंद दाधीच की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम दधीचि ऋषि, दधिमती माता, भगवान परशुराम व राधा कृष्ण की पूजा विधि-विधान पूर्वक पं. कैलाश दाधीच व हिमांशु बोरायडा द्वारा करवाई गई। समाज के पदाधिकारी दीनदयाल दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दधीचि ऋषि का मंत्रोपचार के साथ दुग्धाभिषेक किया गया, महिलाओं ने दधिमती मंगल पाठ किया। इस अवसर पर विप्र महासभा फुलेरा के शाखा अध्यक्ष राजू दाधीच, सभापति यादराम जोशी, महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष मनीष पीपलवा, आलोक तिवारी, मुरारीलाल सिंवाल सहित प्रभुदयाल दाधीच, रामावतार तिवाड़ी, रामावतार कुंभ्या, मुरली गोटेचा, एडवोकेट सुरेशकुमार, महिला समिति की अध्यक्ष रतनी देवी, पं. नरनारायण माटोलिया, सुरेशचंद सारस्वत सहित अन्य समाज के कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

# एक दिवसीय आध्यात्मिक एवं योग भ्रमण का भव्य आयोजन

**दौसा।** परमार्थ योग सेवा संस्थान के तत्वावधान में आज एक दिवसीय आध्यात्मिक एवं योग भ्रमण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं योग साधकों ने श्री पाराशर धाम, नारायणी माता, सरसा माता, धीरोड़ा गौशाला सहित कई पवित्र स्थलों का दर्शन एवं भ्रमण कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया।

संस्थान के प्रवक्ता लोकेश शर्मा संस्कृत ने बताया कि भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यक्रम के रूप में श्रद्धालुओं ने श्री पाराशर धाम पर पवित्र स्नान किया एवं धीरोड़ा गौशाला में गायों की सेवा की।

■ पवित्र स्थलों का दर्शन एवं भ्रमण कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया

साथ ही बंदरों एवं मूक पशु-पक्षियों को रोटी, केले एवं चने वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया गया।



हवन करके साधकों ने पूर्ण मनोयोग से आहुति दी।

सभी योग साधकों ने यज्ञाचार्य रामजीलाल शर्मा के निर्देशन में विश्व कल्याण के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया इसमें सभी साधकों ने पूर्ण मनोयोग से यज्ञ में आहुति दी,कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर सात्विक आहार ग्रहण किया।

संस्थान के संरक्षक ओमप्रकाश खंडेलवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परमार्थ योग सेवा संस्थान निरंतर ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को शांति, सेवा और संस्कार की दिशा में अग्रसर कर रहा है। इस अवसर पर यज्ञाचार्य रामजीलाल शर्मा, सत्यनारायण गुप्ता, मनोज खंडेलवाल, सत्यनारायण ट्रांसपोर्ट, सीताराम ट्रांसपोर्ट, डॉ. यश शर्मा, बाबूलाल मीणा, पुष्पा डंगायच, कीर्ति शर्मा, संजू, नेहा, आरुषि विजय, प्रकृति मिश्रा, गोविन्द शर्मा, यश, संतोष सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 21 से शुरू होगी रामलीला

**किशनगढ़ बास।** कला मंच समिति की ओर से हर वर्ष की जाने वाली श्री रामलीला मंचन की तैयारियां गणेश पूजन के साथ प्रारंभ कर दी गई है।

मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि किले के पास स्थित ग्रीन रूम में श्री गणेश पूजन तथा श्री रामायण जी का पूजन पंडित देवेन्द्र वशिष्ठ के द्वारा करा कर रामलीला के पूर्वाभ्यास का श्री गणेश किया गया है। शहर में नगर पालिका क्षेत्र वासियों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष चंदा एकत्रित कर के श्री रामलीला का आयोजन किया जाता है तथा सभी सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओ का पूर्ण रूप से समर्थन मिलता है। इस दौरान संस्था के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक खेम चंद यादव , व्यास चंद्र प्रकाश शर्मा, अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी , हरीश गोयल , गजेंद्र यादव, रामपाल यादव, हरि शंकर सोनी, हनुमान यादव, पीयूष शर्मा, मोहित यादव,सागर सिंघल, विशाल सोनी,नवीन जैन, मयंक शर्मा,महिपाल जांगिड़, विकास गोयल,मुकेश सोनी, लीलू शर्मा तथा कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## जागरूकता शिविर 8 सितम्बर को

**दौसा।** राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड की ओर से संचालित राष्ट्रीय योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वच्छकार व दिव्यांग वर्ग के व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए 8 सितम्बर को दौसा पंचायत समिति परिसर में एक दिवसीय ऋण जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व में लिए हुए ऋण के एक मुश्त समाधान योजनान्तर्गत शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। अनुजा निगम के परियोजना प्रबन्धक ने बताया कि शिविर में आशार्थियों के ऑनलाइन ऋण आवेदन करने के साथ सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। एवं पूर्व में लिए हुए ऋण के लिए एक मुश्त समाधान योजनान्तर्गत कार्यवाही की जाएगी।

**नाम परिवर्तन**

मैं जे. सी. 877845A नायब सूबेदार रबिनारायण भान्जा पता- ग्राम बंधापड़ा, पोस्ट- राजापुर, जिला- जाजपुर (उड़ीसा) मेरे सर्विस रिकॉर्ड में पत्नी का नाम कन्क लता है जो गलत है सही नाम कन्क लता भान्जा है शब्द पत्र संख्या IN-RJ23872335475660X दिनांक 21.08.2025

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम गया प्रसाद एवं राम प्रसाद से बदल कर गया प्रसाद यादव पुत्र श्री बद्री प्रसाद यादव निवासी 10 गिरिराज नगर, पुरानी चुंगी, विजयपुरा, जामडोली जयपुर रख लिया है। भविष्य मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

Iam iqbal अली अंसारी s/o jahoor मोहम्मद अंसारी निवासी 24a secnd vishnu puri nand नाम इकबाल अली अंसारी है डॉक्यूमेंट इकबाल खान अंसारी में ये दोनों नाम मेरा इकबाल अली अंसारी इकबाल खान अंसारी एक ही व्यक्ति है।

मै आर्मी न. 16023565A लांस हवलदार धर्मेन्द्र सिंह यूनिट 17 राजरिफ़ (सवाईमान) है।मेरे सैन्य दस्तावेजों मेरे पिताजी का नाम धीरज सिंह (DHEERAJ SINGH) जन्मदिनांक 01-02-1970 है जो की गलत है। मेरे पिताजी का सही नाम धीरप सिंह (DHIRAP SINGH) जन्म दिनांक 01-01-1970 है।

मै आर्मी न. 16020438A हवलादार लेखराज सिंह झाला यूनिट 17 राजरिफ़ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों मे मेरे माताजी का नाम रूप कवर (RUP KAWAR) और जन्म दिनांक 16-04-1958 है जो की गलत है। मेरे माताजी का सही नाम रूप कँवर (RUP KANVAR) और जन्मदिनांक 01-01-1959 है।

I smt Birma legally wedded spouse of army no 10303422M Ex Hav Late Ram Naresh Gurjar S/O vikram singh resident of village post paota tehsil mahwa district Dausa that i want change my son name from PUSPENDER To PUSHPENDRA SINGH vide affidavit dated 28/8/25 before district sub magistrate mahwa Dausa

I, hitherto known as SDHIN SINGH alias GURJAR PRADEEP REKHSINGH, S/O LAKHAN, R/o Mahmadpur, Karauli, Mohammedpur, Rajasthan-322254, have changed my name and shall hereafter be known as GURJAR PRADEEP REKHSINGH.

I hitherto known as DESHRAJ SINGH alias OMVEER GURJAR, S/O TOIRAM, R/o Katara, Aziz, Dhahara, PO: Dahra, DIST: Karauli, Rajasthan- 322230, have changed my name and shall hereafter be known as OMVEER GURJAR.

I hitherto known as SHAKUNTALA W/O KAILASH, R/o Talchida, PO: Gudhachandraji, DIST: Karauli, Rajasthan- 322213 have changed my name and shall hereafter be known as LALI DEVI.

I, hitherto known as DARSHAN SINGH S/O RAJAN GUJJAR, R/o Gurjar, Mohalla, Luhar Khera, PO: Urben, DIST: Karauli, Rajasthan-322238, have changed my name and shall hereafter be known as SAMANDAR SINGH GURJAR.

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी अभिभाष्या श्रीमति मीनाक्षी शर्मा पत्नी जी धर्मेंद्र शर्मा निवासी लंबी गली बड़ा बाजार सांभर झील जिला-जयपुर ने श्री मदन सिंह पुत्र श्री भैरव सिंह राठौड़ निवासी 149/150 जगदीशपुरी, 200 फीट बाईपास, अजमेर रोड, वैशाली नगर, जयपुर से प्लॉट न. 149/150 उक्त वर्णित (मदन सिंह निवासी का पता) को खरीदने के लिए इकरारनामा किया है अगर किसी आम या खास व्यक्ति, सस्था या बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी किसी भी संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस मे मेरे कार्यालय पर मय दस्तावेजों व प्रमाणों के आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है मियाद गुजरने के बाद आपत्तियां निष्प्रभावी रहेगी
लक्ष्मीकांत शर्मा (एडवोकेट) मोबाइल 9414335553

**खोया पाया**

मेरे प्लाट संख्या 69 गणेश विहार कॉलोनी मुहाना, तहसील सांगानेर के मूल कागजात मेरे घर K-304 यूनीक टॉवर्स सेक्टर-26 के सामने प्रताप नगर जयपुर के आसपास कहीं गिर गए है मिलने पर सूचित करें- हरिराम अग्रवाल 9001607607

1घ-13 ,(1-GH -13) नाहरी का नाका जयपुर का डिक्लेसन लेटर/भौतिक कब्जा पत्र कही खो गया है किसी को मिलने पर संपर्क करें.8058345711

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/874 दिनांक-27/8/25

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 116/179, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 72.00 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री शिव कुमार लुहाडिया पुत्र श्री भंवर लाल लुहाडिया को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 247 दिनांक 30.04.1992 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 13.10.1992 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2423 दिनांक 17.08.1994 के द्वारा श्री शिव कुमार लुहाडिया पुत्र श्री भंवर लाल लुहाडिया के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 19.11.1994 को करवाया गया। श्री शिव कुमार लुहाडिया के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्रीमती प्रमिला यादव पत्नी स्व. श्री कंवर सिंह यादव को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 28.12.2002 को करवाया गया। श्रीमती प्रमिला यादव पत्नी स्व. श्री कंवर सिंह यादव के द्वारा उक्त आवास का उपहार पत्र श्रीमती जया यादव पत्नी श्री भरत यादव को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के उपहार प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 21.11.2014 को करवाया गया। श्रीमती जया यादव पत्नी श्री भरत यादव द्वारा उक्त आवास की लीजडीड अपने स्वयं के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती जया यादव पत्नी श्री भरत यादव के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

# धूमधाम से मनाई सुगंध दशमी, सभी जिनालयों में उमड़ी भीड़

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय पर्युषण पर्व के अन्तर्गत दशलक्षण धर्म के चलते सभी जैन मंदिरों में उत्तम संयम धर्म की विशेष पूजा एवं सुगंध दशमी मनाई गई।

सोमवार की शाम को श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में सामूहिक कलशाभिषेक किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कलशाभिषेक में माला पहनने का सौभाग्य बंटी झांझरी को मिला। विज्ञातीर्थ कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि दशलक्षण धर्म के चलते विज्ञातीर्थ पर सोधर्म इंद्र सुशील कुमार, नीरा जैन पाइप फैक्ट्री वालों ने उत्तम संयम धर्म की पूजा अर्चना कर भगवान के अभिषेक किया एवं जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर, श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, श्री दिगंबर जैन नसियां मंदिर, श्री दिगंबर जैन बिचला मंदिर, बंपुई वाले के मंदिर, शिवाजी कॉलोनी पाश्र्वनाथ जैन मंदिर व बाबाजी के चेत्यालय मंदिर में सामूहिक सुगंध दशमी पर्व धूप खेकर धूमधाम से मनाया गया।



सुगंध दशमी पर्व मनाते हुए महिला मंडल के पदाधिकारी।

उन्होंने बताया कि चन्द्रप्रभु महिला मंडल द्वारा बपूई वाले के मंदिर में हाऊजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मंजू सेदरिया, अनिता रामनगर, पदमा मित्तल, सपना लुहारा ने प्रतिभागियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**दौसा।** आयुष्मान हॉस्पिटल की प्रथम वर्षगांठ पर सोमवार को दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दौसा जिले और आसपास के क्षेत्रों से आए मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों ने परामर्श प्रदान किया।

शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुसूदन शर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. माननी पटेल, मस्तिष्क एवं तंत्रिका रोग विशेषज्ञ डॉ. रिंकू कुमार शर्मा, उदर एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलभूषण शर्मा, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता शर्मा, मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. ज्योत्सना शर्मा, डॉ. दिव्या गर्ग, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. योगेश जोलिया और डॉ. वेदप्रकाश ने गंभीर बीमारियों से पीड़ित कुल 623 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। शिविर में विशेष रूप से 206 मरीजों की बीएमडी जांच, 113 मरीजों की दांतों की सफाई, 68 मरीजों के दांतों का एक्स-रे, 56 मरीजों के दांतों में मसाला भरना, 34 मरीजों के दांत निकाले गये। डॉ. एस.डी. शर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल की वर्षगांठ पर प्रत्येक वर्ष इसी तरह की मल्टी स्पेशलिटी टीम द्वारा निशुल्क सेवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि दौसा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-21 पर स्थित यह एकमात्र हॉस्पिटल है, जहां 24 घंटे हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, डेंटल और ईएनटी चिकित्सक उपलब्ध हैं।आयुष्मान चिरंजीवी योजना के तहत राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त इस हॉस्पिटल में हड्डी एवं जोड़ रोगियों और मुख एवं दंत रोगियों के निशुल्क ऑपरेशन प्रतिदिन किए जा रहे हैं। दो दिवसीय निशुल्क शिविर के समापन अवसर पर आरपीएससी के पूर्व सदस्य विनोद बिहारी शर्मा, कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष भगवान वर्मा, बाबूलाल जैमन और डॉ. रतन तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी की माँ के खिलाफ टिप्पणी करने पर भाजपा ने किया आक्रोश व्यक्त

**भरतपुर।** भरतपुर में भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने बताया कि बिहार के दरभंगा जिले में आयोजित एक जनसभा के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं आर.जे.डी नेता तेजस्वी यादव ने मंच पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अत्यन्त अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने एवं प्रधानमंत्री की दिवंगत माता को गालियां देने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय भरतपुर पर उनके खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्त्व में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा सीता माता की पावन धरा पर किसी भी मां का अपमान नहीं सहा जायेगा। देश के प्रधानमंत्री की माँ के लिए जो अपशब्द कहे गये हैं यह केवल राजनैतिक ही नहीं बल्कि हमारे संस्कारों की हत्या की गयी है।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

■ प्रधानमंत्री की दिवंगत माता को गालियां देने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय भरतपुर पर उनके खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया

यह कांग्रेस और आर जे.डी की घटिया सोच ही नहीं बल्कि उनकी विकृत मानसिकता का परिचय है। माँ का अपमान वहीं कर सकता है। जिसका धरती माँ और भारत माता से कोई नाता नहीं है। इन लोगों ने मर्यादा, शालीनता और संस्कृति सबकी सीमाए लांघ दी हैं। इसलिए हम कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी और आर.जे.डी. के तेजस्वी यादव के अमानवीय, घृणित अपशब्दों की घोर निन्दा करते हैं। या तो वो 140 करोड़ देशवासियों से माफी मांगे नहीं तो उनको भारत माता की धरती पर रहने का कोई अधिकार नहीं है।

**खोया-पाया** मै अपनी थार जीप संख्या RJ 02 CG 5565 से पेट्रोल पंप, क्वींस रोड से डीजल भरवाकर अपने घर प्रताप नगर, खातीपुरा रोड़ जा रहा था। रास्ते में ट्रैफिक के दौरान मेरा बैग कहीं गिर गया है। जिसमें मेरे जरूरी कागजात और सेक्टर 103, गुड़गांव में मेरे फ्लैट बुक करने की पांच रसीदें थी। उसका विवरण निम्न प्रकार है।

| रसीद न. | दिनांक | राशि |
|---|---|---|
| 691744 | 17.9.22 | 5,00,000 |
| 691939 | 27.9.22 | 4,00,000 |
| 628260 | 9.5.16 | 3,75,385 |
| 628261 | 9.5.16 | 6,24,615 |
| 690772 | 8.8.22 | 5,00,000 |

जिस किसी को प्राप्त हो, कृपया इस पते पर पहुंचाने की कृपा करें।
इन्दर सिंह सोलंकी RAS (Ra)
206, प्रलाप नगर, खातीपुरा रोड, वैशाली नगर,जयपुर
मोबाइल नम्बर- 7339726867, 7597460403

## संक्षिप्त

### नाग देवता के दर्शनों के लिए उमडे श्रद्धालु

**निवाई।** ग्राम पंचायत चैनपुरा के गांव भांवती में तेजादशमी पर्व पर सत्यनिष्ठ, परोपकारी लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज की जयंती पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें गोडला हीरालाल चौधरी ने तेजाजी के भक्तों को नाग देवता के दर्शन करवाएं। लोक देवता वीर तेजाजी महाराज के विशाल मेले में आस-पास के गांवों से हजारों श्रद्धालुओं ने नाग देवता के दर्शन करके मन्नते की। जिसमें लोगों में धैर्य व आस्था की भावना जाग्रत हुई। इस दौरान अलगोजा पार्टी द्वारा भव्य तेजा भजनों पर श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। सुदामा जाट ने बताया कि सामाजिक सौहार्द व समरसता के प्रतीक लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज की जयंती पर आयोजित मेले में श्रद्धालुओं ने नाग देवता के दर्शन करके भजनों पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान वीर तेजाजी महाराज की बिंदोरी निकाली गई। बिंदोरी गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई तेजाजी महाराज के स्थान पर पहुंची। जहां कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

### जल यात्रा आज

**निवाई।** श्री आर्य वीर कला मंडल के तत्वावधान में बुधवार को जलझूलनी एकादशी पर्व को लेकर भरकुआ तालाब पर विशाल जल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के शंकर घाटी, अनिल पारासर, रामू अग्रवाल, गोपाल पारीक व राजेश चौधरी गुरूजी ने बताया कि बुधवार को जलझूलनी एकादशी महापर्व को लेकर शहर के सभी मंदिरों से बैंड बाजे के साथ भगवान के विमान भव्य शोभा यात्रा के साथ रवाना होंगे। भगवान के विमानो की भव्य शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए भरा कुआ तालाब पर पहुंचेंगी। शोभायात्रा का जगह-जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके एवं आरती करके स्वागत किया जाएगा। सभी विमान भरकुआ तालाब पर पहुंचने पर विद्वान पंडितों के सानिध्य में विमान में विराजमान भगवान की सामूहिक महाआरती करके तालाब में विशेष सजी-धजी नौकाओं में भव्य जल यात्रा करवाई जाएगी।

### विशाल भंडारे का आयोजन

**मनोहरपूर ।** प्रतापपुरा वार्ड नंबर एक धनावाला श्री वीर तेजाजी महाराज हीरामल महाराज मंदिर में आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शाहपुरा के विधायक मनीष यादव धूप लगाकर 2500 भेंट किए और महाराज का आशीर्वाद लिया महाराज के विकास के लिए हर संभव मदद करने के लिए आश्वाशन भी दिया! भंडारे में हजारों की संख्या में पंगत प्रसादी ली गई भंडारे में मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर की झांकी सजाई गई। सभी भक्तगण गुरु हनुमान हनुमान सहाय बालू राम मालीराम, शंभू दयाल मेहता राम नारायण कसाना रामधन गुर्जर जगदीश झिंझड धन्नालाल भड़ाना आदि उपस्तीथ थे। इस अवसर पर कवि कल्याण बक्स गुर्जर, टोल कर्मचारी दीपक गुर्जर, मालीराम यादव, कालू राम यादव, कम्पाउंडर शिंभू दयाल यादव आदि उपस्थित थे।

### भागवत कथा का आयोजन

**देवली ।** नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पटेल नगर देवली में श्रीमद् भागवत संगीत मय सार्वजनिक कथा का भव्य कार्यक्रम चल रहा हैजिसमें तीसरे दिन पटेल नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में परम पूज्य नंदिनी जी महाराज के मुखारविंद से तृतीय दिवस की कथा में अनेक अनेक भक्तों का चरित्र श्रवण कराया गया और जिसमें आज की कथा में वामन भगवान का उत्सव मनाया गया। और सभी भक्तों ने वामन भगवान का पूजन कर आनंद प्राप्त किया।

### मुआवजा दिलवाने की मांग

**कोटपूतली।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को पत्र लिखकर अतिवृष्टि व भारी वर्षा से फसल के नुकसान का किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग की हैं।

### तेजा दशमी का पर्व धूमधाम से मनाया

**दूदू ।** कस्बे एवं आसपास के गांवों में वीर तेजा दशमी का पर्व धूमधाम से तेजाजी के स्थान पर पूजा अर्चना कर मनाया गया इस अवसर पर भक्तजनों द्वारा खीर पुए व नारियल का भोग लगाकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई शाम को तेजाजी के मंदिर पर मेले का आयोजन किया गया, तेजाजी मंदिर तक ढोल बाजे के साथ बिंदोरी निकली।

# वन मंत्री संजय शर्मा ने बांध व झील का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश



जयसमंद बांध व सिलीसेढ झील का निरीक्षण कर वन मंत्री संजय शर्मा जिला कलेक्टर व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए।

- नटनी का बारां से जयसमंद झील तक के चैनल की विस्तृत डीपीआर तैयार करने व सिलीसेढ झील से जयसमंद तक के चैनल की खुदाई आदि कार्य के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने जयसमंद बांध व सिलीसेढ झील का निरीक्षण किया । उन्होंने निरीक्षण कर अधिकारियों को बांध में जल की आवक के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

मंत्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिये कि जयसमंद बांध में पानी की आवक वाले चैनल नटनी का बारा से जयसमंद तक के चैनल की बजट घोषणा के अनुरूप चैनल की खुदाई, लेवलिंग एवं पक्का करने के कार्य की विस्तृत डीपीआर तैयार करें। उन्होंने कहा सिलीसेढ झील के ओवर फ्लो का पानी अपर कैनाल के माध्यम से जयसमंद बांध तक आता है उस कैनाल की खुदाई व उसके चैनेलाइज करने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने निर्देश दिये कि जल भराव व प्रवाह क्षेत्र पर चेतावनी बोर्ड व सुरक्षा गार्ड आदि लगवाए। उन्होंने बख्तपुरा वन चौकी में अपने प्रतिदिन के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने वेस्ट वीयर चैनल के तेज बहाव व आवागमन क्षेत्र पर सिविल डिफेन्स के सुरक्षा गार्ड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस के द्वारा इस क्षेत्र की निरन्तर गश्त कर समझाइश आदि की जावे। उन्होंने चैनल को चैनेलाइज करने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी, नालों, जलाशयों आदि में पानी की तेज प्रवाह के साथ आवक हो रही है, अतः ऐसी जगह प्रवेश नहीं करें।

इसके अलावा वन मंत्री संजय शर्मा ने महावर धर्मशाला में महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत कर कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने आगुन्तुकों का आभार जताते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी समाज के उत्थान, शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे।

## फुलेरा में सड़कों पर भरा पानी

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बे के समीप नलियासर मोड, सांभर व नरेना रोड पर जलभराव अधिक होने पर प्रशासन ने एहतियातन के तौर पर नलियासर-सांभर सडक मार्ग पर बैरिकेट लगाकर आवागमन के लिए बंद कर दिया है। इन मार्गों पर पानी का दबाव अधिक होने और सड़क कटने का खतरा देखते हुए ये कदम उठाए गए हैं। फुलेरा क्षेत्र में लगातार बारिश से आसपास के कई गांव जलमग्न हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेत-खलिहान और रास्ते पूरी तरह पानी में डूबे नजर आ रहे हैं। निचले इलाकों के घरों में भी पानी घुसने से आमजन परेशान हैं। स्थानीय प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे बिना आवश्यकता घरों से बाहर न निकलें और नदी-नालों की ओर जाने से परहेज करें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन व पुलिस टीमें मुस्तैद हैं। फुलेरा से लगभग 3 किमी. दूरी पर स्थित नलियासर, यहां पर बरसाती पानी अधिक होने से पूरी तरह भरकर पानी सड़क पर हिलौरें मार रहा है।

# बैठक में 15 सितंबर से रामलीला मंचन करने का लिया निर्णय



रामलीला मंचन को लेकर कार्यकारिणी व पदाधिकारियों के सदस्यों की बैठक का आयोजन हुआ।

- योगेश शर्मा बने आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तीसरी बार अध्यक्ष, दो नए उपाध्यक्षों की नियुक्ति

**पावटा।** आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा सत्र 2025 रामलीला मंचन को लेकर कार्यकारिणी व पदाधिकारियों के सदस्यों की बैठक का आयोजन वरिष्ठ सदस्य व संरक्षक सुरेश शर्मा की अध्यक्षता मे किया गया।

मंच का संचालन मोहन कुमार गौड व रामशरण बोहरा ने किया। जहां सर्वप्रथम आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा पूर्व डायरेक्टर स्व. राधेश्याम कश्यप को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। इसके बाद आदर्श रामलीला मंडल पावटा की कार्यकारिणी द्वारा बैठक की अध्यक्षता कर रहे पंडित सुरेश शर्मा को इस्तीफा सौंपा गया।

इसके बाद सर्वसम्मति से दो साल के लिए पूर्व कार्यकारिणी को ही यथावत रखने का निर्णय लिया गया। जिसमें मण्डल संरक्षक पंडित सुरेश शर्मा, सुरेश नयाबासी, शंकर शर्मा, मदन योगी की उपस्थिति में योगेश शर्मा को तीसरी बार आदर्श रामलीला मंडल पावटा का अध्यक्ष घोषित किया गया।

वही विकास शर्मा व ललित शर्मा को यथावत कोषाध्यक्ष व डायरेक्टर मोहन कुमार गौड को पद पर रखने का निर्णय लिया गया। वही बैठक मे उपस्थित वरिष्ठजनो सहित कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों की सहमति से 2025 का इस साल विशाल दशहरा महोत्सव के तहत रामलीला मैदान में 02 अक्टूबर को बड़ी धूमधाम के साथ रामलीला का मंचन मनाने के बारे में विचार विमर्श किया गया वही दीपक भारद्वाज, नितिन शर्मा, बंटी, विनय गोयल, हिमांशु शर्मा, प्रदीप टांक, आशीष शर्मा, बिहारी सोनी, निखिल, शुभम, गुड्डू, पंकज सैन, हितेंद्र पटेल, अमित बटवाल, आयुष, सुमित मंगल, नितेश शर्मा, लक्ष्मीकांत, केशव, तनुज, पीयूष, बलराम, राघव, राहुल, सोनू, अक्षय, प्रिंस, दीपक बारी, सुभाष टीलावत सहित सभी सदस्यों को जिम्मेदारीया सौंपी गई।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मी की संदिग्ध मौत को लेकर लोगो ने किया निम्स में प्रदर्शन

**मानपुरा माचैड़ी।** चंदवाजी थाना क्षेत्र में निम्स यूनिवर्सिटी में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी की संदिग्ध मौत हो गई थी।चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव लेब रूम में फंखे से लटका मिला था।मोके पर पहुचे पुलिस प्रशासन ने इसे आत्महत्या बताया लेकिन परिजन

- पीड़ित परिजनों को दो लाख नगद, एक डेयरी बूथ देने का आश्वासन

ऐसे हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच की व मुआवजे की मांग करते हुए दूसरे दिन भी निम्स अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर धरने पर बैठे रहे और नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान चंदवाजी पुलिस का जाप्ता भी मौके पर मौजूद रहा।बाद में देर शाम को आमेर एसडीएम निम्स प्रशासन ने लोगो से समझाइस कर मामले को शांत किया व मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की नकद सहायता राशि दी व परिवार के एक व्यक्ति को निम्स में नोकरी व जिला प्रशाशन द्वारा एक डेयरी बूथ देने का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।



चंदवाजी के पास निम्स यूनिवर्सिटी में धरने पर बैठे ग्रामीण

चंदवाजी थाना क्षेत्र के गांव कालवाड़ निवासी राकेश बुनकर(23) निम्स यूनिवर्सिटी में स्थित फार्मेसी कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था।वह रविवार सुबह घर से निम्स के लिए निकला था।रात तक भी वह वापस घर नही लोटा तो परिजनों ने उसे कई जगह तलाश किया।सोमवार सुबह परिजन निम्स यूनिवर्सिटी पहुँचे और राकेश की तलाश शुरू की।तलाश के दौरान राकेश का शव लेब में रस्सी के सहारे फंखे से लटका मिला।सूचना पर चंदवाजी पुलिस मौके पर पहुची ओर घटना का जायजा लिया।शव को फंखे से उतार कर मोर्चरी में रखवाया।लेकिन परिजन व अन्य लोगो ने शव लेने से इनकार कर दिया और युवक की हत्या की आशंका जाहिर करते हुए जांच कराने की मांग की।वही पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है।हत्या की आशंका को लेकर परिजनों व लोगो ने पुलिस प्रशासन के सामने विरोध प्रदर्शन किया व शव लेने से इनकार कर दिया।

मंगलवार को भी बड़ी संख्या में लोग निम्स अस्पताल पहुँचे और घटना की निष्पक्ष जांच करने व 25 लाख रुपए मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

# देवांशु, सोनम व सीमा को राष्ट्रपति पुरस्कार मिला

- स्काउट-गाइड रैली से लौटने पर भव्य स्वागत

**भरतपुर (निस)।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में राष्ट्रपति पुरस्कार स्काउट गाइड रैली का आयोजन दिनांक 28 अगस्त से 01 सितम्बर तक नेशनल यूथ कॉम्लेक्स गदपुरी में किया गया। जिसमें बी.पी. ओपन ट्रूप भरतपुर के देवांशु कराहरिया, ज्ञानोदय विद्या निकेतन उ.मा. विद्यालय भरतपुर की सोनम, सीमा, जय बजरंग उच्च माध्यमिक विद्यालय बोली सवाई माधोपुर की वीणा गौतम ने भाग लिया। सहा. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गिरिराज प्रसाद गर्ग के अनुसार 31 अगस्त 2025 को भारत मंडपम् नई दिल्ली में उक्त स्काउट गाइड को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सी. ओ. स्काउट गाइड कल्पना शर्मा, दिव्या, देवेन्द्र मीणा ने अनुसारं राष्ट्रीय शिविर में साहसिक गतिविधियां एवं एडंवेचर बेस गतिविधिया एस.डी.जी. प्रोजेक्ट मेसेन्जर आफ पीस, शिविर कला, प्रदर्शनी, फैशन शो, लोकनृत्य एवं लोकगीत, टेलेन्टशो, स्किल ओ रामा, दक्षता बैज, इत्यादि व सशक्त युवा विकसित भारत जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान विभिन्न गतिविधि आयोजित हुई। सहा. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गिरिराज प्रसाद गर्ग, सी. ओ. गाइड कल्पना शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, बृजमोहन, मुकुट बिहारी गुप्ता, सुरेखा शर्मा, यशोदा, ज्योति शर्मा, ललित गौतम एवं स्काउट गाइड के अभिभावक द्वारा देवांशु, सोनम, सीमा का राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने के बाद भरतपुर लौटने पर रेल्वे स्टेशन एवं मण्डल मुख्यालय भरतपुर पर भव्य स्वागत किया गया।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर के तत्वावधान में आनन्द शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय भरतपुर की छात्राध्यापिकाओं का गाइड ग्रुप शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का अवलोकन रामवीर सिंह डागुर निदेशक शारदा शिक्षण सस्थान भरतपुर एवं उपप्रधान निजी शिक्षण सस्थान राजस्थान एवं राजेन्द्र प्रसाद शर्मा जिला सचिव भरतपुर के द्वारा किया गया। उन्होंनें बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग जीवन जीने की कला है। शिविर के द्वौरान आपसी सहयोग, नेतृत्व प्रतिस्पर्द्धा की भावना आदि गुणों का विकास होता है।

# खैरथल बचाओ के नारे लगाकर कांग्रेसजनों ने किशनगढ़ बास में रैली निकाली



किशनगढ़ बास में रैली निकालकर विरोध प्रकट करते खैरथल बचाओ संघर्ष समिति के लोग।

- विधायक दीपचंद खैरिया सहित कांग्रेस नेता रेली में रहे मौजूद, खैरथल में 17 दिन से हो रहा है आंदोलन

**किशनगढ़ बाग।** खैरथल बचाओ संघर्ष समिति के बेनर तले मंगलवार को विधायक दीपचंद खेरिया, सहित कांग्रेस नेता व व्यापार महासंघ अध्यक्ष खैरथल ओम प्रकाश रोघा मुंडावर पूर्व प्रधान रोहतास चौधरी, कांग्रेस नेता अजीत यादव, गफूर खान , किशनगढ़ बास प्रधान बद्री प्रसाद सुमन के नेतृत्व में जिला बचाओ को लेकर रैली निकाली गई।

यह रैली किशनगढ़ के बांसड़ा रोड से शुरू हुई और वहां से रेली में शामिल लोग तिरंगा झंडा हाथ में भारत माता की जय ओर इंकलाब जिंदाबाद के नारे के साथ सड़कों पर निकले और नारे लगाए हम हमारा हक मांगते किसी भीख नहीं मांगते, जिला चोर गद्दी छोड़, भूपेंद्र भैया होश में आवो खैरथल से मत टकरावों, आदि नारेबाजी करते हुए तोप सर्किल होकर मुख्य बाजार से होते हुए वापस तोप सर्किल पर पहुंची जहां खैरथल बचाओ आंदोलन में साथ देने की अपील की गई। इस दौरान थाना प्रभारी जितेंद्र शेखावत सहित पुलिस आमजन की सुरक्षा व्यवस्था में रही।

बता दें कि करीब 17 दिन से खैरथल में खैरथल तिजारा जिले का नाम व जिला मुख्यालय को बचाने के लिए खैरथल बचाओ संघर्ष समिति के बेनर तले आंदोलन किया जा रहा है। करीब 2 साल पहले विधायक दीपचंद खेरिया के प्रयासों से खैरथल को कांग्रेस सरकार में खैरथल तिजारा जिले के नाम पर सौगात मिली थी। अब राजस्थान सरकार और अलवर सांसद के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भतृहरि नगर जिले का नामकरण कर खैरथल का नाम और मुख्यालय को छीनना चाहते हैं।

खैरथल सहित जिले भर में चाय की थड़ी से नाई की दुकान तक और राजनीतिक गलियारों से घर घर व दुकान दुकान पर इन दिनों एक ही लोग बात करने में मशगूल हैं कि खैरथल तिजारा जिला को नाम और मुख्यालय बचेगो या भतृहरि नगर बसेगो, यों तो बाबा भतृहरि ही जाने के साथ साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की भी लोग चर्चा कर रहे हैं। किशनगढ़ बास में लोग बात कर रहे हैं उस किशनगढ़ बास के राजकीय कालेज की जिसे 6 साल पहले भाजपा ने खोला और कांग्रेस सरकार में विधायक खैरिया उठाकर उसे खैरथल ले गए।इसके अलावा वह बात कर रहे हैं भूपेंद्र यादव की सरकार में मजबूत पकड़ और उनकी विकास की सोच की जो यहां से सांसद हैं और मोदी और शाह के भरोसे मंद मंत्रियों में एक है।

इसलिए लोग मानते हैं कि भूपेंद्र यादव जो चाहेंगे वो होगा उनकी बिना मर्जी के एक पत्ता भी यहां हिलने वाला नहीं है। विधायक दीपचंद खेरिया चट्टान बनकर खैरथल के लोगों के साथ खड़े हैं आंदोलन को मजबूती दिए हुए हैं, वहीं उन्ही की पार्टी कांग्रेस के मुंडावर विधायक ललित यादव खैरथल में जिला मुख्यालय रखने के लिए खैरथल का खुलकर साथ दे रहें हैं।

## सार-समाचार

### विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित किये जाने की मांग



**दौसा।** भारतीय मज़दूर संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला मंत्री महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि विश्वकर्मा जयंती (17 सितंबर) को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित किया जाए। जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ के मीडिया प्रभारी नीरज कुमार वर्मा ने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपरा के अनुसार श्रमिक वर्ग भगवान विश्वकर्मा को अपना आराध्य देव और प्रेरणा स्त्रोत मानता है। 17 सितंबर, कन्या संक्रांति के दिन, देशभर में श्रमिक वर्ग मशीनों और औजारों की पूजा करता है तथा इस पर्व को धूमधाम से श्रम दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने कहा कि यदि 17 सितंबर को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित किया जाता है तो इससे श्रमिक जगत में शुभ संदेश जाएगा और श्रमिकों में उत्साह का संचार होगा। इस अवसर पर भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश संभाग सह संगठन मंत्री अनूप कुमार शर्मा, जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमन्त कुमार त्रिवेदी, भामसं के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बैरवा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुगंध दशमी व्रत की पूजा अर्चना की



**दूदू ।** दिगंबर जैन महावीर जिनालय में जैन समाज के द्वारा पर्यूषण पर्व के दौरान छठे दिन पर संयम धर्म व सुगंध दशमी व्रत की पूजा अर्चना की गई अध्यक्ष विमल कुमार छाबड़ा के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई इस दौरान महिला मंडल के मीनू काला पुष्प कला बिंदु बाकलीवाल निर्मला छाबड़ा सुनीता काला एकता दोषी आशा बोहरा सारिका लुहाड़िया की टीम द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाकर पूजा अर्चना की गई

### यादव को लोहानी ने स्वागत किया

**मनोहरपुर।** उदावाला के राजकीय विधालय में कार्यरत अध्यापक साधुराम यादव का सेवानिवृत्त समारोह बिशनगढ़ में आयोजित किया गया। समारोह मे अध्यापक साधुराम यादव का साथी अध्यापकों व ग्रामीणों ने माला साफ़ा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया। विधालय के प्रधानाचार्य,अध्यापकों ने साधुराम यादव के कार्यकाल की सराहना की। एच के लोहांनी न्यूज़ सर्विस व आईबीड़ी786 यूट्ययूब चैनल की तरफ से साधुराम यादव का भव्य स्वागत किया गया। अध्यापक साधुराम यादव के सम्मान में विचार व्यक्त करते हुए पत्रकार कैलाश संघी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हैं,व्यक्ति कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। विद्यालय में भले ही सेवाकाल पूरा हो जाए,मगर एक शिक्षक आजीवन अपने चारों ओर ज्ञान का प्रकाश फैलाया करते हैं। वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते रहते हैं। सम्मान समारोह कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के जवान भाना राम यादव, जेवीवीएनएल मनोहरपूर सहायक अभियंता कार्यालय में कार्यरत ओएस गंगा राम सैनी, अब्दुल अज़ीज़ लोहानी, मोहसिन खान,खोरा लाड़खानी के पीर मोहम्मद आदि उपस्तीथ थे।

### गार्डन में ओपन जिम की हालत खस्ता, मेंटेनेंस की दरकार

**सांभरझील।** सांसद कोटे से सांभर शहर के दो प्रमुख गार्डन गांधी बालवाड़ी व नेहरू बालोद्यान में लगाई गई ओपन जिम कई माह से खस्ता हाल है। यानी की जब से जिम की यहां स्थापना हुई थी उसके बाद से शायद ही इसकी कभी स्थानीय स्तर पर मेंटेनेंस करवाई गई हो ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिल रहा है। बता दें कि ओपन जिम में जो मशीनें लगाई जाती हैं उन्हें "आउटडोर फिटनेस इक्विपमेंट" कहा जाता है। हर मशीन का नाम उसके उपयोग के हिसाब से होता है। गार्डन (एयर वॉकर) पैरों और हाथों की मूवमेंट के लिए, वॉकिंग/जॉगिंग, (स्काई वॉकर) - लंबी चाल से पैरों की मांसपेशियों को एक्टिव करने के लिए, (चेस्ट प्रेस मशीन) - सीने और हाथों की मसल्स मजबूत करने के लिए, (लेग प्रेस मशीन) - पैरों की ताकत बढ़ाने के लिए, (शोल्डर प्रेस) - कंधों और हाथों के लिए,(रोइंग या हॉर्स राइडर) - हाथ और पैरों दोनों का व्यायाम के लिए सहित अनेक उपकरण प्रमुख रूप से होते हैं। वर्तमान में जिम उपकरण काफी पुराने हो गए हैं, जिनको दुरुस्त करवाएं जाने की दरकार है, लेकिन संभाले कौन। सांसद साहब तो अपने एमपी फंड से से लगवा कर चले गए वे तो आने से रहे, जिसके जिम्मे इस ओपन जिम की देखभाल के लिए छोड़ा यह उनकी जिम्मेदारी बनती है। नेहरू गार्डन के एक तरफ जिम का उपकरण टूटा हुआ पड़ा है जिसकी कोई सुद नहीं ली जा रही है।

### तेजाजी दशमी समारोह पूर्वक मनाई

**फुलेरा ।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों मे मंगलवार को लोकदेवता बाबा रामदेव व वीर तेजाजी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। प्रतिवर्ष भादवा माह की शुक्ल पक्ष की दशमी पर आयोजित इस लोकपर्व पर श्रद्धालु अपने-अपने अराध्य देवों की सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में शांति व खुशहाली की कामना करते हैं। इस बार भी गणगौरी बाजार स्थित रामदेव बाबा के मंदिर पर सोमवार रात्रि जागरण व भजन संध्या आयोजित हुई तथा मंगलवार को सुबह से ही विभिन्न स्थानों से लोग एकत्रित बिंदौरियां व झांकी-शोभायात्रा के साथ होकर नाचते गाते मंदिर में पहुंच कर पूजा अर्चना की। इसी तरह बिचून रोड स्थित वीर तेजाजी महाराज के मंदिर पर श्रद्धालु लोग बिंदौरी निकालते हुए पंहुचे और पूजा अर्चना की गौरतलब है कि तेजाजी को गौवंश व साँपों के देवता के रूप में पूजा जाता है, मान्यता है कि सर्पदंश के बाद तेजाजी के नाम का धागा बांधने से विष का असर कम होता है। मंगलवार शाम को मंदिर समिति की ओर से विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें फुलेरा सहित आसपास के हजारों लोगों ने शिरकत की।

### राहुल गांधी का पुतला फूंका

**दौसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दौसा में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। इंडी गठबंधन द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही वोटर अधिकार यात्रा के मंच से पीएम मोदी की माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व जिला अध्यक्ष रतन तिवाड़ी, पूर्व चेयरमैन सुरेश घोसी, राजकुमार जयसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष विपिन जैन, रामप्रसाद गुर्जर, सत्यनारायण धोंकरिया, द्वारका प्रसाद गुप्ता, विपिन डंडोरिया, दिनेश सैनी, राहुल वंशीवाल, राजेश तिवाड़ी, तपन महावर, प्रहलाद महेसरा, आलोक जैन, रामवतार, अश्वनी जोशी, रतीश, नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र राजपूत, नगर अध्यक्ष चन्द्रकान्ता हरितवाल, किरण डोरिया, भावना शर्मा, कलावती गुप्ता, सियाराम एडवोकेट, सुशीला मीणा, सतीश भेडोली आदि शामिल थे।

### नगर परिषद कार्यालय में लगेंगे शिविर

**कोटपूतली।** कलक्टर प्रियंका गोस्वामी के निर्देशन में नगर परिषद कोटपूतली द्वारा प्रगतिरत सीवरेज कार्य के सम्बन्ध में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिये विशेष षिविरों का आयोजन किया जायेगा। नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि 03 से 11 सितम्बर तक विभिन्न वार्डों में कैम्प लगाये जायेगें। इनमें वार्ड 18 से 21 के लिये 03 सितम्बर, वार्ड 22 से 25 के लिये 04 सितम्बर, वार्ड 26 से 29 के लिये 08 सितम्बर, वार्ड 30 से 33 के लिये वार्ड 38 से 40 के लिये 11 सितम्बर को कैम्प आयोजित होंगे।

# ''शहर चलो अभियान'' अंत्योदय की संकल्पना को साकार करेगा

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर शहरी क्षेत्रों में अभियान का निर्णय लिया

जयपुर, 2 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। ''शहर चलो अभियान'' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर के शहरी क्षेत्रों में चलाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उसे जमीनी स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए हैं।

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा में 4 से 13 सितम्बर तक प्री कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये, जिनमें अधिकारी वॉर्डों का दौरा कर पार्षदों से चर्चा करेंगे और समस्याओं को चिन्हित करेंगे।**




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि ''शहर चलो अभियान'' से पहले प्री-कैम्प आयोजित किए जाएं।*

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि इस अभियान से शहरी निकायों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण होगा और सेवाओं को नई गति मिलेगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान से पहले 4 से 13 सितम्बर तक प्री-कैम्प आयोजित किए जाएं, जिसमें अधिकारी वार्डों का दौरा कर पार्षदों से चर्चा करें और समस्याओं का चिन्हीकरण करें। इससे मुख्य शिविरों के दौरान लोगों को तत्काल और सुगम राहत मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत सफाई व्यवस्था में सुधार, नई स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, आवारा पशुओं की पकड़, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव व सौन्दर्यीकरण, सड़क मरम्मत जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण, पीएम सूर्यघर योजना के आवेदन प्राप्त करना, सामुदायिक भवनों, आंगनबाड़ी और विद्यालयों की मरम्मत जैसे कार्य भी अभियान के तहत संपादित किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार शहरी ही नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के सुनियोजित विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। स्वच्छता, पेयजल, सड़क और सीवरेज जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि प्रदेश का संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## चुनाव आयोग का पवन खेड़ा को नोटिस

नयी दिल्ली, 02 सितम्बर। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने दो जगह वोटर सूची में नाम होने के आरोप में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा को नोटिस भेजा है और आठ सितम्बर तक जवाब देने को कहा है।

- **पवन खेड़ा का नाम दिल्ली के दो क्षेत्रों, काका नगर और डी ब्लॉक जंगपुरा में पाया गया है।**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि खेड़ा का नाम दिल्ली विधानसभा क्षेत्र 40 के काका नगर के पते पर है और दिल्ली विधानसभा क्षेत्र 41 के डी ब्लॉक जंगपुरा के पते पर पाया गया है। खेड़ा को भेजे नोटिस में चुनाव अधिकारी ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत एक व्यक्ति के दो जगह से वोटर लिस्ट में नाम होना दंडनीय अपराध है। चुनाव अधिकारी कार्यालय ने कहा कि इस नियम के तहत उन्हें नोटिस भेजा जा रहा है और इसका जवाब निर्वाचन अधिकारी को आठ सितम्बर सुबह 11 बजे तक मिलना चाहिए।

# तेज बारिश से भिवाड़ी में अधिकांश इलाके पानी में डूबे

## घरों, दुकानों, बैंकों व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तक में पानी घुसा, सड़कें नदी बनीं

अलवर, 2 सितम्बर। भिवाड़ी में सोमवार रात से लगातार हो रही तेज बारिश ने इस औद्योगिक नगरी को जलमग्न कर दिया है। शहर के अधिकांश इलाके पानी में डूब चुके हैं, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। घरों, दुकानों, बैंकों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तक में पानी घुस गया है, वहीं सड़कें नदियों में तब्दील हो गईं हैं।

- **भिवाड़ी-धारूहेड़ा सीमा पर बना चार फीट ऊंचा रैंप पानी में पूरा डूबा।**

जानकारी के अनुसार, बारिश का सबसे ज्यादा असर यूआईटी गौरव पथ, सेंट्रल मार्केट, भिवाड़ी बायपास और भगत सिंह कॉलोनी में देखने को मिल रहा है। बस स्टैंड के आसपास भी हालात बेहद खराब हैं। सड़कों पर भरे पानी के कारण गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे, जिससे वाहन चालक अंदाजे से गाड़ियां चला रहे हैं। खिजुरिवास के पास टोल टैक्स पर हाइवे क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां गहरे गड्ढों में वाहन फंस रहे हैं, जिससे कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। दोपहिया वाहनों का चलना लगभग असंभव हो गया है।

यूआईटी थाने के सामने डेढ़ से दो फीट तक पानी बह रहा है, जिससे थाना भवन भी जलमग्न हो गया है। भिवाड़ी-धारूहेड़ा सीमा पर बना चार फीट ऊंचा रैंप भी पूरी तरह डूब चुका है। मॉडर्न पब्लिक स्कूल और सुखम टॉवर के सामने करीब पांच फीट पानी भर गया है, जो धारूहेड़ा की ओर फैल गया है। इससे धारूहेड़ा के सेक्टर 4 और 6 भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के पानी के निकास की उचित व्यवस्था न होने के कारण बाढ़ जैसे हालात बने हैं। प्रशासन की ओर से जल निकासी के प्रयास नाकाम साबित हुए हैं। न तो सड़कों पर कोई अधिकारी नजर आ रहा है और न ही सरकारी मशीनरी सक्रिय है।

ऐसे में रोटरी क्लब भिवाड़ी ने राहत कार्य की जिम्मेदारी संभाली है। क्लब की ओर से भिवाड़ी बायपास और भगत सिंह कॉलोनी में ट्रैक्टर लगाए गए हैं, जिनकी मदद से लोगों को पानी से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। अलवर शहर में सुबह से घने बादल छाए हुए हैं। रात को भी बारिश हुई। देर शाम की बारिश से अलवर शहर में कई जगहों पर दो-दो फीट पानी भर गया। बहुत से घरों के अंदर पानी चला गया। कोतवाली थाने के अंदर भी पानी भर गया।

# मोदी की पुतिन व जिनपिंग के साथ नज़दीकी पर बौखलाया अमेरिका

वॉशिंगटन, 02 सितंबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एससीओ समिट में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना की है।

- **अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापारिक सलाहकार ने तीनों नेताओं के मेलजोल पर बड़ी हल्की टिप्पणी की**
- **नवारो ने यह भी कहा कि मोदी को पुतिन व जिनपिंग के नज़दीक देखना बेहद खराब और शर्मनाक था।**

नरेंद्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नजदीकी को नवारो ने रणनीतिक भूल बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी जिस तरह जिनपिंग और पुतिन के साथ घुले-मिले, वह देखना शर्मनाक था। उनको समझना होगा कि उन्हें हमारे साथ रहना चाहिए। नवारो ने चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान जिनपिंग, मोदी और पुतिन की मुलाकात पर यह टिप्पणी की।

एससीओ समिट पर बयानबाजी करते हुए बौखलाए पीटर नवारो ने बेहद हल्की भाषा का प्रयोग भी किया। नवारो ने कहा, नरेंद्र मोदी की चीन और रूस के राष्ट्रपति के साथ नजदीकी देखना निश्चित रूप से खराब था। मुझे लगता है कि भारतीय पीएम को इससे बचना चाहिए था।

नवारो ने भारत के रुख की तुलना अमेरिका के दूसरे व्यापारिक साझेदारों से की। उन्होंने कहा, भारत ने हमारे साथ जापान, कोरिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया और यूरोपीय संघ की तरह बातचीत नहीं की है। उन्हें बस लगता है कि वे हमारे साथ अपनी मनमानी जारी रख सकते हैं। उन्हें समझना चाहिए ट्रंप ऐसा नहीं होने देंगे।

# के. चन्द्रशेखर राव की बेटी कविता भारत राष्ट्र समिति से निष्कासित

## कविता पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। पर मूल वजह कविता द्वारा अपने पिता केसीआर को लिखे गए पत्र को बताया जा रहा है, जो लीक हो गया।

हैदराबाद, 02 सितंबर। तेलंगाना की पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी एमएलसी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है। बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं। उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और संगठन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। बीआरएस ने कहा है कि पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने एमएलसी कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया है।

- **पत्र में कविता ने अपने पिता को लिखा था, पापा आपको भाजपा के खिलाफ तीखा बोलना चाहिए था, क्योंकि भाजपा की वजह से मुझे कष्ट हुआ था।**

कविता को पार्टी से ऐसे समय में बर्खास्त किया गया है, जब बीआरएस पहले से ही अंदरूनी चुनौतियों का सामना कर रही है। बर्खास्तगी से एक दिन पहले कविता ने उस समय पार्टी के भीतर तूफान खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने वरिष्ठ नेता टी. हरीश राव और पूर्व सांसद मेघा कृष्णा रेड्डी पर, उनके पिता चंद्रशेखर राव पर भ्रष्टाचार का ठप्पा लगाने का आरोप लगाया और दावा किया कि हरीश राव और संतोष कुमार ने उन्हें हाशिये पर धकेलने की साजिश रची।22 अगस्त को कविता जब विदेश में थीं, तब उन्हें अचानक तेलंगाना बोग्गु घानी कर्मिका संघम (टीबीजीकेएस) की मानद अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। उन्होंने इसे एक साजिश बताया था और कहा था कि यह कदम पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है।कविता ने आरोप लगाया था कि टीबीजीकेएस के लिए चुनाव उनकी बिना जानकारी के पार्टी दफ्तर में हुआ और यह श्रम कानूनों का उल्लंघन भी हो सकता है। उन्होंने कहा, मैंने केवल पार्टी के अंदरूनी कामकाज पर सवाल उठाया, इसी बात की मुझे सजा दी जा रही है। उन्होंने इसके लिए पार्टी के कुछ लोगों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने यह भी बताया कि बीआरएस की बैठक के बाद जो पत्र उन्होंने अपने पिता और पार्टी अध्यक्ष को लिखा था, उसका लीक होना उनके खिलाफ माहौल बनने की वजह बना। उस पत्र में कविता ने लिखा था, आप (केसीआर) ने केवल दो मिनट बोला और उसी से कुछ लोग यह अटकलबाजी करने लगे कि भविष्य में भाजपा से गठबंधन होगा। मुझे भी व्यक्तिगत रूप से लगा कि आपको भाजपा के खिलाफ और तीखा बोलना चाहिए था। शायद इसलिए क्योंकि मुझे भाजपा की वजह से ही कष्ट झेलना पड़ा। लेकिन पापा, आपको और सख्त रुख अपनाना चाहिए था।

### 'अदालत के आदेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भी प्राप्त कर ली है। इसके अलावा याचिकाकर्ता को दी जाने वाले बकाया राशि का भुगतान दो सप्ताह में कर दिया जाएगा। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई 11 सितंबर को तय करते हुए किए जाने वाले भुगतान का साक्ष्य देने और राशि अदा नहीं करने की सूरत में दोनों अधिकारियों को हाजिर होने को कहा है। अवमानना याचिका में अधिवक्ता अजय गुप्ता ने बताया कि अदालत ने याचिकाकर्ता को साल 1997 से नियमितीकरण का लाभ देते हुए उसे बकाया भुगतान करने को कहा था। इसके बावजूद विभाग की ओर से आदेश की पालना नहीं की गई।

### अफगानिस्तान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सामग्री में कंबल, टेंट, स्वच्छता किट, जल भंडारण टैंक, पोर्टेबल वाटर प्यूरीफायर, ओआरएस घोल और चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों सहित 21 टन राहत सामग्री आज काबुल पहुंच गयी।

### डॉ. दीपक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के बीच राजनयिक संबंध 1972 में स्थापित हुए थे। दोनों देशों के बीच पिछले छह-सात वर्षों में संबंध काफी मजबूत हुए हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के बाद इनमें नयी ऊर्जा आयी है। अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ-साथ वहां के कुछ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों ने भी भारत की यात्रा की है।

### आठ साल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राज्य सरकार मामले में भू-अभिलेख निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए विभागीय परीक्षा करवाए जाने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद बोर्ड ने परीक्षा नहीं करवाई। वहीं बाद में राज्य सरकार ने अवमानना याचिका में सुनवाई के दौरान शपथ पत्र दायर कर कहा कि उन्होंने 7 मार्च 2019 को विभागीय परीक्षा का विज्ञापन जारी कर आदेश की पालना कर दी है। इसके बाद भी यह विभागीय परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। जबकि परीक्षा के लिए स्वीकृत पदों पर डीपीसी के जरिए कनिष्ठ कार्मिकों को पदोन्नति दे दी है। इसलिए अदालती आदेशों की पालना करवाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने रैवेन्यु बोर्ड के रजिस्ट्रार से शपथ पत्र पेश करने को कहा है।

# 'पश्चिमी देशों की सारी मेहनत ट्रंप ने बर्बाद कर दी'

वाशिंगटन, 02 सितंबर। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार जॉन बोल्टन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की आलोचना की है। जॉन बोल्टन का कहना है सोवियत संघ से नजदीकी और चीन से बढ़ ते खतरे के बावजूद पश्चिमी देशों ने भारत के साथ रिश्ते मजबूत किए थे, लेकिन ट्रंप के टैरिफ ने दशकों पुरानी सारी मेहनत बर्बाद कर दी।

- **अमेरिका के पूर्व एनएसए जॉन बोल्ट ने कहा, पश्चिमी देशों ने कई दशकों की मेहनत के बाद भारत को रूस से दूर किया था।**
- **जॉन बोल्टन ने कहा, अमेरिका की नीति से हटकर ट्रंप पाकिस्तान व उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर को खुश करने में लगे हैं।**

जॉन बोल्टन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट शेयर करते हुए ट्रंप की जमकर आलोचना की। बोल्टन का कहना है कि ट्रंप आर्थिक दृष्टिकोण अपनाकर रणनीतिक फायदों को खतरे में डाल रहे हैं।

जॉन बोल्टन ने यहां तक कह दिया कि ट्रंप के कारण चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्वी देशों के साथ अपने रिश्ते सुधारने का मौका मिल गया है। जॉन बोल्टन के अनुसार, ''पश्चिमी देशों ने भारत को सोवियत संघ, यानी रूस और चीन से दूर रखने में दशकों लगा दिए थे। डॉनल्ड ट्रंप ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति के कारण सारे प्रयासों पर पानी फेर दिया।''

प्रमुख अमेरिकी वकील ने कहा कि ट्रम्प के फैसले का नुकसान पूरे देश को भुगतना होगा। ट्रम्प ने अपने निजी फायदे के लिए भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ये ट्रम्प की विदेश नीति का वो पहलू है जिसे अभी तक नहीं उठाया गया।

उन्होंने कहा कि ट्रम्प, अमेरिका की विदेश नीति से अलग हटकर पाकिस्तान और सेना प्रमुख आसिम मुनीर को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि अमेरिका हमेशा से भारत के साथ अच्छे रिश्ते रखना चाहता है। भारत से अच्छे रिश्ते बनाने में अमेरिका को फायदा है।

### 'कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना की। आप ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आप के शीर्ष नेताओं के खिलाफ जानबूझकर वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा। केजरीवाल के खिलाफ संदीप दीक्षित, सिसोदिया के खिलाफ फरहाद सूरी तथा आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारा गया। आप ने इसे कांग्रेस की सुविचारित रणनीति का प्रमाण बताया। बात यहीं नहीं रुकी, दिल्ली में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की एक विवादास्पद तस्वीर भी वायरल हुई, जिसमें कांग्रेस नेता देवेन्द्र यादव मंच पर आप की बागी सांसद स्वाति मालीवाल के साथ खडे दिखाई दिए।

# प. बंगाल विधानसभा में भारी हंगामा

कोलकाता, 02 सितंबर। पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी को विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। यह विशेष सत्र बंगाली भाषी प्रवासियों के कथित उत्पीड़न की निंदा करने वाले प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बुलाया गया था। चर्चा के दौरान शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने भाषण दिया। तभी शुभेंदु अधिकारी ने बीच में खड़े होकर विरोध जताया और आरोप लगाया कि मंत्री ने भारतीय सेना के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।

- **नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी एक दिन के लिए विधानसभा से निलंबित।**

शुभेंदु अधिकारी ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु की टिप्पणी को कार्यवाही से हटाया जाए। लेकिन अध्यक्ष ने यह मांग खारिज कर दी। अध्यक्ष ने कहा, आप लगातार भाषणों में बाधा डाल रहे हैं और अपनी सीट छोड़ रहे हैं। मुझे मजबूरन आपको दिनभर के लिए निलंबित करना पड़ रहा है। इस फैसले पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक मेज थपथपाकर खुशी जताने लगे।

इसके बाद भाजपा विधायकों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने, ''हमें नहीं चाहिए यह तुष्टिकरण वाली ममता सरकार'' सहित कई नारे लगाये।

अपने भाषण में शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि सेना ने गांधी प्रतिमा (मायो रोड) के पास टीएमसी का एक धरना पंडाल हटाया था। उन्होंने इस घटना की तुलना 1952 के भाषा आंदोलन से की, जब पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में लोग अपनी मातृभाषा और पहचान की रक्षा के लिए शहीद हुए थे। उनकी इसी टिप्पणी को शुभेंदु अधिकारी ने सेना का अपमान बताया।

### चन्द्रबाबू नायडू के राजनीतिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

महत्वाकांक्षा की ओर संकेत करते हुये कहा, ''अगर परिस्थितियाँ अनुकूल हुईं, तो नायडू एक व्यापक गठबंधन के सर्वसम्मति चेहरे के रूप में उभर सकते हैं।'' राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि नायडू का दिल्ली की राजनीति में किंगमेकर की भूमिका निभाने का इतिहास रहा है। बीते तीन दशकों में अनेक राजनीतिक तूफानों को झेलने के बाद उन्होंने एक रणनीतिकार और सर्वाइवर होने की प्रतिष्ठा अर्जित कर ली है। क्षेत्रीय हितों और राष्ट्रीय राजनीति के बीच संतुलन बनाने की उनकी क्षमता उन्हें गठबंधन राजनीति के दौर में अक्सर अपरिहार्य सिद्ध कर चुकी है।

जहां एक ओर टीडीपी अपने नेता के 30 साल पूरे होने का गौरवपूर्ण जश्न मना रही है, वहीं विश्लेषकों का मानना है कि नायडू की यह उपलब्धि राष्ट्रीय राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है। मोदी सरकार के लिए, जो पहले ही राजनीतिक उथल-पुथल से गुजर रही है, अमरावती से उठते संकेत एक और नई चुनौती बन सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी की जमानत बरकरार रखी

## उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद को हाई कोर्ट ने जमानत दी थी

उदयपुर, 2 सितम्बर (का.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने उदयपुर के चर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद की जमानत को बरकरार रखा है।

- **कन्हैया लाल के पुत्र यश तेली और राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोपी की जमानत रद्द करने की मांग की थी।**

मोहम्मद जावेद को राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा जमानत दी गई थी और सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने कहा कि आरोपी की उम्र अपराध के समय मात्र 19 साल थी और मुकदमा अभी शुरुआती चरण में है, ऐसे में हाईकोर्ट द्वारा दिए गए जमानत मंजूर करने के आदेश में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।

उल्लेखनीय है कि पीड़ित कन्हैयालाल के बेटे यश तेली और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआई) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जावेद को हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत रद्द करने की मांग की थी। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट ने आरोपी के खिलाफ मौजूद अहम सबूतों को नजरअंदाज़ किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी पर हत्या की साजिश रचने में मदद का गंभीर आरोप है।

आपको बता दें कि जून 2022 में उदयपुर के टेलर कन्हैयालाल की दुकान में आरोपियों मो. रियाज और मो. गोस ने दिनदहाड़े गला काटकर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था।

हत्या का कारण यह बताया गया कि कन्हैयालाल ने भाजपा की तत्कालीन राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद संबधी बयान के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी। जांच में सामने आया कि कई अन्य लोगों ने हमलावरों को सहयोग ि3दया, जिनमें से जावेद पर हत्यारों को कन्हैयालाल की गतिविधियों की जानकारी देने का आरोप है।

5 सितंबर, 2024 को राजस्थान हाईकोर्ट ने जावेद को यह कहते हुए जमानत दी थी कि उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बैंच ने कहा कि मुकदमे में कुल 166 गवाह हैं, जिनमें अब तक केवल 8 की गवाही हुई है।

सुनवाई लंबी चल सकती है, इसलिए आरोपी को जमानत से वंचित करना उचित नहीं होगा।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट की टिप्पणियों से निचली अदालत प्रभावित न हो और जावेद को दी गई जमानत का मतलब यह नहीं कि उसे किसी अन्य राहत का हकदार माना जाए। एनआईए और पीड़ित पक्ष की याचिका खारिज कर अदालत ने निचली अदालत को निष्पक्ष सुनवाई का निर्देश दिया।

# चीन, रुस नॉर्थ कोरिया व ईरान,...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चीन के सामने झुकता हुआ दिखाई दे रहा है। कम से कम फिलहाल के लिए तो रूस चीन से मिले पैसों, हथियारों और पुर्ज़ों के बिना शायद ही टिक पाए। उत्तर कोरिया तो रूस को यूक्रेन में ज़मीन पर लड़ाई लड़ने के लिए अपने सैनिक तक दे रहा है। ईरान पर भी रूस बहुत ज़्यादा निर्भर है, खासकर यूक्रेन में युद्ध के लिए ड्रोन मुहैया कराने के मामले में। इस पूरे घटनाक्रम में भारत, रूस और चीन के साथ खड़ा दिखता है, लेकिन इस नए गठबंधन में वो मुख्य खिलाड़ी नहीं हो सकता है। दरअसल, इस गठबंधन का असली केन्द्र चार देश हैं, चीन, रूस, उत्तर कोरिया और ईरान।

इस एस.सी.ओ. बैठक ने अमेरिका के प्रयासों और उसकी स्थिति को भारी चोट पहुंचाई है। अमेरिका ने रूस को दुनिया से अलग-थलग करने की रणनीति अपनाई थी, लेकिन हुआ बिल्कुल उल्टा। अब रूस अकेला नहीं है, बल्कि उल्टा अमेरिका ही अकेला पड़ता दिख रहा है।

भारत की स्थिति कुछ अलग है। अमेरिका के अहंकारी रवैये के कारण भारत को इस नए वैकल्पिक समूह में शामिल होना पड़ा, लेकिन फिर भी वह उसका मुख्य हिस्सा नहीं है।

भारत ने चीन द्वारा खड़े किए जा रहे इस नए वैश्विक ढांचे की बैठक में ज़रूर हिस्सा लिया, लेकिन वह अभी भी इस गठबंधन के बाहर ही खड़ा है और दोनों नए ध्रुवों से कुछ दूरी बनाए हुए है। वहीं अमेरिका के साथ भी उसके रिश्ते ट्रंप की अक्खड़ और हुक्म देने वाली शैली के कारण बिगड़ चुके हैं।

चीन के नेतृत्व वाली ''कोर फॉर्मेशन'' से भारत की दूरी उस समय साफ नज़र आई जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पुतिन, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और ईरान के राष्ट्रपति के साथ खड़े होकर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया। भारत बीजिंग में बैठकर चीन की ऐसी सैन्य परेड का हिस्सा नहीं बन सकता। भारत के लिए ज़रूरी है कि वह अपनी सैन्य शक्ति को इतना मज़बूत करे कि चीन की ताकत का सामना कर सके और अपनी सीमाओं की रक्षा कर सके।

भारत और चीन के बीच दोस्ती के दिखावे के बावजूद तनाव के मुद्दे बने हुए हैं, जिन्हें हमेशा के लिए नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। ठीक वैसे ही जैसे रूस और चीन के बीच अनंत दोस्ती के वादे भी असली मतभेदों को छुपा नहीं सकते। इस बैठक ने दिखा दिया है कि दुनिया के रणनीतिक ढांचे में बड़ा बदलाव हो रहा है। इस नए ढांचे में भारत अलग-थलग लेकिन मज़बूत शक्ति केंद्र बनकर खड़ा है। जबकि, पश्चिमी देश और चीन की अगुवाई वाला नया गठबंधन अब दो ध्रुवों के रूप में उभर रहे हैं। इस नए ढांचे का सबसे अहम पहलू यह है कि रूस अब एक बड़े खिलाड़ी और पश्चिमी गठबंधन को संतुलित करने वाली ताकत की भूमिका से पूरी तरह बाहर हो चुका है। वह अब चीन का अधीनस्थ बन गया है, चाहे बाहर से कुछ और दिखाने की कोशिश क्यों न हो।

पश्चिमी मीडिया पहले ही इस नए गठबंधन को ''अस्थिरता की धुरी'' कहने लगा है, जिसमें चीन, रूस, उत्तर कोरिया और ईरान मुख्य भूमिका में हैं।

यह पूरा घटनाक्रम दिखाता है कि कोई देश कितनी जल्दी और कितनी बुरी तरह गिर सकता है। कभी निकिता ख्रुश्चेव से लेकर लियोनिद ब्रेज़नेव के दौर में रूस दुनिया की महाशक्ति था, हथियारों और विज्ञान-तकनीक दोनों में श्रेष्ठ। लेकिन आज वह ताकत खत्म हो चुकी है। शीतयुद्ध का दौर रूस के लिए कहीं ज्यादा गरिमा और ताकत वाला था, बनिस्बत आज के, जब अपने एकमात्र सहारे के रुप में वो चीन से दोस्ती दिखाने को मजबूर है। आज का रूस भूल गया है, जॉन मिल्टन की ''पैराडाइज़ लॉस्ट'' की वह अमर पंक्ति, जिसमें शैतान कहता है, नरक में राजा बनना बेहतर है, बजाय इसके कि स्वर्ग में नौकर बना जाए। यूरोपीय संस्कृति और सोच से जुड़े रहने वाला रूस अब एक अलग ही रास्ते पर चल पड़ा है और एक बीते हुए साम्राज्य के गलत सपनों के पीछे भाग रहा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908